CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :22°C न्यूनतम: 10°C
सेंसेक्स निफ्टी 72,989.93 22,082.65
सोना चांदी 88,940 96,500

हल्द्वानी, बुधवार 5 मार्च 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 195 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2081 | 4 रमजान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## भारत ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में




### सेमीफाइनल में कंगारूओं को चार विकेट से हराया

**दुबई।** विराट कोहली की शानदार पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और -शेष पृष्ठ दो पर

## 2040 में चांद पर कदम रखेगा भारतीय: डा. नारायणन

**कहा: भारत 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुड़की।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने मंगलवार को कहा कि मानव मिशन के तहत वर्ष 2040 में चांद पर भारतीय कदम रखेगा।

श्री नारायणन ने उत्तराखंड के रुड़की स्थित आईआईटी में मंगलवार को छठवीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में इस आशय की घोषणा की। इस कॉन्फ्रेंस में दक्षिण कोरिया, कैलिफोर्निया (यूएसए) नीदरलैंड, कनाडा जैसे कई देशों से वैज्ञानिक शामिल होने पहुंचे थे। डा. नारायणन के अनुसार भारत वर्ष 2040 में चांद की सतह पर कदम रखेगा। इसरो चेयरमैन आईआईटी-रुड़की में आयोजित इंडियन प्लेनेटरी कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि मीडिया से मुखातिब हुए और यह बात कही। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चांद की सतह पर भारतीय नागरिक के पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। साथ ही भारत सन 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा।

## चौथा रोज़ा

### अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार का वकील है चौथा रोज़ा

रोजा नेकी का छाता है। जिस तरह छतरी या छाता बारिश या धूप से अपने लगाने वाले की हिफाजत करता है, ठीक उसी तरह रोजा भी रोजेदार की हिफाजत की गारंटी है। शर्त यह है कि रोजा शरई तरीके से रखा जाए। अहकामे-शरीअत यह है कि रोजा रखने में बुग्ज, फरेब, फसाद, झूठ और बेईमानी से बचा जाए। जाहिर है कि कोई शख्स जब नेक नीयत और अच्छे जज्बे के साथ रोजा रखता है, अल्लाह की रजामंदी हासिल करने के लिए रोजा रखता है यह सोचकर रोजा रखता है कि अल्लाह सब देख रहा है यानी अल्लाह के खौफ का ख्याल करके रोजा रखता है तो उसमें पाकीजगी-ए-ख्यालात पैदा होती है जो नेक अमल के जरिये रोजे को रोजदार का पैरोकार बनाती है। यानी परहेजगारी के साथ रखा गया रोजा अल्लाह के सामने रोजादार की ईमानदारी का तो तरफदार है ही, पाकीजगी का पैरोकार भी है। परहेजगारी से रखा गया रोजा खुद सिफारिश बनकर रोजदार के लिए अल्लाह की नेमतों के दरवाजे खोलता है।

## राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा देने में नाकाम: सुप्रीम कोर्ट

### कहा: इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिला, केंद्र जरूरी गाइडलाइन बनाए

**याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत में कहा प्राइवेट अस्पतालों की फार्मेसी से महंगी दवाई खरीदने को किया जाता है मजबूर**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि देश में राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए।

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका लगाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें।



### ग्रीनपोलिस आवास परियोजना विवाद: शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को दी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के गुरुग्राम की 'ग्रीनपोलिस आवास परियोजना' विवाद में याचिकाकर्ताओं (फ्लैट खरीदने वाले) को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देने के साथ ही मंगलवार को मामले का निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मुकेश कंवल (फ्लैट खरीदारों में शामिल) और अन्य की रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित उच्च न्यायालय में रिट याचिका या सिविल मुकदमा दायर करके कानून के तहत उचित उपाय का लाभ उठाने की स्वतंत्रता देने के साथ मामले का निपटारा किया। 'मुकेश कंवल बनाम हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम' का यह मामला शीर्ष अदालत के समक्ष 15 जनवरी 2024 को दाखिल किया गया।

### किसी को पाकिस्तानी कहना गलत, पर अपराध नहीं: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना आईपीसी की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में यह टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी, लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय पाकिस्तानी कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि नि:स्संदेह, दिए गए बयान सुनने में ठीक नहीं लगते हैं, लेकिन इससे सूचना देने वाले की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती।

## आठ वर्षों में बदली यूपी की किस्मत: योगी

### देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही वहीं 2017 में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी है।

विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान श्री योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य और सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसटीपी 12.75 लाख करोड़ तक पहुंच सकी, जबकि 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ होने जा रही है। देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश, देश के अंदर दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-2024 में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52,671 रुपये थी, वर्ष 2023-2024 में 93,514 रुपये है। 2016-17 में कुल राजस्व प्राप्तियां 2 लाख 56 हजार करोड़ रुपये हुई थीं। चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 4 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। यह निरन्तर आगे बढ़ेगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रेवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया है। बीते आठ वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया। -शेष पृष्ठ दो पर



## विधानसभा में गुटखा खाकर थूकने पर स्पीकर सतीश महाना नाराज



**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में मंगलवार को एक सदस्य के गुटखा खाकर थूकने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विधानभवन को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी 403 सदस्यों की है।

विधानसभा के बजट सत्र में सदन की मंगलवार की कार्यवाही शुरू होते ही श्री महाना ने कहा कि सदन में एक माननीय सदस्य ने गुटखा खाकर गंदगी फैलाई है। सूचना मिलने पर मैंने वीडियो के जरिये उक्त सदस्य को गंदगी फैलाते देखा है। मैं सार्वजनिक रूप से उनका नाम नहीं लूंगा, मगर उक्त सदस्य का दायित्व है कि वह स्वयं आकर उनसे मिलें। नहीं मिलने की दशा में मैं खुद उन सदस्य को बुला लूंगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा को साफ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ मेरी नहीं है बल्कि सभी 403 सदस्यों की है जो प्रदेश की 21 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए मेरी अपील है कि सभी सदन समेत समूचे विधानभवन को स्वच्छ रखने में सहयोग दें।




### बुलंदशहर में कार रजवाहे में गिरी, 4 मरे

**बुलंदशहर।** उप्र के बुलंदशहर जिले में कार के रजवाहे (बंबे) में गिर जाने से एक परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि मंगलवार भोर करीब पांच बजे यह हादसा उस समय हुआ जब अमरोहा के सदर तहसील क्षेत्र स्थित गांव नगला नसीर निवासी एक परिवार बुलंदशहर के ही सिकंदराबाद क्षेत्र स्थित नगला गांव में आहूत शादी समारोह में भाग लेने के बाद कार से अपने घर वापस लौट रहा था कि उनका वाहन गुलावठी थाना क्षेत्र के पितवास बम्बे के पास एक बालक को बचाने के प्रयास में पलट कर बम्बे में गिर गया। इस हादसे में निपेंद्र (45), हर्ष (10) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निपेन्द्र के पुत्र वंश (16) और 15 वर्षीय वंशिका की जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। कार सवार पांचवें व्यक्ति 39 वर्षीय कन्हैया का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### औरंगजेब पर अबू आजमी ने बयान वापस लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ से शुरू हुए विवाद के बाद अपना बयान वापस ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है, लेकिन फिर भी मेरी बात से कोई आहत हुआ है, तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। बीते दिन आजमी ने कहा था कि हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी।

## सड़क हादसों में घायलों को मुफ्त इलाज इसी महीने से

**डेढ़ लाख रुपये तक खर्च सरकार वहन करेगी**
**हरियाणा-पंजाब समेत छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट कामयाब रहा**

**नई दिल्ली।** सड़क हादसों में घायलों को मार्च 2025 से डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। ये आदेश प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुड्डूचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो सफल रहा। एनएचएआई ऑफिसर ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू हो जाएगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेंगे। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा।

## माधबी बुच को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**शेयर फ्रॉड मामले में सेबी की पूर्व चेयरपर्सन समेत छह अफसरों पर FIR दर्ज करने पर रोक**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी।

बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है। इसलिए आदेश पर रोक लगा दी गई है। मुंबई की एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शनिवार (1 मार्च 2025) को शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में एफआईआर का आदेश दिया था। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया था। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।



## मोदी ने किया पशु संरक्षण केंद्र वनतारा का उद्घाटन

जामनगर, वार्ता

**पीएम ने जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया**

**पीएम नरेन्द्र मोदी** ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर में स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया।

वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। प्रधानमंत्री ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया, और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की पहल पर वनतारा को बनाया गया है। वनतारा पहुंचने पर अंबानी परिवार ने पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। शंख ध्वनियों व मंत्रोच्चार और लोककलाकारों के गायन-वादन के बीच प्रधानमंत्री ने वनतारा का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने परिसर में बने मंदिर में हुई पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। वनतारा में जानवरों के लिए विशेष रूप से तैयार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का मुआयना करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने वहां विशेष चिकित्सीय उपकरणों जैसे डायग्नोस्टिक सूट में सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और एंडोस्कोपी का लाइव प्रदर्शन देखा।



### मोदी ने सफेद शेर बाघ व गैंडा के शावकों को पिलाया दूध

**जामनगर।** पीएम मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का शंख ध्वनियों, मंत्रोच्चार और लोक कलाकारों के गायन-वादन के बीच उद्घाटन किया और सफेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को अपने हाथों से दूध पिलाया। वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। 'वनतारा' की ओर से विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्व स्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया।



# यूपी में आठ आईपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ, वार्ता

यूपी सरकार ने आठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आगरा के पुलिस आयुक्त को मेरठ भेजा है, जो लखनऊ में ही पुलिस अधीक्षक सतकर्ता अधिष्ठान के पद पर तैनात शगुन गौतम का पुलिस अधीक्षक एपीटीसी के पद पर सीतापुर तबादला किया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन अधिकारियों में आईजी-डीआईजी रेंज के अधिकारी शामिल हैं। वाराणसी में तैनात 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी डा. एजिलरसन को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त के पद से हटाकर अब पुलिस महानिरीक्षक यूपी-112 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा लखनऊ के पुलिस उपमहा. निरीक्षक एटीएस मनोज कुमार सोनकर को उपमहानिरीक्षक पीएसी




■ आगरा के पुलिस उपायुक्त को मेरठ भेजा, शगुन गौतम भेजी गईं सीतापुर

वाराणसी भेजा गया है। राजेश कुमार सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक कमिश्नरेट कानपुर नगर से संयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी तैनात किया गया है। बलिया में वसूली मामले के बाद उपमहानिरीक्षक के पद से हटाए गए देवरंजन वर्मा, जो अभी तक प्रतीक्षारत थे, उन्हें अब पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में डीआईजी रूल मैनुअल के पद पर तैनाती दी गई है। कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात आशीष श्रीवास्तव को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात श्रीमती अपर्णा गुप्ता को लखनऊ में पुलिस मुख्यालय में अधीक्षक के पद पर तैनाती दी गई है। इसी तरह आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात सूरज कुमार राय को मेरठ में सेनानायक छठीं वाहिनी पीएसी भेजा गया है। राज्य सरकार ने कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। तबादले में कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, आगरा और बलिया के आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार, आशीष श्रीवास्तव, मनोज कुमार सोनकर, श्रीमती अपर्णा गुप्ता, शगुन गौतम, डा. एजिलरसन, सूरज कुमार राय और देवरंजन वर्मा का नाम शामलि हैं।

# जातीय जनगणना पर विपक्ष का विधान परिषद से वाकआउट

## समाजवादी पार्टी ने लगाया कुलपतियों की नियुक्ति में भेदभाव बरतने का आरोप

लखनऊ, वार्ता

विधान परिषद में मंगलवार को समाजवादी पार्टी सदस्यों ने जातीय जनगणना की मांग को लेकर वाकआउट किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में जातीय समीकरणों का ध्यान न रखने और भेदभाव का आरोप लगाया। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि दलितों और पिछड़ों के हितों से समाजवादी पार्टी सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है। अखिलेश चालीसा पढ़ना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है।

समाजवादी पार्टी के आशुतोष सिन्हा ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये मामला उठाते हुए कहा कि जातीय जनगणना न कराए जाने से सभी वर्गों में निराशा है। डा. मान सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश के 34 कुलपतियों में 11 क्षत्रिय, 11 ब्राह्मण, 4 वैश्य, दो कायस्थ, तीन ओबीसी और तीन एससी-एसटी हैं। शीर्ष 100 कार्पोरेट कंपनियों में आरक्षित वर्ग की भागीदारी शून्य है।



■ सपा का दलितों व पिछड़ों से कोई लेना-देना नहीं: केशव मौर्य

यही वजह है कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी सदस्य किरणपाल कश्यप ने कहा कि आरक्षित वर्ग के साथ भेदभाव किया जा रहा है। भाजपा ने वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव केशव प्रसाद मौर्य का चेहरा आगे करके लड़ा था, लेकिन सीएम उन्हें नहीं बनाया। उन्होंने नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य की ओर इशारा करते हुए कहा कि उनका भविष्य भी जातीय जनगणना होने पर ही सुरक्षित रह सकेगा। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि न्यायपालिका से लेकर थानाध्यक्षों की तैनाती तक में आरक्षित वर्ग का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कुलपतियों की तैनाती में भी आरक्षण का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कहा गया था कि समाजवादी पार्टी शासन में एसडीएम के 56 के 56 पद यादव जाति के अभ्यर्थियों से भर दिए गए। सरकार यह सूची जारी करे। अगर सही होगा, तो वह समा. जवादी पार्टी के साथ-साथ सदन की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे देंगे। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सामाजिक समीकरणों का शानदार गुलदस्ता है। भाजपा और वह खुद जातीय जनगणना के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन, वर्ष 2004 से 2014 तक जब केंद्र में समाजवादी पार्टी समर्थित यूपीए की सरकार थी, तब यह मामला क्यों नहीं उठाया। चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न हमारी सरकार ने दिया। मुलायम सिंह यादव को सम्मानित करने का काम किया। इस पर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि भारत रत्न से पेट नहीं भरा करता और इसके बाद समाजवादी पार्टी के सभी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### सपा के लोग अखिलेश को मुंगेरी लाल के सपने दिखा रहे

डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा के लोग पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को 2027 में सत्ता पाने के मुंगेरी लाल के सपने दिखा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दलों के शासन में आरक्षित वर्ग का जो नुकसान हुआ है, भाजपा सरकार उसकी भरपाई करने का प्रयास कर रही है। जातीय जनगणना का विषय केंद्र का है। भाजपा के ही डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने भारत रत्न को लेकर नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी को अपमानजनक बताया। कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये ही निर्दल समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल और डा. आकाश अग्रवाल ने 40 हजार बेसिक शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन की मांग उठाई।

## संक्षिप्त समाचार

### मद्रास, बॉम्बे हाईकोर्ट में आठ न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सरकार ने मद्रास और बॉम्बे उच्च न्यायालयों में कुल आठ न्यायाधीशों की नियुक्ति की है जिनमें चार मद्रास उच्च न्यायालय और चार मुंबई उच्च न्यायालय के लिये हैं। विधि एवं न्याय मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें मद्रास उच्च न्यायलय में नियुक्त चार और मुंबई उच्च न्यायालय में नियुक्त तीन न्यायाधीश इन न्यायालयों में अपर न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे। इन्हें उनके वर्तमान न्यायालयों में स्थायी किया गया है। मुंबई न्यायालय में चौथी नियुक्ति अपर न्यायाधीय के पद के लिए है, जो आगामी अगस्त से एक वर्ष के लिए प्रभावी होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए इन उच्च न्यायालयों में स्थायी न्यायाधीश/अपर न्यायाधीश के रूप में नियुक्त की है। विज्ञप्ति के अनुसार मद्रास उच्च न्यायालय में जिन अपर न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है, उनमें न्यायाधीश सर्वश्री रामासामी शक्तिवेल, पी. धनबल, चिन्नास्वामी कुमारप्पन और कंडासामी राजशेखर का नाम शामिल है। बॉम्बे उच्च न्यायालय में अपर न्यायाधीश सर्वश्री शैलेश प्रमोद ब्रह्मे, फिरदौस फिरोज पूनीवाला और जितेन्द्र शांतिलाल जैन को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति दी गई है।

### आरटीआई को कमजोर कर रही है मोदी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर डेटा संरक्षण कानून के नाम पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उन लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए जिन्होंने राशन कॉर्ड, मनरेगा तथा जन-कल्याण की योजनाओं में घोटाला किया है और सरकारी बैंकों से ऋण लेकर विदेश भागे हैं। खड़गे ने कहा कि एक तरफ़ गलत सूचना और भरमाने वाली सूचना देने में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ़ मोदी सरकार पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा लागू किए गए सूचना के अधिकार आरटीआई को डेटा संरक्षण क़ानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा

# निवेश के नाम पर जनता को दिया धोखा

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के झूठ और लूट की पोल लगातार खुल रही है। सरकार ने निवेश के नाम पर जनता को धोखा दिया। इनकी धोखाधड़ी लगातार सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना जांच पड़ताल के फर्जी कम्पनियों से एमओयू किया।

भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट के नाम पर लाखों करोड़ के निवेश का दावा किया, लेकिन जमीन पर कहीं निवेश नहीं दिखाई देता है। सरकार का झूठ का गुब्बारा अब हर दिन नए-नए रूप में दिखाई दे रहा है। सरकार बिना सोचें समझे झूठ का रिकार्ड बनाने के लिए जो जहां मिल गया उसे बुलाकर एमओयू कर लिया। अब एमओयू को लेकर जो जानका. रियां आ रही है वह बेहद गंभीर है। सरकार की नीयत को उजागर करती है। प्रदेश के 75 जिलों में डाटा सेंटर बनाने का जिम्मा लेने वाली ब्यू नाऊ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और ब्यू नाऊ इंफ्राटेक फर्जी निकली। एमओयू की आड़ में मास्टर माइंड निवेशकों से हजारों करोड़ रुपये ठगकर विदेश भाग रहा था। इससे पहले भी खबरें आयी थी कि अमे. रिका के जिस विश्वविद्यालय के पास छात्र नहीं थे प्रदेश सरकार ने उसके साथ नॉलेज पार्क के नाम पर एमओयू कर लिया। यादव ने कहा कि इन्वेस्टर मीट में सरकार के तमाम निवेशक मेहमान दोबारा लौटे ही नहीं।

सरकार ने इन्वेस्टर मीट के नाम पर जनता की आंख में धूल झोंका, भाजपा सरकार बेईमानी की नीति पर चल रही है। ठगी और बेईमानी का धंधा जोरो पर है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता से असत्य बोलकर धोखा दे रही है। इसके फर्जी निवेशक भी वही कर रहे हैं। सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए धोखेबाजों और ठगों को संरक्षण देते हुए तमाम झूठे एमओयू कर लिए हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार में एक भी उद्योग नहीं लगा और जो उद्योग पहले से लगे थे वे भी या तो बंद हो गए हैं या फिर बिक रहे है। किसी नौजवान को नौकरी नहीं मिल रही है।



■ सरकार ने बिना जांच-पड़ताल के फर्जी कंपनियों से किया एमओयू जमीन पर दिखाई नहीं देता निवेश

### डबल इंजन सरकारें बेटियों के लिए अभिशाप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों में बेटियों के साथ हर रोज अपराध हो रहे हैं और ज्यादा घटनाओं में भाजपा नेताओं के नाम आ रहे हैं, लेकिन सरकार ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटियों की सुरक्षा के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री दावे तो बड़े-बड़े करते हैं, लेकिन सच क्या हैं यह पूरे देश के सामने है। देश में जहां भी भाजपा की 'डबल इंजन' की सरकारें हैं वह प्रदेश बेटियों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। हरियाणा, मध प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, राजस्थान जहां देखो, बेटियों के साथ कई घिनौने अपराध हुए हैं और पुलिस इन मामलों में मूकदर्शक बनी हुई है।

### मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार न्यायसंगत नहीं: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी मायावती ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकारों पर मुसलमानो के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। सुश्री मायावती ने मंगलवार को कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां सभी धर्मों को सम्मान दिया जाता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों का पक्षपातपूर्ण रवैया चिंताजनक है। उन्होंने एक्स पर लिखा- भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को लेकर पाबन्दियां व छूट से सम्बंधित जो नियम-कानून हैं, उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। इससे समाज में शान्ति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक, जो अति-चिन्तनीय। सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें।

# बजरंग बली की गदा है डीबीटी: सीएम योगी

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान उन्होने कहा कि डीबीटी ने भ्रष्टाचार की कमर पर सबसे कठोर प्रहार किया है।

डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। डीबीटी में लाभार्थी का पैसा सीधे खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017-18 में 122.84 करोड़ का डिजिटल ट्रांजेक्शन था। 2024-25 में बढ़कर (दिसंबर 2024 तक) 1024. 41 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन यूपी से हुआ है। डिजिटल लेनदेन में यूपी देश में नंबर एक है। आधे से अधिक लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हुए हैं। डिजिटल ट्रांजेक्शन यह दिखाता है कि डिजिटल बैंकिंग आसान हुई है। गांवों तक इंटरनेट, वाई-फाई की सुविधा मिली है। वित्तीय जागरूकता व उपक्रमों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में एक वर्ष में 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों तक एक लाख 11 हजार 637 करोड़ का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। सीएम ने बताया कि यूपी में अप्रैल 2000 से जून 2017 तक 3303 करोड़ रुपये का एफडीआई (फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट) आया था। 2017 से 2024 तक यूपी में 14 हजार 8 करोड़ रुपये से अधिक का एफडीआई आया है। यह बताता है कि प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ा है। योगी ने कहा कि बैंकिंग तंत्र अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। 2016-17 में यूपी में बैंकों में 12 लाख 75 हजार करोड़ रुपये जमा होते थे, जबकि 2024-25 में यह राशि 29 लाख 66 हजार करोड़ रुपये हो गई यानी सवा दो गुने से अधिक जमा हुए हैं। 2016-17 में प्रदेश का सीडी रेसियो मात्र 44.45 फीसदी था, जो बढ़कर आज 61 फीसदी पहुंचा है।



■ बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कर रही है कठोर प्रहार

## अर्थ व्यापार

# सेंसेक्स नौ माह बाद 73 हजार अंक से नीचे

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने के बाद विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, मारुति, रिलायंस, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स नौ महीने बाद 73 हजार अंक से नीचे बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक टूटकर नौ महीने बाद 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 72,989.93 अंक पर आ गया। इससे पहले 04 जून 2024 को यह 72,079.05 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 अंक पर रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और



छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे बाजार को समर्थन मिला। मिडकैप 0.08 प्रतिशत बढ़कर 38,721.96 अंक और समॉलकैप 1. 28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,325.88 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2221 में लिवाली जबकि 1737 में बिकवाली हुई, वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 में तेजी जबकि 28 में गिरावट रही। बीएसई के सात समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे सीडी 0.18, एफएमसीजी 0.40, आईटी 0. 77, दूरसंचार 0.45, ऑटो 1.13, टेक 0.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत गिर गए। वहीं कमोडिटीज 0.62, ऊर्जा 0.62, हेल्थकेयर 0.60, इंडस्ट्रियल्स 1.29, बैंकिंग 0.51, कैपिटल गुड्स 1.41, तेल एवं गैस 1.10, पावर 0.65 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.04 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 1.86, जापान का निक्केई 1.20 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.28 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.22 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 269 अंक लुढ़ककर 72,817.34 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 72,633.54 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 73,033.18 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों की गिरावट के प्रभाव से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 82 रिंगिट लुढ़ककर 4600 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की तेजी के साथ 43.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत...**

उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 43 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की और भारत को संभाला। श्रेयस हालांकि अर्धशतक लगाने से चूक गए और 62 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस के आउट होने के बावजूद कोहली क्रीज पर डटे रहे और भारत को जीत के करीब लेकर गए। कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन एडम जैम्पा की गेंद पर बड़ा शाट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। कोहली के आउट होने के बाद केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने मोर्चा संभाला। हार्दिक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और भारत के जीत के बेहद करीब ले आए। जब टीम को जीत के लिए छह रन बनाने की जरूरत थी, तभी हार्दिक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए।

**आठ वर्षों...**

प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। यह सफलता रामराज्य की अवधारणा ही है। उन्होंने रामचरितमानस के एक दोहे का हवाला देते हुए कहा कि बरसत हरसत सब लखें, करसत लखे न कोय, तुलसी प्रजा सुभाग से, भूप भानु सो होय। अर्थात श्रीराम जी भरत जी से कहते हैं कि हमें प्रजा से कर ऐसे लेना चाहिए, जैसे सूर्य लेता है। जैसे सूर्य समुद्र, नदी, तालाब से पानी लेता है, लेकिन किसी को पता नहीं चलता, लेकिन जब वह बादलों के रूप में जरूरत की जगहों पर बरसता है, तो सबको पता चलता है, खासकर जब जरूरत की जगह पर बरसता है, तो सभी खुश हो जाते हैं। इसी प्रकार, सरकार को कर इस तरह से लेना चाहिए कि किसी को पता न चले, पीड़ा न हो, लेकिन जब उसी टैक्स का इस्तेमाल जनता के हित में खर्च हो, जैसे हाइवे बनें, पुल बनें, स्कूल-कॉलेज बनें, हॉस्पिटल बनें तो सबको पता चले।

हमारी सरकार यही भाव लेकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदहारण बन कर उभरा है। 2017-18 में यूपी में जहां 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुए थे वहीं 2024-25 में दिसम्बर 2024 तक 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यूपी डिजिटल लेनदेन अपनाने में नंबर एक है। आधे से अधिक लेन देन यूपीआई से हुए। इसकी वजह डिजिटल बैंकिंग की आसान पहुंच, गांवों तक इंटरनेट, वित्तीय जागरूकता और उपकरणों की पर्याप्त संख्या है। उन्होंने कहा कि बैंकों की 20416 शाखाओं, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी,18,747 एटीएम तथा 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो भ्रष्टाचार और बेईमानी पर कठोर प्रहार कर रही है 11 विभागों की 207 योजनाओं की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। इसमें 113 केन्द्रीय योजनाएं और 94 राज्य सेक्टर की योजनायें हैं। डीबीटी से 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों को एक लाख 11 हजार 637 करोड़ रुपये से भुगतान किया गया। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण 10 हजार करोड़ की बचत की है।

पंजीकृत कार्यालय को उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश में स्थानांतरण करने हेतु
प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (निमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित के लिए समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित किया जाना है
क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्र सरकार उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली के समक्ष
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (ए) के मामले में
तथा
सत्यासुशील वेंचर प्राइवेट लिमिटेड के मामले में सीआईएन (U24320UT2024PTC016826) जिसका पंजीकृत कार्यालय उत्तराखंड राज्य में है, के मामले में।
....आवेदक
एतदद्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि "उत्तराखंड राज्य" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में उसके पंजीकृत कार्यालय को स्थानांतरित करने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए 17/02/2025 को आयोजित असाधारण आम बैठक में परित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के अंतर्गत यह आवेदक कंपनी केंद्र सरकार को अवेदन करने का प्रस्ताव करती है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत फॉर्म दाखिल करके अपनी रुचि की प्रकृति और अधिकारियों के विरोध के आधार बताते हुए शिकायत दर्ज कर सकता/सकती है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपना/अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर बी-2, विंग, दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003, पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है और इसकी प्रति अवेदक कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर भी भेजें :
पंजीकृत कार्यालय: खसरा नंबर 480, शिमला पिस्तौर, किच्छा रोड, रुदरपुर, किच्छा- 263153, यू.एस. नगर (उत्तराखंड)
कृत्ते एवं के लिये
सत्यासुशील वेंचर प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
(अतुल गोयल)
निदेशक
डीआईएन: 00669173
पता: मॉडल कॉलोनी, रुद्रपुर-263153, यू.एस. नगर (उत्तराखंड)
दिनांक: 04.03.2025
स्थान: रुद्रपुर

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अल्मोड़ा
पत्रांक- आई0ई0सी0/2024-25/17/03-07 दिनांक 03 मार्च 2025
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
जनपद - अल्मोड़ा
- "आयुष्मान भारत" प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 5 लाख रूपया प्रतिवर्ष तक के स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उठायें।
- पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट 1994 के अन्तर्गत किसी भी रूप में भ्रूण का लिंग निर्धारण करना या कराना प्रतिबन्धित है, उल्लंघन करने पर कठोर दण्ड का प्रावधान है। जिसमें जुर्माना और कारावास हो सकता है।
- अपने भोजन में नमक, चीनी व तेल की मात्रा को कम करें, ताकि उच्च रक्तचाप, मोटापे, मधुमेह तथा हार्ट अटैक जैसी बीमारियों से सुरक्षित रहें।
- उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख, गर्भाशय एवं स्तन कैंसर की जांच, प्रसव पूर्व एवं पश्चात देखभाल सेवायें, टीकाकरण, परिवार नियोजन सेवायें तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श हेतु अपने नजदीकी "आरोग्य मन्दिर हैल्थ एवं वैलनैस सेन्टर" में अवश्य जायें।
- टी0बी0 के मरीजों को पोषण आहार हेतु सरकार द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।
- नवजात शिशु के जन्म के बाद उसे सभी टीके समय पर अवश्य लगायें। जनपद के सरकारी अस्पतालों में टीके निःशुल्क लगाये जाते हैं।
- सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में जच्चा-बच्चा के सुरक्षित स्वास्थ्य हेतु प्रसव उपरान्त सरकारी अस्पताल में 48 घंटे तक रूकने वाली सभी पात्र प्रसुताओं को "ईजा-बोई" योजना के अन्तर्गत रू0 2000/प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।
- जनपद के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी नैदानिक संस्थानों (चिकित्सालय/क्लीनिक/पैथोलोजी लैब) का "नैदानिक स्थापन अधिनियम 2010" के अन्तर्गत अस्थाई एवं स्थाई पंजीकरण कराना आवश्यक है।
- जनपद को अनीमिया मुक्त बनाने के लिए 6 माह से 19 वर्ष तक के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को आयरन की खुराक नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा सरकारी स्कूलों में उपलब्ध है।
- जन्म के 01 घंटे के अन्दर मॉ का पीला गाढ़ा दूध नवजात शिशु के लिए अमृत समान है। 06 माह तक के शिशु को केवल मॉ का दूध ही पिलायें।
- कोई भी सुन्न दाग, चकत्ता कुष्ठ रोग का लक्षण हो सकता है। नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जॉच करायें एवं निःशुल्क उपचार प्राप्त करें। कुष्ठ रोग "एम0डी0टी0" से पूर्णतया ठीक हो जाता है।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी अल्मोड़ा
जिला अधिकारी अल्मोड़ा



**मुकद्दस रमजान 05**

सुन्नी

| | |
|---|---|
| बुधवार | गुरूवार |
| अफतार | सेहरी |
| 6:22 | 5:18 |

शिया

| | |
|---|---|
| बुधवार | गुरूवार |
| अफतार | सेहरी |
| 6:27 | 5:23 |

मुकद्दस रमजानुल मुबारक
की हार्दिक शुभकामनाऐं



हाजी मौहम्मद सुलेमान अंसारी
प्रदेश सचिव
कांग्रेस कमेटी उत्तराखण्ड
पूर्व ग्राम प्रधान
मेहुंवाला माफी, देहरादून।

# नर्सिंग में फिर मिलेगा मौका एक हजार पदों पर होगी भर्ती

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून:** उत्तराखंड में फिर एक बार नर्सिंग भर्ती की राह खुलने जा रही है। स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग में नर्सिंग अधिकारियों के तीन हजार पदों पर भर्ती के बाद अब राज्य सरकार और एक हजार पदों पर भर्ती की तैयारी कर रही है। जिसके लिए नए पद सृजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने मंगलवार को नर्सिंग महासंघ की ओर से आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में इसकी घोषणा की।

संस्कृति विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हरिद्वार व पिथौरागढ़ मेडिकल कालेज में नर्सिंग अधिकारी के 480 पद सृजित गए हैं। इसके अलावा 15 छोटे अस्पतालों को उच्चीकृत कर उप जिला चिकित्सालय बनाया जा रहा है। इनमें



भी नर्सिंग अधिकारी के 150ख्र200 पदों में बढ़ोतरी होगी। पूर्व में की गई भर्ती में भी कुछ पद रिक्त रह गए हैं। ऐसे में करीब एक हजार पदों पर जल्द ही भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेजों में चयनित नर्सिंग अधिकारियों को 30 मार्च तक नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाएंगे। जिन्हें एक सप्ताह में ज्वाइन करना होगा। इसके बाद दस अप्रैल तक वेटिंग लिस्ट भी जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में

> ■ स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग अंतर्गत नए पद किए जा रहे सृजित मेडिकल कालेज में चयनित अभ्यर्थियों को 30 मार्च तक नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे

चयनित कुछ नर्सिंग अधिकारी चिकित्सा शिक्षा विभाग की नर्सिंग भर्ती में भी शामिल हुए हैं। जबकि उन्हें आवेदन के लिए मना किया गया था। उनके आवेदन करने से 60-70 नए लोगों का हक मारा जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग में तैनात किसी नर्सिंग अधिकारी को अब चिकित्सा शिक्षा में नियुक्ति नहीं दी जाएगी। वहीं,उत्तराखंड से बाहर के एक भी व्यक्ति को नौकरी नहीं देंगे। यदि कोई गलत जानकारी, फर्जी प्रमाण पत्र पर चयनित हुआ है तो उस पर भी कार्रवाई होगी। कहा कि उत्तराखंड राज्य लंबे संघर्षों के बाद मिला है। अलग राज्य की मांग इसलिए की गई थी कि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। किसी को उनका हक नहीं मारने देंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में 9 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी दी है। इन सभी से सिर्फ इतना कहूंगा कि गरीब व्यक्ति की सेवा से सबूर मिलता है। इसलिए ईमानदारी से अपना काम करें। इस दौरान नर्सिंग महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष व्यास, उपाध्यक्ष मनीष चौहान, प्रदेश प्रवक्ता प्रीती मेहता, मीडिया प्रभारी विनोद उनियाल, प्रदेश मंत्री हरीश भट्ट, लोकेंद्र राणा, उमेंद्र सिंह, मधु, मोनिका, नवल, सुभाष, शाहिन, साक्षी,आशीष आदि उपस्थित रहे।

# उद्यान विभाग में जल्द होगी 415 मालियों की भर्ती: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** उत्तराखंड में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की और से राज्य के सभी जिलों में स्थित विभिन्न राजकीय उद्यानों और पौधशालाओं में 415 माली के पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। भर्ती होने वाले सभी कार्मिक आउटसोर्स से लिए जाऐंगे।

मंगलवार को देहरादून के हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग की बैठक के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने यह बात कही। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द आउटसोर्सिंग के माध्यम से रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार युवाओं को रोजगार देने के लिए नए कदम उठा रही है और अभी तक तीन वर्षों में 20 हजार से अधिक लोगों के रोजगार प्रदान कर चुकी है।



विभागीय मंत्री ने कहा कि मालियों की नियुक्ति के बाद राज्य के उद्यानों और पौधशालाओं में उद्यानों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा। इससे बागवानी, फल-फूल उत्पादन और वृक्षारोपण कार्यों में भी तेजी आएगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि यह फैसला उत्तराखंड में बागवानी क्षेत्र को और मजबूत करेगा तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगा।

इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले उत्तराखंड की प्रगतिशील महिला किसानों के सम्मान कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान, संयुक्त निदेशक कृषि दिनेश कुमार, निदेशक कैप डा0 नृपेन्द्र सिंह, डा0 रतन कुमार, रेशम निदेशक प्रदीप कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खेल मंत्री हैदराबाद में देंगी प्रेजेंटेशन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों को किस तरह इतनी कामयाबी से कराया गया, अब देश की सभी राज्य सरकारें इसे जानेंगी। खेल मंत्री रेखा आर्या 7 और 8 मार्च को हैदराबाद में इस पर प्रेजेंटेशन देंगी। मंगलवार को हुई बैठक में इसकी रूपरेखा तय की गई।

विधानसभा भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित खेल विभाग के अधिकारियों की बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या बताया कि सात- आठ मार्च को तेलंगाना के हैदराबाद में एक मंथन शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शि. विर में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडावीया के अलावा सभी राज्यों के खेल मंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा इसमें पूर्व ओलंपियन और विभिन्न खेलों के कोच भी शिरकत करेंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या नें बताया कि उन्हें भी इस मंथन शिविर में उत्तराखंड की तरफ से प्रेजेंटेशन देनी है। प्रेजेंटेशन में इसका पूरा विवरण



होगा कि किस तरह उत्तराखंड में 38 वे राष्ट्रीय खेलों का इतना सफल और भव्य आयोजन किया है। इसके अलावा 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को तैयार करने की रणनीति पर भी मंथन किया जाएगा।

मंगलवार को हुई बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रेजेंटेशन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। इसके अलावा बैठक में खेल मंत्री ने अधिकारियों को 2027 में होने वाले अगले राष्ट्रीय खेलों लिए प्रदेश के खिलाड़ियों को अभी से तैयार कैसे किया जाए इसकी रणनीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारे पास जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल उपकरण हैं, हमारे खिलाड़ी को वह सभी उपकरण अभ्यास के लिए उपलब्ध होने चाहिए। बैठक में इसके अलावा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। खेल मंत्री ने कहा कि यूनिवर्सिटी को यूजीसी समेत अन्य संस्थाओं से मान्यता की जरूरत होगी उसकी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।बैठक में विशेष खेल सचिव अमित सिन्हा, खेल निदेशक प्रशांत आर्य, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाई मौजूद रहे।

# चालू वित्तीय वर्ष में बजट खर्च और योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

## राज्यभर में कई योजनाओं के लिए स्वीकृत की करोड़ों की धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री के विकासखण्ड़ नौगांव में क्वालगांव झुमराड़ा मोटर मार्ग के अवशेष भाग में सुदृढीकरण एवं डामरीकरण कार्य हेतु 329.71 लाख, विधानसभा क्षेत्र पुरोला के विकासखण्ड नौगांव सयूरी मोटर मार्ग के अवशेष भाग में सुदृढीकरण एवं डामरीकरण कार्य हेतु 469.53 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा में एन०एच० 109 के कि०मी० 73 से विकास भवन होते हुए न्यू कलेक्ट्रट अल्मोड़ा एवं मेडिकल कालेज अल्मोड़ा तक मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण के कार्य हेतु 830.52 लाख, जनपद नैनीताल के हल्द्वानी स्थित बनभूलपुरा से हटाये गये अवैध अतिक्रमण की भूमि पर थाना बनभूलपुरा का निर्माण किये जाने हेतु 390.16 लाख।

जनपद चम्पावत में थाना बनबसा हेतु नवीन भवन के निर्माण हेतु 422.43 लाख, एडवान्स ट्रेनिंग सेन्टर के द्वितीय फेज एवं राजकीय पालीटेक्निक, चम्पावत में रिटेनिंगवाल व आन्तरिक सडक के निर्माण हेतु कुल 593.39 लाख, जनपद चमोली की गोपेश्वर शाखा के अन्तर्गत मायापुर पेयजल योजना में आर०बी०एफ० नलकूप निर्माण एवं तत्संबंधी कार्यों की योजना हेतु 415.37 लाख, जनपद देहरादून के नया गांव हाथीबड़कला पेयजल योजना हेतु 619.66 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री धामी द्वारा पूर्व में की गई घोषणा के तहत वर्ष 2024-25 में विधानसभा क्षेत्र रुद्रपुर के ग्रामीण क्षेत्र में हरिचांद गुरूचांद बंग विशाल सामुदायिक भवन का निर्माण किये जाने हेतु 41.514 लाख, विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ की ग्राम पंचायत देवताल गांव सिबलो का चटकेश्वर महादेव मेला स्थल, प्राचीन कालीन शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु 103.50 लाख, जनपद चम्पावत के हनुमान मंदिर मेला स्थल, लधौली, ऐडी मेला स्थल, कालूखाण एवं फुटलिंग मेला स्थल, कालूखान का सौंदर्यीकरण किये जाने हेतु 83.61 लाख, विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट की ग्राम पंचायत भण्डारी गांव में जन मिलन केन्द्र का निर्माण किये जाने हेतु 55.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने राजकीय नर्सिंग संस्थान, कोठगी रूद्रप्रयाग में आवासीय भवनों के अतिरिक्त आन्तरिक-बाह्य विद्युत एवं जलापूर्ति का प्राविधान, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, भूमिगत वाटर टैंक, सोलर वाटर हीटर, सड़क, चाहरदीवारी एवं परिसर हेतु आवश्यक जल तथा सीवर व्यवस्था इत्यादि के लिए 791.79 लाख, विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट में लछैर महाकाली मंदिर का जीर्णोद्वार एवं विकसित किये जाने हेतु 80.39 लाख तथा देवीधुरा जिला चम्पावत मुख्य बाजार से महाविद्यालय को जाने वाली सड़क मार्ग 500 मीटर के हिस्से में इंटर लॉकिंग टाईल्स लगवाये जाने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 56.30 लाख धनराशि की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

# तीन का दुर्गम क्षेत्र में डीएम करेंगे प्रवास,मन्दिर परिसर में किया जाएगा विमर्श

**देहरादून।** सीएम की प्राथमिकता दुर्गम क्षेत्र में पहुंचे निवेश को जिला प्रशासन मूर्तरूप देने में जुट गया है।डीएम सविन बंसल का मार्च के तीसरे सप्ताह में जनपद के दुर्गम क्षेत्र त्यूनी, चकराता में 3 दिन का प्रवास कार्यक्रम प्रस्तावित है इस दौरान डीएम सभी अधिकारियों के साथ क्षेत्रवासियों की समस्या के निस्तारण के लिये शिविर आयोजित किया जाएगा।

कोटी कनारस में 200 नव गठित वन पंचायतों कान्क्लेव, हनोल मंदिर परिसर में स्थानिकों, पुरोहितों के साथ मन्दिर के मास्टर प्लान, विस्तारीकरण के सम्बन्ध में स्थानिकों के हित एवं सुझाव आदि समुचित विषय पर विमर्श किया जाएगा।

इसी दौरान डीएम कोटी कनासर में 200 नव निर्मित वन पंचायत के कान्क्लेव में शामिल होंगे वन पंचायतों को जिला प्रशासन स्तर से प्रथमबार आपदा मद से धनराशि प्रदान की जा रही है। इससे वन पंचायतों के सुदृढीकरण से जहां वनाग्नि को राकने में मदद मिलेगी वहीं फायर वाचर की क्षमता भी बढेगी। यह पहला अवसर है जब कोई डीएम दुर्गम क्षेत्र में 3 दिन प्रवास कर क्षेत्र वासियों की समस्या सुनगें। इस दौरान वृहद्धस्तर पर बहुउ्देशीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जहां पेंशन, स्वास्थ्य जांच विभिन्न प्रमाण पत्र आदि कार्य मौके पर ही निस्तारित किए जाएगें।

# यूसीसी और भू कानून के ऐतिहासिक कदम जन जन तक पहुंचाने का निर्णय

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** प्रदेश भाजपा की बैठक में यूसीसी और भू कानून के ऐतिहासिक कदम को जन जन में पहुंचाने का निर्णय लिया गया। वहीं संगठन पर्व के सफलता पूर्वक संचालन पर खुशी व्यक्त करते हुए, पार्टी के अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि पार्टी मुख्यालय से संचालित इस वर्चुअल बैठक को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने संबोधित किया। जिसमें पार्टी विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, प्रभारी, सह प्रभारी समेत मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन पर्व कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने सभी लोगों को संगठन पर्व के सफलता से क्रियान्वहन पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सभी को जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर,



सरकार द्वारा हाल में लिए ऐतिहासिक निर्णयों को जनता के बीच लेकर जाना है। जनता की इस इच्छा को पूरा करने का संकल्प मुख्यमंत्री धामी ने विधानसभा चुनावों में किया था। जिसको लेकर सरकार प्रयासरत थी लेकिन कांग्रेस पार्टी इस प्रक्रिया में लगने वाले समय का लाभ राजनैतिक उपयोग के लिए कर रही थी। आज भी उनके नेता इस मुद्दे पर भ्रम, झूठ और अफवाह फैला रही है। जिसके लिए विधानसभा स्तर पर समाज के सभी वर्गों के मध्य भू कानून और यूसीसी को लेकर जनसभागिता के बड़े कार्यक्रम करने हैं।प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी द्वारा संचालित इस बैठक में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, कैबिनेट मंत्री और विधायक गणेश जोशी, विधायक महंत दिलीप रावत, प्रमोद नैनवाल, डा मोहन सिंह बिष्ट, पार्वती दास, सविता कपूर, सरिता आर्या, दुर्गेश्वर लाल, राम सिंह सिंह कैड़ा, सुरेश चौहान, उमेश शर्मा काऊ, आशा नौटियाल, सहदेव पुंडीर के साथ प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, मुकेश कोली, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, प्रदेश कार्यालय प्रभारी कुस्तुभानंद जोशी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, पुष्कर काला, सुरेश भट्ट शामिल हुए।

### महामंत्री संगठन ने कार्यक्रमों को लेकर दिए निर्देश

देश महामंत्री अजेय कुमार ने संगठन पर्व के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने अटल शताब्दी वर्ष को लेकर सुशासन दिवस के कार्यक्रमों की श्रंखलाओं को पुन: गति देने का आह्वान किया। जिसके तहत गोष्ठियां, उनसे संबंधित साहित्य और स्मृतियों का संकलन, विचार गोष्ठी, उनके जीवनवृत के अनुभवी लोगों को सम्मानित करने आदि आयोजन तेजी लाई जाए। इसके अतिरिक्त संविधान गौरव दिवस के कार्यक्रमों को भी जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ाने को कहा। वहीं आगामी 8 मार्च के महिला दिवस को लेकर महिला मोर्चा, महिला विधायक और पदाधिकारियों को आगे बढ़ते हुए जनजागरुकता के कार्यक्रम चलाने का आग्रह किया। साथ ही यूसीसी और भू कानून के प्रावधानों को जनता के बीच पहुंचाने के लिए कमर कसकर जुटने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लम्बी संवैधानिक प्रक्रिया के बाद हम जनभावनाओं के अनुशार इन दोनों कानूनों को लेकर आए हैं जिसका लाभ आम जनता को पहुंचे। इसके लिए हमे उन्हें जागरूक भी करना है ताकि कोई गलतफहमी पैदा करने में सफल नहीं हो।

# मदरसों को सील करने के खिलाफ मुसलमानों ने दी गिरफ्तारी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में मदरसों के खिलाफ चल रही सीलिंग की कार्रवाई रोके जाने के लिये मुसलमानों ने गिरफ्तारी दी। उल्लेखनीय है कि विगत तीन दिनों से चल रही सीलिंग की कार्यवाही के चलते 12 मदरसे और एक मस्जिद को सील कर दिया गया है, जिससे नाराज मुस्लिम समाज के हजारों लोग मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिला प्रशासन पर एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाया। मुस्लिम समाज के लोगों का कहना है कि इस समय रमजान का महीना चल रहा है और अधिकारी जानबूझकर इस तरह की कार्रवाई कर रहे हैं।

सीलिंग की कार्रवाई रोके जाने की मांग को लेकर जमीयत उलेमा ए हिंद और मुस्लिम सेवा संगठन ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। उन्होने अपनी मांग जिला प्रशासन के सामने रखी, मगर जिला प्रशासन कोई भी बात मानने को राजी नही हुआ, जिसके बाद ऐलान किया गया कि सभी यही धरना देंगे। जिला प्रशासन की और से वार्ता के लिये एक प्रतिनिधिमंडल को



बुलाया गया, मगर वार्ता विफल रही है। जिसके बाद पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया और पुलिस लाइन ले जाकर छोड़ दिया। जिससे मुस्लिम समाज में रोष हैं। जमीअत की और से जिला अधिकारी देहरादून को एक ज्ञापन दिया गया, जिसमे कहा गया कि देहरादून जिले में पवित्र रमजान माह में मदरसों पर बिना पूर्व सूचना की जा रही सिलिंग की कार्रवाई को तुरंत रोका जाए। कहा कि इस कार्रवाई से मुस्लिम समाज में गहरी चिंता और असुरक्षा का माहौल बन गया है। यह कार्रवाई बिना किसी पूर्व सूचना और कानूनी प्रक्रिया का पालन किए की जा रही है, जिससे प्रभावित लोगों को अपनी बात रखने का अवसर भी नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश भर में संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 के तहत मदरसे स्थापित किये गये है, साथ ही कुछ स्थानों पर सरकारी व निजी स्कूलों में अध्यनरत छात्रों को धार्मिक शिक्षा मुहय्या कराने को मकतब ( टयूश्न सेंटर) स्थापित किये गये है।इस मौके पर मौलाना अब्बास कासमी, जमीअत के प्रदेश सचिव खुर्शीद अहमद, प्रदेश मीडिया प्रभारी मौहम्मद शाह नजर, जमीअत देहरादून के जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, महासचिव हाफिज आबिद, मौलाना रिहान गनी, नगर अध्यक्ष मुफ्ति अयाज अहमद जामई, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी, सद्दाम कुरैशी, उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी, प्रधान अय्यूब, सरदार खान, नाजिम जैदी, कारी अकरम, कारी शकील अहमद, सलीम इंजीनियर, मौ. इस्लाम, मुफ्ति हिफजान कासमी व मौलाना रागिब आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# फर्जी वोटरों के सहारे जनमत चुरा रही भाजपा: कांग्रेस

## उत्तराखण्ड में मेरा वोट मेरा अधिकार अभियान चलाएगी पार्टी: सप्पल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस ने सत्तासीन भाजपा पर जनमत चुराने का आरोप लगाते हुए घर-घर जाकर मतदाता सूचियों में हुई अनियमितताएं उजागर करने को अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। मंगलवार को देहरादून के राजीव भवन में कांग्रेस के सीडब्ल्यूसी सदस्य गुरुदीप सिंह सप्पल ने कहा कि उत्तराखण्ड के 100 नगर निकायों में हुए चुनाव और केदारनाथ उपचुनाव में हजारों वोटों के काटे जाने की शिकायत मिली थी। ऐसा ही महाराष्ट्र में भी हुआ है। वहा, लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान 8 लाख मतदाताओं को बढ़ा दिया गया 20 लाख का बूथ बदला गया, जो संदेह पैदा करता है। हमने चुनाव आयोग से 3 दिसंबर को वोटर लिस्ट मांगी थी जो अभी तक नही दी गई। अब कांग्रेस उत्तराखण्ड में 'मेरा वोट मेरा अधिकार' के तहत प्रदेश भर में एक अभियान शुरू करने जा रही है।





उन्होने आरोप लगाया कि कई मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटा दिए गए, जिससे वे अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सके। मतदाता सूची में की गई गड़बड़ी के आंकड़े सामने रखते हुए सप्पल ने कहा कि हजारों मतदाताओं के नाम बिना सूचना के हटा दिए गए हैं। कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाई हैं, जो जल्द ही रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होने कहा कि जिनके वोट कटे है, उनके पास जाएंगे। तीन बिन्दुओं पर सर्वे किया जाएगा, वोट काटने का आवेदन किसने किया, क्या वोटर को पोस्ट भेजकर जानकारी ली गई, बीएलओं ने क्या वोट काटने से पहले मतदाता से मुलाकात की है।

सप्पल ने महाराष्ट्र कहा कि विधानसभा चुनाव में देखने को मिला है जब कांग्रेस गठबंधन की हार हुई। कांग्रेस की हार से देश में सबको हैरानी हुई हमें भी हैरानी हुई, क्योंकि कुछ ही माह पूर्व हुए लोकसभा चुनाव में हमारे गठबंधन को लगभग 156 विधानसभा सीटों पर बढत मिली थी, मगर कुछ समय बाद हुए लोकसभा चुनाव में हमारे गठबंधन की करारी हार हुई, जब हमने इसकी जांच की तो हमें पता चला कि महाराष्ट्र के अन्दर जितने वोट कांग्रेस गठबंधन को लोकसभा चुनाव में मिले उतने ही विधानसभा चुनाव में भी मिले कोई वोटर छोडकर नहीं गया, मगर भाजपा के वोट 70 लाख बढ़ गये क्योंकि 4 महीने के अन्दर उन्होंने 48 लाख वोटर बना दिये तथा 2 लाख डिलीट कर दिये और लगभग 20 लाख वोटर का बूथ शिफ्ट कर दिया ये आंकडे चुनाव आयोग ने दिये हैं। जहां पर हमारे गठबंधन को जीतना चाहिए था हम हार गये। नगर निकाय चुनाव और केदारनाथ उपचुनाव में जिन मतदाताओं के वोट काटे गये हैं और कैसे काटे गये हैं। चुनाव आयोग ने अपना काम ठीक से क्यों नहीं किया। चुनाव आयोग द्वारा वोटर के मौलिक अधिकारों को छीनने का काम किया गया है। बीएलए को वोट काटने से पहले वोटर के पास जाना होता है। हम पूछेंगे कि बीएलए द्वारा गलत जानकारी क्यों दी गई। उन्होंने कहा कि 15-20 साल से ऐसा कोई भी चुनाव नहीं हुआ जिसमें पार्टी का वोट प्रतिशत बढता है परन्तु वह हार जाती है। केदारनाथ उपचुनाव में 6 माह में 10 प्रतिशत यानी 9.34 प्रतिशत वोट बना दिया तथा 5 प्रतिशत काट दिया गया जिसके चलते कांग्रेस चुनाव हारी हम इसकी भी जांच करेंगे और अपनी लडाई अंतिम मुकाम तक ले जायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि जिला एवं महानगर अध्यक्षों की बैठक में जिला एवं महानगर अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि आगामी तीन महीने तक कांग्रेस पूरे प्रदेश में एक अभियान चलायेगी तथा इसके लिए व्हाटसअप के माध्यम से भी आम जन से जानकारी ली जायेगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा देहरादून नगर निगम के लिए 16 अगस्त 2024 को जारी वोटर लिस्टों में जिन वोटरों के नाम शामिल थे उनके नाम माह दिसम्बर 2024 को जारी वोटर लिस्ट में हटा दिये गये जो इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है तथा इसकी निष्पक्ष जांच होनी नितांत आवश्यक है। 21 व 20 मार्च को पार्टी हाईकमान के निर्देश पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि संविधान मे हमें अधिकार दिये हैं उसी में वोट का अधिकार भी है। भाजपा द्वारा पिछले कुछ चुनावों में उन अधिकारों का हनन किया गया और हमें मतदान से वंचित करने का लगातार काम होता रहा है।पूर्व नेता प्रतिपक्ष व सीईसी सदस्य प्रीतम सिंह ने कहा कि केदारनाथ उपचुनाव और नगर निकाय में मतदाताओं के नाम काटे गये हैं और यह कार्य सरकार के इशारे पर हुआ है।

# भाजपा ने जिलाध्यक्षों के नाम का पैनल केंद्र को भेजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा संगठन ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत जिलाध्यक्षों के नामों का पैनल, राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के माध्यम से केंद्र को भेज दिया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट ने बताया, शीघ्र ही उनकी सहमति के बाद प्रदेश चुनाव अधिकारी द्वारा नामों की घोषणा कर दी जाएगी। वहीं पीएम के उत्तरकाशी दौरे को शीतकालीन चारधाम यात्रा को विश्वव्यापी पहचान दिलाने वाला बताया।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट ने बताया कि संगठन पर्व की प्रक्रिया में हम जिलाध्यक्ष चयन के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। उनके साथ प्रदेश चुनाव अधिकारी श्री खजान दास, प्रदेश महामंत्री संगठन श्री अजेय कुमार ने सभी 19 सांगठनिक जिलों में भेजे पर्यवेक्षक से उनकी रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा की। जिसके बाद सामने आए सभी नामों को लेकर कल मुख्यमंत्री से भी विमर्श किया गया। जिसके उपरांत आज सभी जनपदों के लिए तैयार 5-5 नामों का पैनल बनाकर, पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक, सांसद और किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजकुमार चाहर को सौप दिया गया है। जिस पर शीघ्र केंद्रीय नेतृत्व की अनुशंसा के बाद प्रदेश चुनाव अधिकारी द्वारा नामों की घोषणा कर दी जाएगी।इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के उत्तरकाशी दौरे को शीतकालीन यात्रा को नई ऊंचाई प्रदान करने वाला बताया। उनका आना हमेशा देवभूनिवासियों के लिए उत्साहवर्धन करने वाला साबित होता है। चूंकि चार धाम उत्तराखंड की आर्थिकी के रीढ़ का काम करती आई है। लिहाजा कई दशकों से इसे बारों महीने संचालित करने की मांग की जा रही थी। पहले भी कोशिश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। लेकिन पीएम मोदी के मार्गदर्शन में सीएम ने इसे शुरू कर एक और ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। अब उसपर मोदी जी का आना, वो भी गंगा यमुना की घाटी में, निसंदेह शीतकालीन यात्रा को विश्वव्यापी पहचान दिलाएगा।

## एक नजर

### पांच हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस मुख्यालय देहरादून द्वारा वांछित/इनामी अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी को चलाये गए अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर काशीपुर पुलिस टीम द्वारा धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित और ईनामी व विगत 08 माह से फरार चल रहे अभियुक्त बलजिनदर सिंह को कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी अमर चंद्र शर्मा, चन्दन सिंह बिष्ट चौकी प्रभारी, संतोष देवरानी, कां. मुकेश कुमार, कुलदीप, किशोर, दर्शन सिंह तथा जगदीश प्रसाद शामिल थे।

### श्री सनातन धर्म सभा की नई कमेटी गठित

**काशीपुर।** श्री सनातन धर्म सभा काशीपुर की एक आम सभा का आयोजन श्री सनातन धर्म सभा भवन में किया गया जिसमें श्री सनातन धर्म सभा वर्ष 2025-28 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभा की अध्यक्षता अशोक कुमार धीमान ने जबकि संचालन सनत कुमार पैगिया ने किया। बैठक में कार्यकारिणी के चुनाव पर चर्चा की गई। योगेश विश्नोई ने अध्यक्ष पद के लिए केवल कृष्ण छाबड़ा का नाम प्रस्तावित किया जिस पर वहां उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जतायी। इसके अपरांत अध्यक्ष केवल कृष्ण छाबड़ा ने कार्यकारिणी का गठन करते हुए संरक्षक मनोहर लाल गुप्ता, रामऔतार वर्मा, अध्यक्ष केवल कृष्ण छाबड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार धीमान, महामंत्री योगेश विश्नोई, कोषाध्यक्ष सनत कुमार पैगिया, मंत्री संजय शर्मा, आय व्यय निरीक्षक विपिन कुमार अग्रवाल एडवोकेट, प्रचार मंत्री ओम प्रकाश विश्नोई, सदस्य बंटी अग्रवाल व क्षितिज अग्रवाल को बनाया गया।

### तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन जारी

**काशीपुर।** पेपरलेस रजिस्ट्री के खिलाफ काशीपुर बार एसोसिएशन के तत्वावधान में तहसील प्रांगण में चौदहवें दिन भी अधिवक्ताओं, स्टांप विक्रेताओं और अरायज नवीसो द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया और आने वाले दिनों के लिए रणनीति तय की गई। बुधवार 5 मार्च को हल्द्वानी में होने वाली महापंचायत के संबंध में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में हल्द्वानी चलने का आहवान करते हुए रजिस्ट्री को ऑनलाइन करने का घोर विरोध किया गया। प्रदर्शन कारियों ने कहा कि रजिस्ट्री में अधिवक्ता का होना जरूरी है क्योंकि कानूनी जानकारी के बिना रजिस्ट्री नहीं होनी चाहिए।

### चीतल के शावक को सुरक्षित विभाग को सौंपा

**शांतिपुरी।** शांतिनगर बिंदुखत्ता निवासी अखबार न्यूज एजेंसी स्वामी गोपाल दत्त जोशी की पत्नी शांति जोशी ने गेहूं के खेत में नवजात चीतल के शावक को आवारा कुत्तों के हमले से बचाकर उसे सुरक्षित वन विभाग को शोंपा। मंगलवार प्रात: शांति देवी अपने खेत में चारा काटने के लिए गई थी। तभी उसने देखा कि कुछ आवारा कुत्ते गेहूं के खेत में किसी चीज का पीछा कर रहे हैं। उन्होंने नजदीक जाकर देखा तो चीतल का नवजात शावक था। उन्होंने तुरंत उसे अपने कब्जे में लेकर वन क्षेत्राधिकार चंदन सिंह अधिकारी को सूचित किया। इसके बाद वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने तुरंत मौके पर आकर चीतल के शावक को प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है। रेस्क्यू टीम में वन दारोगा शंकर दत्त पनेरू, वन आरक्षी नीरज रावत, वन कर्मी भूपाल सिंह दानू व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य की मौत

**बागेश्वर।** निवर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्मला दानू के पति 38 वर्षीय गोबिंद सिंह दानू की अचानक मौत हो गई। युवक के अचानक मौत की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर छाई। परिजन युवक के बचने की उम्मीद लेकर युवक को तत्काल जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर पीएम के लिए शव मोर्चरी में रख दिया। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार कपकोट के दोबाड़ तोली निवासी गोबिंद की अचानक रहस्यमय तरीके से मौत हो गई। युवक के बेहोश होने पर परिजन उसे तत्काल जिल अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक ठेकेदारी व व्यापारी था। हाल के दिनों में वह भारी टेंशन में था। मृतक के दो बेटे एक 16 वर्ष वही दूसरा 13 वर्ष का है। घटना के बाद परिवार के सभी लोग बेहोश है। मंगलवार सुबह पीएम होने केबाद युवक को सरयू नदी तट पर पंचतत्व में विलीन किया गया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, निवर्तमान जिल पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि लक्षण देव सहित अन्य ग्रामीणों ने जिला अस्पताल में पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी गई।

### महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**पन्तनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के आर्थिक सहयोग से विश्व. विद्यालय के कृषि संचार विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र, काशीपुर के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक गदरपुर के मदनापुरगाँव में 'मशरूम आधारित मूल्यवर्धित उत्पादों और उनके विपणन के माध्यम से जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाना' विषय पर दो-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय महिलाओं को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक एवं मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराना था, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण में महिलाओं को व्यावहारिक रूप से मशरूम उगाने की विधि, मशरूम से बने विभिन्न उत्पादों का निर्माण, उनके विपणन तथा आय वृद्धि की रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# नगर निगम बोर्ड बैठक में शहर के विकास पर चर्चा

## शहर को लेकर महापौर दीपक बाली की योजनाओं को पार्षदों का समर्थन

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** नवनिर्वाचित नगर निगम बोर्ड की दूसरी बैठक महापौर दीपक बाली की अध्यक्षता में निगम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में 17 बिंदुओं पर चर्चा हुई और अधिकांश बिंदुओं पर पार्षदों द्वारा शहर को सुंदर स्वच्छ और सुरक्षित बनाने हेतु महापौर की योजनाओं को अपना समर्थन दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निगम परिसर में एक मंदिर की स्थापना की जाएगी तथा नगर निगम क्षेत्र के धार्मिक स्थलों एवं शिक्षण संस्थानों के सामने कोई भी कूड़ा पॉइंट नहीं रहेगा। सभी वार्डो के पार्षदों के आवास के सामने उनके नाम के बोर्ड लगेंगे और उन पर उस क्षेत्र के सफाई नायक तथा पर्यावरण मित्रों के टेलीफोन नंबर भी अंकित होंगे। निगम के मुख्य गेट पर काशीपुर नगरपालिका के प्रथम चेयरमैन स्वर्गीय राजकुमार चौबे जी का नाम अंकित किया जाए। टांडा उज्जैन में जर्जर स्थिति में आ चुके शौचालय का जीर्णोद्धार तथा दुकानों का निर्माण। नगर निगम के कार्यों को पोर्टल पर दर्शाने हेतु सोशल मीडिया कंपनी को हायर करना। नगर में वेनडिंग जोन बनाने, नगर निगम की जमीनो पर दुकाने बनाकर करीब 1600 लोगों को रोजगार देने में मदद करना। अगली बोर्ड बैठक से नगर निगम क्षेत्र के सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि जन समस्याओं के समाधान हेतु उनकी मदद मिल सके।सिनेमाघरों के ऊपर टैक्स लगाने का मुद्दा भी उठा। स्वर्ग वाहन की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। नगर को सुंदर स्वच्छ और सुरक्षित बनाने हेतु तीन समाजसेवियों को निगम का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। जो भी निर्माण कार्य किसी ठेकेदार के द्वारा किया जाएगावहाँ उस स्थान पर ठेकेदार के द्वारा निर्माण के मानकों की जानकारी दर्शित एक बोर्ड भी लगाया जाएगा जिस से लाभान्वित होने वाली निगम की जनता को निर्माण के प्रकार की समस्त जानक. ारी मिल सके। महापौर दीपक बाली ने सदन को बताया कि करीब 135 करोड रुपए के विकास कार्यों की कार्ययोजना शासन को भेजी जा चुकी है और 112 करोड रुपए की कार्य योजना और भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री धामी 9 या 10 मार्च को काशीपुर नगर निगम आएंगे जिनके सामने सभी प्रस्तावों को दर्शाते हुए उनसे शहर के विकास में आर्थिक मदद दिए जाने का अनुरोध किया जाएगा। महापौर श्री बाली ने निगम प्रशासन को निर्देश दिए कि अगली बैठक में पार्षदों के बैठने की व्यवस्था सीनियरिटी के हिसाब से की जाए और पक्ष विपक्ष के पार्षदों की जगह भी निश्चित की जाए। बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर उठा जिस पर करीब 1 घंटे तक चर्चा हुई और तय हुआ कि कूड़ा उठाने वाली कंपनी को व्यवस्था में सुधार लाने हेतु 60 दिन की जो अवधि दी गई है उसके पूरा होने के बाद यदि सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं रहती तो 20 वर्षों के लिए दिया गया ठेका समाप्त भी किया जा सकता है। जब पार्षदों ने खुद महापौर के लिए इनोवा गाड़ी तथा पुरानी हो चुकी स्कॉर्पियो के स्थान पर दूसरी गाड़ी खरीदने का मुद्दा उठाया तो महापौर श्री बाली ने कहा कि मेरे लिए गाड़ी खरीदी जाए या ना खरीदी जाए मगर मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि पार्षद जिस कार्यालय में बैठते हैं उस कार्यालय को बेहतर बना दिया जाए और उसके बाद यदि पैसा बचता है तो गाड़ियां खरीदी जाए। बोर्ड बैठक में 39 पार्षदों ने भाग लिया। मुद्दों को उठाने में पार्षद विजय बॉबी, राशिद फारुकी, संदीप सिंह मोनू, पुष्कर बिष्ट, हुस्न जहां, वैशाली गुप्ता, अनीता कांबोज, मनोज जग्गा, शाह आलम, अनिल कुमार, अंजना तबस्सुम, जीनत बानो, सुरेश सैनी, मयंक मेहता, गुरविंदर सिंह चंडोक, रवि प्रजापति, अशोक सैनी, अब्दुल कादिर आदि प्रमुख रहे। बोर्ड बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि शहर में भवनो के टैक्स का जो सर्वे कराया गया था वह दोबारा किया जाएगा और एक कमेटी बनाकर दोबारा से टैक्स की समीक्षा की जाएगी तथा जिन लोगों को टैक्स जमा न करने पर आर सी जारी की गई है वह फिलहाल रोक दी जाए क्योंकि पूर्व में हो चुके सर्वे में अनियमितताओं की शिकायत आ रही है। बोर्ड बैठक मैं नगर आयुक्त विवेक राय मौजूद रहे और उन्होंने अनेक सवालों का जवाब भी दिया। संचालन कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा द्वारा किया गया। बोर्ड बैठक में भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राहुल पैगिया वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी समरपाल सिंह पंकज टंडन आदि भी मौजूद रहे।



# चांदनी जोन खोलने को लेकर वन विभाग-ग्रामीणों में संवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** रामनगर बन प्रभाग के बैलपड़ाव बन रेंज अंतर्गत चांदनी जोन खोलने को लेकर वन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्रीय लोगों के साथ जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बन विभाग के उप वनप्रभागीय अधिकारी मनीष जोशी ने इस जोन के खुलने से रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में संभावित वृद्धि पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पर्यटन जोन खुलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और सरकार को राजस्व की वृद्धि होगी। हालांकि इस पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भी अपनी चिंताएं व्यक्त की। कुछ ग्रामीणों ने जोन खुलने से होने वाले नुकसान पर सवाल उठाए और विरोध जताया। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने कार्यक्रम के दौरान नारेबाजी की और बन विभाग पर आरोप लगाया कि उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना था कि चांदनी जोन खुलने से स्थानीय समुदाय को काफी नुकसान हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कीमत पर चांदनी जोन को नहीं खोला जाना चाहिए। विरोध कर रहे ग्रामीणों में चांदनी जोन से जुड़े क्षेत्रीय लोग सहित कई अन्य क्षेत्रीय निवासी भी शामिल थे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान पीयूष बिष्ट, ग्राम प्रधान क्यारी नवीन सती, पर्यावरण प्रेमी नवीन उपाध्याय और अन्य लोग उपस्थित थे।



# जल निकासी में बाधा बन रहा अतिक्रमण तोड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** जो काम पिछले 30 वर्षों में नहीं हो पाया था उसे महापौर दीपक बाली ने मात्र 48 घंटे में कराकर दिखा दिया कि कुर्सी पर बैठे लोगों में इच्छा शक्ति हो तो क्या कुछ नहीं हो सकता।

उल्लेखनीय है कि शहर की जल निकासी का मुख्य साधन माने जाने वाली सिंचाई विभाग की गुल को पक्का बनाकर भूमिगत करने का कार्य चल रहा है ताकि शहर की जल निकासी की समस्या को समाप्त करने में मदद मिल सके। करीब 30 वर्ष पूर्व मुरादाबाद रोड पर बने होटल कार्बेट में से होकर सिंचाई विभाग की गूल निकलती है मगर उस पर होटल मालिक ने कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया था जिस कारण गुल की सफाई न होने से शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती थी। 1 मार्च को जब शहर के समग्र विकास हेतु महापौर दीपक वाली ने उप जिला. धिकारी एवं नगर आयुक्त सहित सभी विभागों के बड़े अधिकारियों के साथ हॉस्पिटल से सर्वे शुरू किया था तो वह कॉर्बेट होटल भी पहुंचे थे और उन्होंने कॉर्बेट होटल के अंदर गूल का नव निर्माण न होने पर नाराजगी जताते हुए सिंचाई विभाग को तत्काल कार्रवाई कर होटल परिसर से होकर गुजर रही गूल का नव निर्माण करने के आदेश दिए थे। उन्होंने कहा था कि यदि कोई समस्या आती है तो उप जिलाधिकारी महोदय को लिखित में शिकायत की जाए और फिर भी कोई दिक्कत आती है तो वह खुद मौके पर खड़े होकर गूल का निर्माण कराएंगे क्योंकि काशीपुर की 2 लाख की आबादी की परेशानियों का सवाल है। दीपक बाली के प्रयासों के चलते आज सिंचाई विभाग की टीम सहायक अभियंता केशव सिंह जिलेदार कमलेश कुमार सक्सेना अवर अभियंता राजू कुमार के नेतृत्व में होटल कॉर्बेट पहुंची तो वहां मोहम्मद कासिम नामक व्यक्ति ने कागज दिखाकर तमाम दलीलें दी लेकिन उनकी एक नहीं चली तब उन्होंने 2 दिन का समय देने का अनुरोध किया लेकिन सिंचाई विभाग का कहना था कि हमारे द्वारा लंबे समय से गूल के निर्माण को लेकर कार्रवाई करने की होटल मालिकों को सूचना दी जा रही है मगर दिए गए नोटिस को भी लेने से इनकार कर दिया गया। क्योंकि सरकारी दस्तावेजों में यह जमीन सिंचाई विभाग की है लिहाजा इसे तोड़ना और गुल का पुनर्निर्माण करना उनके अधिकार क्षेत्र में है। सिंचाई विभाग द्वारा लाई गई दो जेसीबी हरकत में आ गई और उन्होंने होटल के परिसर से गुजर रही गूल पर हुए अतिक्रमण को समाप्त कर गूल की सफाई कर दी। इस अवसर पर जय किशन शर्मा आशुतोष शर्मा शशांक गहतोड़ी आदि भी मौजूद रहे।



# एयर विंग कैडेट अब पंतनगर एयरपोर्ट से कर पाएंगे फ्लाइंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** 1 यूके एयर एनसीसी पंतनगर के कैडेट भविष्य में पंतनगर एयरपोर्ट से माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट फ्लाइंग का प्रशिक्षण ले पाएंगे। वर्तमान जिलाधिकारी उधमसिंह नगर और 1 यूके एयर एनसीसी पंतनगर के कमांडिंग ऑफिसर के प्रयासों से पंतनगर एयरपोर्ट पर हैंगर बनाने हेतु भूमि आबंटित हो चुकी है। जिस पर अब हैंगर निर्माण का कार्य किया जाएगा। आज पंतनगर एयरपोर्ट से माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट एसडब्लू 80 वायरस से ट्रायल फ्लाइंग आयोजित की गई। इस दौरान एक गर्ल्स कैडेट सहित दो कैडेटों को फ्लाइंग कराई गयी। भविष्य में पंतनगर एयरपोर्ट में फ्ला. इंग सुविधा प्राप्त होने से एयर विंग एनसीसी कैडेटों को स्थानीय स्तर पर फ्लाइंग प्रशिक्षण दिया जा सकेगा जिससे एयर विंग के जूनियर एवं सीनियर स्कंध के लगभग 400 गर्ल्स कैडेटों सहित लगभग 1100 कैडेटों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में कैडेटों को फ्लाइंग प्रशिक्षण हेतु बरेली वायुसेना केंद्र जाना पड़ता है जिससे सीमित कैडेट फ्लाइंग प्रशिक्षण प्राप्त कर पा रहे थे। पंतनगर एयरपोर्ट में फ्लाइंग सुविधा प्राप्त होने से उत्तराखंड के युवा, भारतीय वायु सेना में शामिल होने हेतु प्रेरित होंगे और वायु सेना को उत्तराखंड से बेहतरीन पायलट भर्ती करने में मदद मिलेगी। इस कार्य में पंतनगर एयरपोर्ट निद. ेशक एवं एयर ट्रैफिक कंट्रोल अधिकारी का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एयरपोर्ट के अधिकारी, कर्मचारी और एयरफोर्स अधिकारी मौजूद रहे।



# सड़क सुविधा से वंचित काश्तकारों ने तहसील दिवस में उठाई समस्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** आजादी के 76 साल बाद भी कालाढूंगी तहसील के ग्राम धमोला के कास्तकार सड़क सुविधा से वंचित हैं। मंगलवार को तहसील दिवस में ग्राम धमोला के निवासी किशन चंद्र ने अपनी लिखित शिकायत में बताया कि वह भूमिधर कास्तकार हैं, लेकिन आज भी दर्जनों कास्तकार अपनी भूमि तक पहुँचने के लिए सड़क सुविधा से महरूम हैं। किशन चंद्र ने बताया कि उनके द्वारा उन्नत कृषि के लिए प्रयुक्त ट्रैक्टर, ट्रॉली, और अन्य उपकरणों को अपनी भूमि तक ले जाने के लिए कोई निर्धारित मार्ग नहीं है। इस कारण यहां के कास्तकारों को अपनी भूमि पर आने-जाने के लिए एक-दूसरे की भूमि पर निर्भर रहना पड़ता है, जो कि विशेषकर वर्षा के दौरान काफी परेशानी का कारण बनता है। इसके अलावा, यहाँ के स्कूल के बच्चों को भी लंबा रास्ता तय कर स्कूल जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। किशन चंद्र ने यह भी कहा कि सड़क की अनुपस्थिति के कारण सरकार द्वारा संचालित 108 एम्बुलेंस सेवा भी उनके घर तक नहीं पहुँच पाती है। वर्तमान में हल्द्वानी-रामनगर रोड से जंगल तक एक पारंपरिक मार्ग जुड़ा हुआ है, जो किशन चंद्र के घर तक जाता है, लेकिन यह रास्ता अत्यधिक संकरा है और कुछ लोगों द्वारा इसे अवरुद्ध कर दिया गया है। शिकायत पत्र में अन्य कास्तकारों जैसे सुखदेव सिंह, प्रेमराम, परमानंद, सतनाम चंद्र और असित ने भी सड़क निर्माण की मांग की है ताकि उनके आवागमन में सुविधा हो सके और इलाके के लोगों को बुनियादी आवश्यकताओं का लाभ मिल सके।

### उत्पीड़न पर जताया विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** वीपीकेएएस संस्थान के हवालबाग स्थित प्रयोगात्मक प्रक्षेत्र में संस्थान के ब्रेक सिस्टम के विरोध में दैनिक श्रमिकों ने मोर्चा खोल दिया। मामले को लेकर मंगलवार को दैनिक श्रमिकों ने कार्यबहिष्कार कर विरोध जताया। कहा कि श्रमिकों का उत्पीड़न किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर मौजूद श्रमिकों ने कहा कि ब्रेक सिस्टम के तहत संस्थान के लिए पिछले 20 से 30 सालों से काम कर रहे श्रमिकों को काम से हटाया जा रहा है। आरोप लगाया कि संस्थान के समन्यवक श्रमिकों के साथ अभद्र व्यवहार व भाषा का प्रयोग करते है। इससे श्रमिकों में भारी रोष बना हुआ है। श्रमिकों ने संस्थान समन्वयक को हटाने की मांग की है। समस्याओं का निराकरण नहीं होने तक कार्यबहिष्कार पर रहने की चेतावनी दी।

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी में फिर लहराया पंतनगर विवि का परचम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पन्तनगर।** भारत की सबसे बड़ी वार्षिक वाद-विवाद प्रतियोगिता में पन्तनगर विश्वविद्यालय के डा. अमित केसरवानी, स्टाफ काउंसलर, विश्वविद्यालय साहित्यिक सोसाइटी की अगवाई में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पंतनगर विश्वविद्यालय ने पुन: बाजी मारी। उन्होंने 'क्या हमारा संविधान भारतीयों नागरिकों की आकांक्षाओं पर खरा उतरा है' शीर्षक पर 28 फरवरी से 1 मार्च, 2025 को मेवाड़ यूनिवर्सिटी, चित्तौड़गढ़ में आयोजित अखिल भारतीय नंदलाल गदिया स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता में पंतनगर विश्वविद्यालय से सम्मिलित छात्र छात्राओं ने एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन पुरस्कार जीते। हिंदी भाषा में दो टीमों ने प्रतिभाग करते हुए स्निग्ध अवस्थी, हृति शर्मा (पक्ष) एवं आश्रय शुक्ला, भूमिका भट्ट (विपक्ष) ने तृतीया पुरस्कार प्राप्त किया। इसी तरह अंग्रेजी श्रेणी में इशिका (पक्ष) एवं हर्षित आर्य (विपक्ष) ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। देश भर के 200 से भी अधिक संस्थानों से इस प्रतियोगिता में युवाओं में अति लोकप्रिय खान सर को मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रित किया गया। पिछले दो वर्षों से पंतनगर इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता आया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी है। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, शिक्षकों एवं छात्रों ने भी अपनी शुभकामनाएं साझा कर छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

# दो इनामी अपराधी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जनपद पुलिस ने दस-दस हजार के दो ईनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन पर हत्या समेत कई संगीन मामलों में मुकदमे दर्ज थे। दोनों अभियुक्त पिछले दो माह से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे थे। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद दोनों का अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। मामले में तीसरा आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने मंगलवार को एसपी कार्यालय में मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बागेश्वर कोतवाली में 13 फरवरी को हिमांशु मेहता उर्फ हेमू पुत्र गोपाल सिंह, नीरज कपकोटी पुत्र आनंद सिंह कपकोटी तथा दीपक खेतवाल पुत्र कुंदन खेतवाल के खिलाफ धारा 2/3 गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलप (निवारण) अधिनियम 1986 उप्र के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। हिमांशु मेहता गिरोह का सरगना था, उस पर हत्या सहित संगीन मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ थाना कपकोट में धारा 109/351 (2)/ 352/ 324 (2)/3(5)/ 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका हैं। इसी क्रम में धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का आरोपी नीरज कपकोटी, दीपक खेतवाल गिरफ्तारी से बच रहे थे। इनकी गिरफ्तारी के लिए जनपद स्तर पर टीम गठित की गई। दोनों वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु 10-10 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया। सोमवार को दोनों अभियुक्तों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में प्रभारी कोतवाल कैलाश नेगी, एसओजी प्रभारी सला. उद्दीन खान, उप निरीक्षक खष्टी बिष्ट आदि शामिल थे।



# कांग्रेसी नेताओं ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला



शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** गन्ना समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाए जाने से नाराज कांग्रेसियो ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। मंगलवार को पंचायत भवन परिसर शांतिपुरी नंबर दो में प्रदेश सरकार का पुतला फूंकते हुए किसान नेता डाक्टर गणेश उपाध्याय ने सरकार द्वारा गन्ने का समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाए जाने को किसानों की घोर उपेक्षा बताया। डा. उपाध्याय ने कहा कि सरकार अपने वेतन और भत्ते बढ़ाने के लिए मात्र दो मिनट के विशेष सत्र में प्रस्ताव पास कर लेती है। लेकिन आम जनमानस का पेट भरने वाले किसान के गन्ना मूल्य को एक रूपये भी नहीं बढ़ा कर उनकी घोर उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार को किसान आने वाले समय में जरूर सबक सिखाएंगे। किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने कहा की वर्तमान मुद्रा स्पीति दर के सापेक्ष किसानों के गन्ने का समर्थन मूल्य न बढ़ने का सीधा मतलब है कि सरकार ने किसानों के समर्थन मूल्य को पहले से कम कर दिया है। जो कि किसानों के साथ घोर अन्याय है और ऐसी सरकार को कभी माफ नहीं किया जा सकता है। कार्यकर्ताओं को पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट एवं कांग्रेस प्रदेश सचिव व पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा ने संबोधित किया। पुतला दहन करने वालों में प्रधान चंद्रकला बिशन को. रंगा, नारायण सिंह कोरंगा, पान सिंह कोरंगा, गुड्डू पांडे, मौजूद लोग उपस्थित रहे।

रमज़ान मुबारक

सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक

कफील अहमद
सह-संयोजक (सोशल मीडिया)
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उत्तराखंड
लालकुआं 9997626657

रमज़ान मुबारक

फिरोज़ खान
अध्यक्ष 'नेहा रोटी बैंक'
कार्यालय-नियर रेलवे स्टेशन लालकुआं (नैनीताल) 7500046555

रमज़ान मुबारक

मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखंड मदरसा बोर्ड उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

रमज़ान मुबारक

इसरार हुसैन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, हल्द्वानी जिला नैनीताल
मो0 8958729786

रमज़ान मुबारक

बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी
अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध है)
Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

# सेवानिवृत्त शिक्षक का घर खंगाला

## बेटे के इलाज के लिए दिल्ली गया था परिवार

### अलमारी का लॉकर तोड़कर लाखों के जेवरात ले उड़े चोर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र में चोरों ने सेवानिवृत्त शिक्षक के बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात ले उड़े है। चोरी की वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब सेवा. निवृत्त शिक्षक अपने बेटे के उपचार के लिए दिल्ली गए थे। बीते 2 मार्च को जब वह वापस अपने घर पहुंचे तो तब चोरी की घटना का पता चला। पीड़ित शिक्षक की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हिम्मतपुर मल्ला गीतांजलि लेन निवासी शिक्षक उदयराज सिंह ने मुखानी पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनके बेटे को नाक से संबंधित समस्या थी और उसका इलाज दिल्ली में चल रहा था। बीते 12 फरवरी को वह बेटे को इलाज के लिए दिल्ली ले गए और घर के सभी दरवाजों पर ताला लगा दिया। बेटे के उपचार के बाद जब वह 2 मार्च को दिल्ली से लौटे तो घर के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था, और मुख्य गेट का ताला खोलकर जब वह अंदर कमरों में पहुंचे तो घर के अंदर का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। अंदर



लगे ताले व आलमॉरी के लॉकर टूटे हुए थे। उन्होंने बताया कि चोर घर से लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि शिक्षक की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को भी खंगाला जा रहा है, और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## पदोनत्ति शिथिलिकरण पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कुमाऊं मंडल की एक अहम बैठक मंगलवार को ऑनलाइन आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष असलम अली ने की। बैठक में राज्य सरकार द्वारा 22 फरवरी को आहूत प्रांतीय द्विवार्षिक अधिवेशन में प्रस्तुत किए गए मांग पत्र के संदर्भ में प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में परिषद ने राज्य कर्मचारियों के लिए पदोनत्ति में शिथिलिकरण की स्वीकृति की मांग को प्रमुखता दी। जिसे राज्य सरकार ने मंजूरी दी। यह शिथिलिकरण राज्य सरकार के कर्मचारियों/सदस्यों को पूरे सेवाक. ाल में एक बार प्राप्त होगा। जिससे हजारों राज्य कर्मचारियों और परिषद से जुड़े घटक संगठनों के अनेक कार्मिकों को लाभ मिलेगा। बैठक में परिषद के संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिज. ेश कांडपाल, रमेश सिंह कनवाल, तनवीर असगर, चन्द्रशेखर सनवाल, पंकज सनवाल, शोभा टम्टा, लीला पंचोली, लीला आर्य, संजय जोशी, जगदीश सिंह बिष्ट, गणेश सिंह, दीपक पालीवाल आदि मौजूद रहे।

# यूओयू में नए विषयों की शुरुआत

## विभागीय अध्ययन बोर्ड की बैठक में संस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की विभागीय अध्ययन बोर्ड की बैठक मंगलवार को विश्वविद्यालय के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत विभिन्न नए विषयों को शुरू करने की संस्तुति दी गई। बैठक की अध्यक्षता मानविकी विद्याशाखा के निदेशक प्रो. रेनू प्रकाश ने की। बैठक में विश्वविद्यालय के सभी विभागों के कोर्स समन्वयक और 6 बाह्य सदस्य मौजूद थे। भारतीय ज्ञान परम्परा के मुख्य समन्वयक प्रो. मदन मोहन जोशी ने सभी कोर्स की पाठ्य संरचना बोर्ड के सदस्यों के सामने प्रस्तुत की। प्रो. जोशी ने बताया कि 11 फरवरी को एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के लगभग 20 विषय विशेषज्ञों ने पाठ्यक्रम संरचनाओं को तैयार किया और उन्हें अध्ययन बोर्ड के सामने रखा। इसके बाद बोर्ड ने कुछ सुझावों को शामिल कर पाठ्क्रमों में संशोधन



किया और संशोधित पाठ्क्रमों को स्वीकृति प्रदान की। प्रो. जोशी ने यह भी कहा कि इन पाठ्यक्रमों को पहले मानविकी विद्याशाखा के तहत संचा. लित किया जाएगा। लेकिन भविष्य में राजभवन से भारतीय ज्ञान परम्परा के नाम से नई विद्याशाखा की स्वीकृति मिलने पर इन पाठ्यक्रमों को नई विद्याशाखा के तहत संचालित किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय की 15वीं विद्याशाखा होगी। अध्ययन बोर्ड की बैठक में एसएसजे विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के पूर्व कुलपति प्रो. एनएस भंडारी, एसएसजे विश्वविद्यालय के परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण बिष्ट, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. जया तिवारी, प्रो. आरके पांडेय और प्रो. गिरीश मौर्य सहित मुक्त विश्वविद्यालय से विषय समन्वयक के रूप में प्रो. डिगर सिंह फर्सवाण, प्रो. अरविंद भट्ट, डा. घनश्याम जोशी, डा. दीपांकुर जोशी, डा. राजेंद्र कैड़ा, डा. शलिनी सिंह, डा. गौरी नेगी, डा. दीपक कुमार, डा. प्रीति बोरा, डा. नीरज जोशी, डा. भास्कर पुरोहित, डा. भाग्यश्री जोशी, डा. रंजू पांडेय, डा. उर्वशी ध्यानी, डा. विकास जोशी मौजूद रहे।

# पंखुड़ियाँ ने श्रमिकों को कपड़े बांटे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्दूचौड़।** विगत दिवस मोटाहल्दू गौलागेट में अज्ञात कारणों के चलते श्रमिको की 16 झोपड़ियों में आग लग गयी थी, जहां उनको कपड़ो की जरूरत होने की सूचना मिलने पर आज पंखुड़ियाँ सांस्कृतिक पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति द्वारा श्रमिकों की बस्ती जाकर उन्हें कपड़े वितरित किये गए। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष रिम्पी बिष्ट ने बताया कि विगत शाम समाजसेवी रवि कबड़वाल की सूचना पर श्रमिको को कपड़ो की अत्यंत आवश्यकता को देखते हुए उन्हें आज सुबह ही कपडे वितरित किये, जो संस्था सदस्यों द्वारा ही आपस मे एकत्रित किये गए थे। उन्होंने बताया कि पंखुड़ियाँ संस्था समाज की हितार्थ समय समय पर जनसेवा के कार्य करते रहती है। उन्होंने बताया कि इस दौरान विजडम वर्कशॉप कोचिंग सेंटर का विशेष सहयोग रहा। यहां उत्तराखंड गौरव से सम्मानित कौस्तुभ चंदोला व पंकज गोस्वामी ने विशेष भूमिका निभाई।

# कार्रवाई के नाम पर वृद्ध को टरकाती रही पुलिस

## पुलिस से कई बार शिकायत करने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में वृद्ध और उसके परिजनों को पीटने का मामला सामने आया है। जब पीड़ित शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस भी कार्रवाई के नाम पर उसे टरकाती रही। इतना ही नहीं बुजुर्ग ने एसएसपी तक गुहार भी लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हार कर वृद्ध को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वार्ड 24 बनभूलपुरा निवासी 62 वर्षीय मो. इशाक खान ने कोर्ट

### बनभूलपुरा पुलिस से लेकर एसएसपी तक की शिकायत, अनसुना किया

### कोर्ट के आदेश पर 7 माह बाद पुलिस ने दर्ज किया आरोपियों पर मुकदमा

दाखिल याचिका में कहा कि उसके पड़ोस में शाहिन, रिजवान और शमीम पुत्रगण अमीन खान रहते हैं। इशाक ने बताया कि उसके पेट का ऑपरेशन हुआ है और वह बीमारी से जूझ रहा है। आरोप है कि बीते वर्ष 13 जुलाई को शाहिन डंडा लेकर इशाक के घर में घुस गया और तोड़-फोड़ करनी शुरू कर दी। परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। इशाक के पुत्र नबाब ने जब इसका विरोध किया तो शाहिन ने उस पर हमला कर दिया, जिसमें उसके गंभीर चोट आ गई। इसी बीच शाहिन का दूसरा भाई रिजवान भी पहुंच गया और मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसने इशाक की पत्नी से अश्लील हरकतें भी की। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और परिजनों को उनके चंगुल से बचाया। पूरे घटना की रिकॉर्डिंग सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पीड़ित ने बनभूलपुरा थाने में शिकायत की तो आरोपियों ने माफी मांग कर समझौता कर लिया। इसके बाद 19 सितंबर 2024 को आरोपियों ने फिर गाली-गलौज की जिसके बाद उसने बनभूलपुरा थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़ित का आरोप है कि अगले दिन आरोपी फिर गाली-गौलज करते हुए धमकाने लगे। पीड़ित ने इसकी शिकायत फिर पुलिस में की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 28 सिंतबर को मो. इशाक खान ने थाना बनभूलपुरा, सीओ सिटी और एसएसपी को डाक के जरिये शिकायत भेजी लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। हार कर पीड़ित न्यायालय की शरण में पहुंचा। कोर्ट के आदेश के बाद बनभूलपुरा थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मनोरा बर्ड फेस्टिवल आज से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वाइल्ड टस्कर्स सोसाइटी का द्वितीय मनोरा बर्ड फेस्टिवल का आयोजन 5 और 6 मार्च को बलौट रिजॉर्ट सूर्याजाला में होगा। मनोरा बर्ड फेस्टिवल में देशभर के प्रसिद्ध बर्ड फोटोग्राफर, वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट और बर्ड वॉचर हिस्सा लेंगे। गुजरात के प्रसिद्ध वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट विशाल ठाकुर और प्रख्यात बर्ड वॉचर व गाइड गनी शर्मा इस दो दिवसीय आयोजन का संचालन करेंगे। मंगलवार को पत्रकार वार्ता करते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष विकास किरौला ने बताया कि बर्ड फेस्टिवल के आयोजन का उद्देश्य मनोरा रेंज के ज्योली, भुजियाघाट, दोगड़ा आदि क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ाना है। इन क्षेत्रों में चिड़ियों की सैकड़ों प्रजाति हैं, जिसके बारे में कम ही लोगों को जानकारी है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2024 में आयोजित पहले बर्ड फेस्टिवल के दौरान लगभग 155 प्रजातियों के पक्षियों की पहचान की गई थी, जिनमें ब्रोडबिल, कॉलर्ड फॉल्कोनेट, ब्राउन बुबुक, लार्ज टेल नाइटजार और गोल्डन ओरिओल प्रमुख थे। इस बार नई प्रजातियों की खोज भी इस फेस्टिवल में करने का प्रयास किया जायेगा। बताया कि बर्ड फेस्टिवल में गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, केरल, राजस्थान, गोवा, दिल्ली, देहरादून समेत कई राज्यों से प्रतिभागी पहुंचेंगे। फेस्टिवल के दौरान कैनन इंडिया की और से फोटोग्राफी के अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे और बर्ड फोटोग्राफी की टेक्निकल जानकारी दी जाएगी। पत्रकार वार्ता में दौरान विशाल ठाकुर, गनी शर्मा, मीनाक्षी कार्की, आकांशा आर्य, कुंदन कुमार, नीलेश पंडोर आदि मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में उठी समस्याएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार तहसील दिवस पर पूर्व सभासद शकील सलमानी व राजपुरा की स्थानीय पार्षद प्रीति आर्य ने तहसील दिवस पर पहुंचकर एसडीएम परितोष वर्मा के समक्ष अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। इस तहसील दिवस पर सड़क, स्वास्थ्य, सफाई, व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट सहित बिजली पानी का मुद्दा छाया रहा।

पूर्व सभासद शकील सलमानी ने इंदिरा नगर की विभिन्न समस्याओं, जैसे पानी की आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, सड़कें और स्ट्रीट लाईट की खराब स्थिति पर जोर दिया। उन्होंने इंदिरा नगर में स्ट्रीट लाईट लगाने, खराब सड़कों को ठीक करने और सफाई कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर चिंता जताई। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य योजना और शिक्षा विभाग की समस्याओं का भी मुद्दा उठाया। इस मौके पर वकील अहमद, शब्बीर अहमद अल्वी, हैदर अली, अनस सलमानी, अंबर अली, शाहज. हां, सोमवती, भगवती देवी, रेखा सहित कई लोग मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर राजेन्द्र नगर वार्ड-12 की स्थानीय पार्षद प्रीति आर्या व युवा नेता हेमंत साहू ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र की क्षतिग्रस्त जालों की मरम्मत, सीवर लाइन का निर्माण, सड़कों का निर्माण, नई स्ट्रीट लाईट लगाना और कीटनाशक छिड़काव करने की मांग की गई। इसके साथ ही उन्होंने राजपुरा में सीवर लाइन के निर्माण में हो रही देरी पर भी चिंता व्यक्त की।

# जमीअत ने जेल में बंद लोगों के परिवारों को राशन किट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के मौलाना अरशद मदनी द्वारा रमजान के मौके पर हल्द्वानी में जेल में बंद 25 लोगों के परिवारों को राशन किट वितरित की गई। यह राशन किट विगत वर्ष 8 फरवरी को हल्द्वानी में हुए एक मामले में जेल में बंद व्यक्तियों के परिवारों को प्रदान की गई। जमीअत उलेमा-ए-हिन्द के शहर हल्द्वानी सदर मौलाना आसिम ने बताया कि इन परिवारों के कमाने वाले एक साल से जेल में बंद हैं। ऐसे में जमीअत उलेमा लगातार इन परिवारों की ज़रूरतों का ध्यान रख रही है और कानूनी मदद भी प्रदान कर रही है। रमजान के पवित्र महीने के मौके पर इन परिवारों को राशन की किट प्रदान की गई है।

# राजपुरा में अवैध खनन की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा क्षेत्र में अवैध खनन की डंपिंग और तेज गति से मौत

### भाकपा माले ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

बनकर दौड़ रहे ट्राली और डंपरों पर रोक लगाने की मांग को लेकर भाकपा माले नैनीताल जिला कमेटी ने मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राजपुरा क्षेत्र में श्मशान घाट वाली रोड पर धड़ल्ले से अवैध खनन की डंपिंग करके ट्राली और डंपर भरान करके सड़क पर खुले आम दौड़ रहे हैं। आम जनता खास तौर पर बच्चों की जान माल का लगातार खतरा बना हुआ है। आबादी



को खतरे के साथ-साथ इस अवैध खनन की डंपिंग और खनन से कटान होने के कारण बरसात के मौसम में राजपुरा क्षेत्र समेत हल्द्वानी नगर को भी नुकसान होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट से मौका मुआयना करके अवैध खनन की डंपिंग और मौत के रूप में दौड़ रहे ट्रॉली डंपरों पर रोक लगाने की मांग की, जिससे जनता राहत महसूस करे। सिटी मजिस्ट्रेट ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय, माले राज्य स्थायी समिति सदस्य केके बोरा, अफसर अली मौजूद रहे।

# बहेड़ी से लाया स्मैक हल्द्वानी में धरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली



पुलिस व टीपीनगर पुलिस ने संयुक्त रूप से रात्रि गश्त के दौरान उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पास जंगल से एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 21.45 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बीते सोमवार की रात्रि कोतवाल राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में टीपीनगर चौकी प्रभारी जगदीप नेगी मय टीम के साथ ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की सघन चेकिंग कर रहे थे। चैकिंग करते हुए टीम जब उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पास पहुंची तो जंगल में एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया जो टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए जंगल से 50 मीटर आगे युवक को दबोच लिया। जामातलाशी के दौरान पकड़े गए युवक के पास से 21.45 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम विपिन गुप्ता पुत्र मुंशीलाल गुप्ता निवासी राजपुरा वार्ड नंबर-13 बताया। पकड़े गए तस्कर ने बताया कि यह स्मैक बहेड़ी में रहने वाले विक्की नामक युवक से खरीदी थी। पुलिस अब विक्की की शिनाख्त के प्रयास में जुट गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाईकर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# सरस मेले में स्वास्थ्य विभाग ने लगाई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित दस दिवसीय सरस आजीविका मेले के दौरान चौथे दिवस मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग

### विभिन्न योजनाओं के बारे में दी जानकारी

की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग ने सरस मेले में आये आम जनमानस को जागरूक करने के लिए जनपद में टीबी मुक्त अभियान, एनीमिया मुक्त अभियान, एनसीडी स्केनिंग, मातृत्व स्वास्थ्य, आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड आदि की विस्तार से जानकारी दी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग



की ओर से जनपद में टीबी मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। टीबी मुक्त राष्ट्र की दिशा में भारत की यात्रा में यह 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए निदान, उपचार और सहायता सेवाओं को बढ़ाकर, भारत 2025 तक टीबी को समाप्त करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण के लिए मंच तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा निरंतर राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामुदायिक सहभागिता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के साथ, टीबी मुक्त भारत तपेदिक से मुक्त भारत का सपना साकार हो सकता है। बताया कि भारत टीबी के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक कदम उठा रहा है, यह इस बात को साबित करते हुए दुनिया के सामने एक मिसाल कायम कर रहा है कि सहयोग, नवाचार और दृढ़ संकल्प के बल पर वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटा जा सकता है। वहीं आभा आईडी आभा हेल्थ कार्ड भारत सरकार की एक डिजिटल स्वास्थ्य पहचान पहल है, जो मरीजों का मेडिकल रिकॉर्ड ऑनलाइन स्टोर और एक्सेस करने की सुविधा देती है। इसके अलावा यह कार्ड अन्य पहचान पत्रों की तरह काम करता है, जिससे आयुष्मान भारत योजना की सुविधाओं का लाभ उठाया जा सकता है। कार्यशाला में स्वास्थ्य की टीम की ओर से अजय भट्ट, हेम जलाल, कमलेश बचखेती, बसंत गोस्वामी, बीएस कडाकोटी, देवेन्द्र बिष्ट के साथ ही जनता मौजूद रही।

# शिविर में लोगों की आंखों की जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजेंद्र नगर वार्ड 12 में पार्षद प्रीति आर्या और सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू द्वारा प्रभु नेत्रयाल के सहयोग से एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 76 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें से 12 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। पार्षद प्रीति आर्या और हेमन्त साहू ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर जनहित में किए जाते हैं ताकि इलाके के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें। इस अवसर पर समाजसेवी शिवम राजपूत, जीत सिंह, योगेश शर्मा, स्वीटी सरकार, ममता आर्या, भोपाल सिंह डंगवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# पुलिसिंग में बर्दाश्त नहीं होगी लापरवाही: एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को एसएसपी पीएन मीणा ने कोतवाली सभागर में अपराध गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों

### 2023 के दस दिन व 2024 की लंबित विवेचनाओं का 6 माह में करें निस्तारण

और कर्मचारियों को आगामी होली पर्व के दृष्टिगत अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने लंबित विवेचनाओं पर विवेचकों को कड़ी फटकार भी लगायी। साथ ही उन्होंने डायल 112 पर प्राप्त शिकायतों पर रिस्पांस टाइम बेहतर करने और आगामी पर्वो के दृष्टिगत सोशल मीडिया के माध्यम से सामा. जिक सौहार्द, कानून व्यवस्था



प्रभावित करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कोतवाली सभागार में अपराध गोष्ठी करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने अपराधों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों तथा कर्मचारियों की समस्याओं से रूबरू होकर उनका निस्तारण भी किया। अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने वांछित, पुरस्कार घोषित, एनबीडब्लू, कुर्की तथा वारंट जारी किए गए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक माह का अभियान चलाकर शत प्रतिशत गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने अधिकारियों ने कितने एनबीडब्ल्यू, वारंट तामील तथा अदम तामील किए गए इसकी भी समीक्षा के लिए डाटा तलब किया ताकि सभी की जिम्मेदारी तय की जा सके। एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं पर विवेचकों को फटकार लगाई और वर्ष 2023 की सभी लंबित विवेचनाओं के निस्तारण 10 दिन के भीतर करने के निर्देश दिए। जबकि वर्ष 2024 की विवेचनाओं एक्सीडेंट, महिला संबंधित, एनडीपीएस की विवेचनाओं को 6 माह के भीतर निस्तारित करने एवं संपत्ति जब्ती की कार्यवाही अमल में लाने के लिए निर्देशित किया। एसएसपी मीणा ने कहा कि पुलिसिंग के मामले में लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने नशा तस्करों की चेन तोड़ने के लिए थाना/चौकी पुलिस के अलावा एसओजी तथा एनटीएफ को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि आगामी होली पर्व के आड़ में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्कर भी सक्रिय हो जाते है, जिन पर कार्यवाही के निर्देश एसएसपी ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को दिए। एसएसपी ने कहा कि अपराधों पर लगाम लगाने के लिए रात्रि के समय प्रभावी रूप से चेकिंग की जाए ताकि आपराधिक तत्वों में खौफ बना रहे। अपराध गोष्ठी में सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, सीओ नैनीताल प्रमोद शाह, सीएफओ नैनीताल नरेंद्र सिंह कुंवर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन भगवत सिंह राणा, निरीक्षक एलआईयू जितेन्द्र कुमार उप्रेती, रीडर पूरन आगरी सहित सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, यातायात व सीपीयू प्रभारी मौजूद रहे।

# 15 को मनाई जाएगी होली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होली पर्व कब मनाया जाएगा इसको लेकर चल रही असमंजस के बीच मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने शहर के पंडितों और रामल. ीला कमेटी हल्द्वानी के साथ बैठक की। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया



गया कि 15 मार्च को होली पर्व मनाया जाएगा। बैठक में उपस्थित विद्वानों, पंडितों और रामलीला कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नौ मार्च को सुबह नौ बजे होलिका मैदान में चीर पूजन, रंग धारण किया जाएगा। 13 मार्च को सुबह 10 बजे होलि. का पूजन और रात 11.27 बजे होलिका दहन किया जाएगा। 15 मार्च को होली खेली जाएगी। सभी विद्वानों ने कहा कि पूरे देश में राष्ट्रीय पर्व एक साथ होने चाहिए। आने वाले दीपावली पर्व को लेकर भी ये ही स्थिति आने वाली है। एक राष्ट्र एक पर्व हो सके, इसके लिए शंकराचार्यों और अलग-अलग राज्य सरक. ारों से चर्चा की जा रही है। होली पर्व भी पूरे देश में एक ही दिन हो, इसके लिए शंकराचार्यों से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन महाकुंभ के चलते उनसे संपर्क नहीं हो पाया। इस दौरान डा. जगदीश चंद्र भट्ट, गोपाल दत्त भट्ट, गोपाल त्रिपाठी, विवेक कश्यप, डा. नवीन चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## सिडकुल की रामा पैनल्स फैक्ट्री में इनकम टैक्स का छापा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल स्थित रामा पैनल्स फैक्ट्री में मंगलवार को इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की है। छापेमारी से फैक्ट्री में हड़कम्प मच रहा। सुबह से ही इनकम टैक्स की टीम फैक्ट्री के भीतर जांच में जुटी है। इस दौरान फैक्ट्री प्रबंधन से पूछताछ के साथ ही कम्प्यूटर और दस्तावेज भी खंगाले गए।

बताया जा रहा है कि बरेली से आई इनकम टैक्स की टीम ने मंगलवार प्रात: सिडकुल के सैक्टर 9 स्थित रामा पैनल्स प्राईवेट लिमिटेड फैक्ट्री में अचानक छापा मारा। अचानक हुई छापेमारी से फैक्ट्री में हड़कम्प मच गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस भी फैक्ट्री के बाहर मौजूद रही। छापेमारी के दौरान किसी को फैक्ट्री के अंदर नहीं जाने दिया गया और फैक्ट्री के भीतर जो अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे, उन्हें भी बाहर आने की इजाजत नहीं दी गई। बताया जाता है कि छापेमारी के दौरान इनकम टैक्स विभाग की टीम ने फैक्ट्री के अधिकारियों कर्मचारियों से जरूरी पूछताछ की और कम्प्यूटर सहित अन्य दस्तावेज भी खंगाले। इनकम टैक्स को फैक्ट्री में हुई लकड़ी की खरीद फरोख्त में करोड़ों के टैक्स चोरी की गोपनीय सूचना मिलती थी, जिसके बाद छापेमारी की कार्रवाई की गई है। समाचार लिखे जाने तक फैक्ट्री के भीतर इनकम टैक्स की कार्रवाई जारी थी।

## रिपेयरिंग के दौरान फटा सिलेंडर, जला सामान

- घर में भड़की आग, लाखों की क्षति
- आग में फंसे 13 वर्षीय बालक बमुश्किल बाहर निकाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** क्षेत्र के आजाद नगर क्षेत्र में घर पर फ्रिज रिपेयरिंग करने के दौरान मिस्त्री के गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर दिया। इस बीच घरेलू सामान में आग लगने के बाद अचानक गैस सिलेंडर फट गया। कमरे में एक 13 वर्षीय बालक मौके पर फंस गया। स्थानीय लोगों ने बमुश्किल बालक को सकुशल बाहर निकाला। घटना में करीब पांच लाख रुपये कीमत का सारा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 2 आजाद नगर निवासी दीपक सरकार पुत्र कालीपद सरकार ने घर का फ्रिज खराब होने के बाद फ्रिज रिपेयरिंग के लिए वार्ड नंबर 18, किच्छा निवासी शाहिद सैफी से बात की। फोन पर बात होने के बाद शाहिद फ्रिज रिपेयरिंग करने के लिए दीपक सरकार के घर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि फ्रिज रिपेयरिंग करने के दौरान अचानक शाहिद के एक किलो वजन के गैस सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर में आग लगने के बाद शाहिद ने सिलेंडर बाहर की तरफ फेंक दिया, लेकिन दरवाजे से टकराने के बाद सिलेंडर कमरे में चला गया। कुछ ही देर में कमरे में रखे कपड़े, बिस्तर में आग लग गई। इस दौरान दीपक सरकार का करीब 13 वर्षीय पुत्र कमरे में फंस गया। पड़ोसियों द्वारा घर की दूसरी दिशा से लकड़ी के बोर्ड को तोड़कर बालक को सकुशल बाहर निकाला। घरेलू सामान में आग लगने के बाद अचानक गैस सिलेंडर फट गया और पूरे घर में आग फैल गई। देखते ही देखते घर में रखी लकड़ी की दो अलमारी, वाशिंग मशीन, कूलर, कपड़े, बिस्तर, घरेलू सामान, डबल बेड, चारपाई, बच्चों के कपड़े, अनाज सहित सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर पूर्व ग्राम प्रधान राजकुमार कोहली सहित तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और दमकल विभाग को घटना की सूचना दी गई। सूचना के बाद कुछ देर में दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही घरेलू सामान जलकर खाक हो चुका था।

अग्निकांड में करीब पांच लाख रुपये कीमत का घरेलू सामान जलकर खाक होने की संभावना जताई जा रही है। घटना की जानकारी पर वरिष्ठ भाजपा संजय कुमार सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला मौके पर पहुंचकर स्थिति का तथा पीड़ित को आश्वासन दिया।

## स्वयं सहायता समूह ने लगाई उत्पादन की प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दिशा बैठक के उपलक्ष्य में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने स्वयं स्वयं तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी की। मंगलवार को विकास भवन के प्रांगण में जिले के विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने उत्पादन की प्रदर्शनी की।

होली के त्यौहार को देखते हुए प्राकृतिक रूप से तैयार किए गए अबीर , गुलाल प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। नानक स्वयं सहायता समूह ने प्राकृतिक रूप से तैयार किए गए अबीर और गुलाल की प्रदर्शनी एवं बिक्री की । गदरपुर नारी शक्ति रजाई ग्रोथ सेंटर ने रजाई कुशन बैग इत्यादि की प्रदर्शनी की। कलस्टर संगठन ने नॉन वूमेन बैग ,फाइल, मोहर की प्रदर्शनी की। स्वयं उगाए गए उत्पादों से तैयार किए गए मसाले की भी खूब बिक्री हुई। विकास भवन में आने वाले में विभिन्न लोगों ने स्टॉल से खरीदारी भी की।

## सीसीटीवी कैमरों को ठीक करवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** वार्ड नंबर दस इंदिरा कॉलोनी की महिलाओं ने नगर व मोहल्ले में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के निष्क्रिय होने पर कोतवाली पहुंची। कहा कि कैमरें लगाने से संदिग्ध लोगों की पहचान हो रही थी। छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही है। बच्चे नशे की आगोश में जा रहे हैं। बताया लगाए गए कैमरें कई माह से खराब पड़े हैं। इससे महिलाएं अपनी सुरक्षा को लेकर परेशान है। एसएसआई मनोज नयाल ने महिलाओं को जानकारी दी की विधायक निधि व सांसद निधि के माध्यम से कैमरें लगाए गए है, जल्द ही कैमरों को ठीक करवाकर मॉनिटरिंग की जाएगी। इस मौके पर भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह खाती, भरत तिवारी, सरिता सती, खष्टी नेगी, गुड्डी देवी,बलजीत कौर, अलका खाती, नीतिका पांडेय, किशन कुमार, आरती देवी आदि थे।

## त्योहारों को लेकर एसपी सिटी ने ली बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** होली और ईद पर शांति व्यवस्था को लेकर कोतवाली में संभ्रांत अमन कमेटी की बैठक आयोजित हुई। अधिकारियों ने त्योहार को शांतिपूर्वक तरीी से मनाने का आह्वान किया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी ने कोतवाली परिसर में संभ्रांत व्यक्तियों, मुस्लिम समुदाय, अमन कमेटी के सदस्यों की बैठक ली। बैठक में रमजान, ईद एवं होली पर शांति व्यवस्था की अपील की गई। एसपी सिटी ने कहा कि अपना क्षेत्र कौमी एकता की गुलदस्ता है, इसे बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आपके क्षेत्र व आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते उसे दूर किया जा सके। अधिकारियों ने त्योहार को शांतिपूर्वक तरीके से मनाने का आह्वान किया। इस दौरान एसपी सिटी ने कहा कि माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों को असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान कई समस्याएं भी उठीं, जिनका निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई नवीन बुधानी सहित सभी चौकी इंचार्ज तथा नगर निगम तथा विद्युत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### एक नजर

## विवाह समारोह में युवक पर हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** खेड़ा बस्ती में विवाह समारोह के दौरान कुछ लोगों ने एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक को गभीर चोटें आने पर जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। पीड़ित की ओर से मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

ट्रांजिट कैम्प निवासी दिपांकर साहा पुत्र सुजीत चन्द्र साहा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि वह सोमवार रात खेड़ा में अंकित दास के विवाह समारोह में गया था। इसी दौरान ट्रांजिट कैम्प निवासी कुछ युवक उससे शराब तथा पार्टी करने के लिए तीन हजार रूपये मांगने लगे। पैसे देने से मना किया था तो दो युवकों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आयी हैं। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित की ओर से मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

## रामलीला कमेटी का होली मिलन समारोह 14 मार्च को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सनातन धर्मशाला में सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह रामलीला मैदान में मनाने का निर्णय लिया गया।

संस्था के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 14 मार्च को शाम तीन बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला मैदान में भव्य होली मिलन कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं स्थानीय कलाकारों का उत्साह बढ़ाने हेतु लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक राजीव अग्रवाल, महामंत्री मनोज श्रीवास्तव, विशाल अग्रवाल, भाजपा नगर महामंत्री मनोज बाधवा, सुनील गुप्ता, विजय गुप्ता, जतिन कक्कड़, भगवान दास गुप्ता, रामचंद्र कश्यप तथा सिद्ध गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**खटीमा।** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमेश चन्द्र जोशी रामू ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयं सेवियों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम, लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, देश की सुरक्षा संबंधी नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि जोशी ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की। युवाओं में राष्ट्रभक्ति का जज्बा इसी तरह के कार्यक्रमों से पैदा होता है। कार्यक्रम का संचालन आचार्य हिमांशु जोशी व कार्यक्रम अधिकारी विनोद चिल्कोटी ने किया। प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व बीडीसी पदम, सभासद मुखरजीत राना, प्रदीप, हेमा भंडारी, क्रांति जोशी आदि मौजूद थे।

## प्रशासन के डंडे के आगे झुके वार्डवासी

- वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए बिछाई जा रही विद्युत लाइन का कर रहे थे विरोध







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** नमामि गंगे योजना के तहत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए बिछाई जा रही 11000 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन का विरोध कर रहे वार्ड वासियों को आखिर कार प्रशासन के डंडे के आगे झुकना ही पड़ा। इसी के साथ विद्युत लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया।

भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत नदियों को साफ और स्वच्छ करने का अभियान जारी है। जिसके तहत नदियों में प्रदूषित जल को फिल्ट्रेशन करने के बाद ही नदियों में गिराए जाने की व्यवस्था की जा रही है, जिसके तहत चिन्हित नदियों के किनारे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जा रहे हैं। चयनित योजना के तहत कि नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित गोला नदी पर भी नमामि गंगे योजना के तहत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाएगा। जिसके लिए 11000 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन बिछाई जानी है, जो की घनी बस्ती के बीच से गुजरेगी, जिसका पुरानी मंडी वार्ड नंबर 17 के निवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा था। विरोध के चलते योजना का कार्य थप्प हुआ था। जिसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी गई थी। जिला प्रशासन द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत ट्रीटमेंट प्लांट के लिए विद्युत लाइन बिछाई जाने में आ रहे अवरोध को समाप्त करने के लिए एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में आज मंगलवार को प्रशासन द्वारा तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशासन की टीम वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश शर्मा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। विरोध कर रहे लोग पुलिस के डंडे के आगे नतमस्तक हो गए तथा विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्युत लाइन हेतु खंभे लगवाए जाने प्रारंभ कर दिए।

तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि विद्युत वितरण खंड किच्छा के अधिशासी अभियंता संजय तिवारी एवं एसडीओ डीसी गुरुरानी द्वारा इस संबंध में पुलिस प्रशासन एवं तहसील प्रशासन से फोर्स उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई थी। जिसके तहत नमामि गंगे योजना को क्रियान्वित करने के लिए प्रशासन द्वारा फोर्स मांगा गया था। जिसके तहत उनके नेतृत्व में प्रशासन की टीम एवं भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा प्रस्तावित स्थल पर खंभे लगाए जाने का कार्य प्रारंभ कराया । विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता संजय तिवारी ने बताया कि स्थानीय लोगों को विद्युत लाइन के संबंध में भ्रांतियां फैलाकर गुमराह किया जा रहा था, जबकि उक्त विद्युत लाइन पूर्ण रूप से इंसुलेटेड है तथा प्रोजेक्ट तक संपूर्ण विद्युत लाइन फाइबर युक्त तारों के बीच होकर बिछाई जाएगी, जिस वजह से करंट फैलने की कोई भी संभावना नहीं है। यहां विद्युत विभाग वितरण खंड किच्छा के अधिशासी अभियंता संजय कुमार तिवारी, एसडीओ डीसी गुरुरानी, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश शर्मा, उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, उप निरीक्षक मनोज कुमार, जे ई ओम कुमार, टी जी फर्स्ट जगदीश बिष्ट, सहित विद्युत विभाग के दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## बंद घर से लाखों के जेवर और बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** चोरों ने गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में घर में धावा बोलकर घर में अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपये कीमत के जेवर और बाइक चोरी कर ली। गृह स्वामी के रिश्तेदार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में विकास कॉलोनी, किच्छा निवासी इरफान पुत्र मोहम्मद हुसैन ने कहा कि उनके बहनोई का घर वार्ड नंबर 15, विकास कॉलोनी, किच्छा में स्थित है तथा उसके बहनोई परिवार के साथ आवश्यक कार्य से जयपुर गए हुए हैं। बताया कि 27 फरवरी को उसके बहनोई घर पर ताला लगाकर जयपुर चले गए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखा कीमती सामान चुरा लिया। चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान अज्ञात चोरों ने कमरे में रखी अलमारी तथा लॉकर का ताला तोड़कर दो सोने की अंगूठी, एक झुमकी, दो जोड़ी पायल, दो सोने की चौन सहित घर में रखा अन्य कीमती सामान चुरा लिया। घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद अज्ञात चोर घर के आंगन में खड़ी अपाचे बाइक संख्या यूके 06 ए आर 2795 को भी अपने साथ ले गए। इरफान ने बताया कि पूछताछ करने तथा जांच करने पर निकट स्थित मस्जिद में लगे सीसीटीवी कैमरे में बहनोई के घर के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे रहा है तथा घर के आसपास नशेड़ी किस्म के लोगों को भी घूमते हुए देखा गया है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच प्रारंभ कर दी है।

## ओवर स्पीड कार ने मारी दो बाइक सवारों को टक्कर

### एक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** तेज रफ्तार कार-UK06BJ5591 ने पीछे से दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। कार चालक फरार बताया जा रहा है।

घटना मंगलवार करीब सुबह 7:00 बजे की है। बिजनौर से रुद्रपुर जा रही कार का चालक ओवर स्पीड के कारण गाड़ी को संभाल नहीं पाया और पतरामपुर फ्लाईओवर के पास उसने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिसमें बलदेव सिंह पुत्र जस्सा सिंह निवासी मनोरतथपुर, पतरामपुर व विक्रम सिंह पुत्र रामकिशन सिंह निवासी बगीची, जसपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही एसएसआई जावेद मलिक मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल भिजवाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान विक्रम की मृत्यु हो गई तथा दूसरा बलदेव सिंह का सहोता हॉस्पिटल काशीपुर में इलाज चल रहा है। मृतक विक्रम सिंह खेती -किसानी का काम करता था। विक्रम सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

एसएसआई जावेद मलिक ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से सूत मिल चौकी खड़ा कर दिया गया है। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं मृतक विक्रम के घर में कोहराम मचा हुआ है।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की हुई बैठक

- सांसद अजय भट्ट ने कार्यों को लेकर दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विकास भवन सभागार में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष अजय भट्ट ने की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।

बैठक से पहले सांसद अजय भट्ट ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉलों पर रखे उत्पादों की सराहना की और महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी भी की। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और उनके क्रियान्वयन की प्रगति पर चर्चा हुई। सांसद अजय भट्ट ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सही समय पर पहुंचे, इसके लिए पूरी तत्परता से कार्य किया जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी अभय सक्सेना, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आशुतोष जोशी, जिला प्रोबेशन अधिकारी ब्योमा जैन, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, काशीपुर नगर निगम के मेयर दीपक वाली, डॉ. रेखा यादव, सतीश चुघ, अमित नारंग के अलावा जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 31 मार्च से पूर्व बकायेदार अदा करें बकाया: पालिकाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नगर पालिका के बकायेदारों को पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी रामू ने बकाया 31 मार्च से पूर्व अदाकर सहयोग की अपील की है। उन्होंने नगर पालिका के हाउस टैक्स, पालिका बाजार, संजय बाजार के किरायेदारों सहित अन्य बकायेदारों के बकाये की रकम का रिकॉर्ड खंगाल कर कहा। पालिकाध्यक्ष जोशी ने संजय बाजार के व्यवसायियों की बैठक के बाद 31 मार्च से पूर्व नगर पालिका को बकाया राशि अदा करने की अपील की। पालिकाध्यक्ष जोशी ने कहा कि नगर पालिका के पास सीमित संसाधन हैं। जबकि आय की तुलना में नगर पालिका का खर्च अधिक है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि पालिका अपना बकाया वसूली पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर पालिका को बकाया अदा नहीं करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मांगों को लेकर राज्य निर्माण सेनानियों ने की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके निवास निवास पर संगठन की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विगत दिवस धामी कैबिनेट में सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 तक ष्हमारी विरासत हमारी विभूतियांष नामक पुस्तक से उत्तराखंड राज्य आंदोलन का इतिहास पढ़ाए जाने के निर्णय का राज्य निर्माण सेनानियों ने स्वागत किया तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। बैठक में राज्य निर्माण सेनानियों ने उत्तराखंड राज्य आंदोलनका. रियों के हितों के संरक्षण के लिए जल्द ही एक सशक्त परिषद का गठन करने, लोकतंत्र सेनानी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की तर्ज पर एक समान पेंशन रुपए 20000 दिए जाने सहित सभी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। बैठक का संचालन प्रदेश प्रवक्ता भगवान जोशी ने किया। बैठक में संगठन के प्रदेश महासचिव आलोक गोयल, उपाध्यक्ष हरीश चंद्र कॉलोनी, गणेश मुंडेला, त्रिलोचन सकलानी, योगेंद्र पुनेरा, महेश गहतोड़ी, राकेश जोशी, रवीश गहतोड़ी आदि उपस्थित रहे।

## खनन कारोबारी एवं मजदूरों के साथ मारपीट एवं लूटपाट

- कारोबारियों ने कोतवाली में तहरीर सौंप कर की आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** खनन कारोबारी एवं खनन संघर्ष समिति के संरक्षक हाजी सालिम पर सोमवार की रात कुछ अज्ञात हमलावरों द्वारा कालु सिद्ध मंदिर के समीप जानलेवा हमला करने के साथ ही उन्हें लहू लुहान कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि हमलावरों द्वारा कोसी नदी में काम करने वाली राज. कुमारी, विद्या, शिया देवी आदि महिला श्रमिकों के साथ भी मारपीट करते हुए जहां एक और उनके कपड़े फाड़ दिए तो वहीं मजदूरी में कमाएं पैसे भी छीन लिए गए। घटना के विरोध में मंगलवार को दर्जनों खनन कारोबार से जुड़े लोगों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कोतवाली पहुंचकर वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस से मुलाकात करते हुए आरोपियों के खिलाफ तहरीर सौंपने के साथ ही 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की मांग की है।

मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी मोहम्मद सावेज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार को उनके मजदूर कालुसिद्द खनन गेट पर खनन उठाने का कार्य कर रहे थे। आरोप लगाया कि एक दर्जन बाइक सवारों ने श्रमिकों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी और उनके पैसे भी छीन लिए।

सूचना पर उनके पिता हाजी सालिम मौके पर पहुंचे। उसके पिता के साथ मारपीट करते हुए धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। खनन कारोबारी अनवर मलिक ने बताया कि जिस प्रकार से यह घटना की गई है उसको लेकर खनन कारोबारी काफी डरे हुए हैं और महिला मजदूरों के साथ मारपीट और पैसे लूटने के बाद जिस प्रकार उनके कपड़े फाड़े गए उसको लेकर भी कोसी में काम करने वाले श्रमिक काफी डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि घटना में घायल खनन कारोबारी की हालत काफी चिंता जनक बनी हुई है और उनका मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है । उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित अवधि में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो खनन कारोबारी खनन कारोबार को लेकर सभी निकासी गेटों को बंद करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वहीं वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।इ स दौरान कालुसिद्द खनन समिति के अध्यक्ष अनवर मलिक, खड़ंजा खनन गेट समिति के अध्यक्ष अजय हालसी, यूनुस चौधरी, रमेश सैनी, मोहम्मद अली, आसिफ चौधरी, आरिफ सैफी, मुकुट प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया नवसृजित राजस्व गांवों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर एसडीएम राहुल शााह ने नवसृजित राजस्व गांव लेटी, चोपड़ा और रामपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग,सिंचाई, जल संस्थान और अन्य संबंधित विभागों की टीमों के साथ बुनियादी सुविधाओं का निरीक्षण कर लोगों को सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने गांवों में सड़क, विद्युत आपूर्ति, जल संसाधन और सिंचाई व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। इस दौरे का उद्देश्य प्रमुख विकास आवश्यकताओं की पहचान करना और ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए एक समग्र विकास योजना तैयार करना था। सभी विभागों को समय से सभी योजनाएं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अजय प्रकाश सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग समेत कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

# एडीएम ने लगाई जल मिशन के अधिकारियों को फटकार

■ जल मिशन द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बाजपुर के रामभवन धर्मशाला में एसडीएम डा.अमृता शर्मा की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें तहसील दिवस पर 189 शिकायत दर्ज की गई। एडीएम पंकज उपाध्याय ने जनता की जन समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया।

प्रधानमंत्री जल मिशन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के उखाड़ कर पाइपलाइन बिछाई गई और सड़के क्षतिग्रस्त कर दी गई जिस पर एडीएम पंकज उपाध्याय ने जब तक सड़कों को दुरुस्त नहीं कर देते जब तक जल मिशन के अधिकारियों का वेतन रो. कने के निर्देश दिए।

भाजपा नेता सरताज आलम ने काशीपुर निजी अस्पताल में अपने बेटे के साथ हुई घटना को लेकर एडीएम के सामने मामला रखा। डॉक्टरों की लापरवाही के चलते मेरे बेटे की पांचों उंगलियां काटनी पड़ी। जिसमें उसने कहा स्वास्थ्य विभाग से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। जिस पर एडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को फटकार लगाते हुए निष्पक्ष जांच करने के आदेश दिए। बन्नाखेड़ा में आबादी के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है जिसको लेकर पवन वर्मा ने अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिस पर एडीएम ने तत्काल हाई टेंशन लाइट को हटाने के लिए एसडीओ को निर्देश दिए। ग्राम बरहैनी में पानी की निकासी को लेकर नाली और नालों की सफाई कराने के लिए निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर कई ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराई जिस पर एडीएम पंकज उपाध्याय ने नियमानुसार लाभ दिए जाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही विधवा पेंशन एवं विकलांग पेंशन



राशन कार्ड आदि की समस्याएं रही। नाबालिक बच्चे शहर में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर एवं पटाखे फोड़ते बुलेट बाइकर्स सड़कों पर तोड़ रहे हैं, जिनकी बाइक के सीज करने की कार्रवाई की जाए। बरसात के मौसम से पहले बाजपुर शहर को बाढ़ से बचने के लिए देवड़ा नदी सहित अन्य नाले नदियों को साफ करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

इसके साथ ही शहर की नाले नालियों साफ कराने के लिए नगर पालिका ईओ को निर्देशित किया गया।

एडीएम ने अधिकारियों को चेता. वनी दी की लापरवाही बरतने वाले अधिकारी किसी भी कीमत पर बक्से नहीं जाएंगे। इस मौके पर बाजपुर एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा, सीओ विभव सैनी, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, चकबंदी सीओ प्रदीप गर्ग, विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, सुल्तानपुर पट्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव सैनी, बिट्टू चौहान, वीरेंद्र बिष्ट, कन्नू जोशी, सुशील सिंगला, महेश राठौर, राहुफूल हसन आदि मौजूद रहे।

## पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कांग्रेस कार्यालय में आगामी उत्तराखंड में होने वाले पंचायत चुनाव कों लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक कों सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक रणजीत रावत नें कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों कों जनता के वीच बताते हुए जनता को कांग्रेस की विचार धारा से जोड़ने कि बात की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नें पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची में 15 मार्च तक नाम जोड़ने की बात कही है। कार्यकर्ताओं को बताया कि जिन लोगों का नाम पंचायत मतदाता सूची में अंकित नहीं है, कार्यकर्ता ऐसे लोगों के पास जाकर उनका नाम इस मतदाता सूची में अंकित करवाये। साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार उत्तराखंड में पंचायत चुनाव में कांग्रेस अपना परचम लहराएगी। विगत वर्षों के भांति होली कार्यक्रम इस वर्ष हर्षोल्लास के साथ होली कार्यक्रम आयोजित होगा।

# एसडीजी, जीआईएस तथा पीएम गतिशक्ति पर हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी द्वारा दीप प्रज्वलित कर जनपद स्तर पर एसडीजी (District SDG Indeñ) के प्रभावी अनुश्रवण तथा लो हैंगिंग संकेतकों पर केंद्रीय हस्तक्षेप किए जाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ विकास भवन सभागार में किया गया। कार्यशाला में एसडीजी डाटा ईकोसिस्टम और मॉनिटरिंग तथा पी.एम गतिशक्ति पर एक दिवसीय कार्यशाला में सीपीपीजीजी, नियोजन विभाग तथा पीएम गतिशक्ति के विषय विशेषज्ञों द्वारा जनपद के विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने उत्तराखंड को एसडीजी लक्ष्यों में प्रथम स्थान हासिल करने के लिए पूरे राज्य को बधाई दी और जनपद स्तर एसडीजी के 16 लक्ष्यों पर समीक्षा करते हुए माना कि पिथौरागढ़ उक्त 16 सतत् विकास लक्ष्यों में 1, 3, 8 और 15 लक्ष्य, राज्य के प्रदर्शन से उल्टा




प्रदर्शन कर रहा है। लक्ष्य 5: जेंडर इनक्यूलिटी पर खुशी जताई और बाकी 15 लक्ष्यों पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए संबंधित विभाग से सहयोग मांगा। लक्ष्य 3 पर चिंता जताते हुए स्वास्थ्य विभाग को नैतिक जिम्मेदारी से काम करने की सलाह दी और स्वास्थ्य सेवाओं में कमी को पलायन का एक कारण भी माना और आशा जताई कि आने वाले वर्षों में पिथौरागढ़ जनपद 13 जिलों में प्रथम स्थान हासिल करेगा। इन एसडीजी लक्ष्यों को आंख खोलने के लिए एक महत्वपूर्ण इकाई माना। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र ने एसडीजीके सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए, विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में शैलेंद्र कुमार, (सीपीजीजी), अक्षय जायसवाल व नवराज छेत्री (पीएम गतिशक्ति), जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी निरंजन प्रसाद आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में जनपद स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियों, एसडीजी नोडल अधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारियों, तथा आकांक्षी जनपदों तथा विकासखण्डों में नीति आयोग द्वारा नियुक्त युवा पेशोवरों एवं अन्य प्रशिक्षित अधिकारी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के निर्देशन में आयोजित विधिक सेवा शिविर में महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां दी गई।

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिसैया में प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में कैंप का आयोजन किया गया। प्राविधिक कार्यकर्ता वर्तमान में एलएसयूसी के सदस्य प्रभु दयाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने बच्चों के लिए अनुकूल एवं कानूनी सेवाएं और उनका संरक्षण योजना 2015 तथा दिव्यांग बच्चों के लिए कानूनी सेवाएं 2021 के तहत छात्र-छात्राओं को निशुल्क विधिक जानकारियां दी। जिसमें गुड टच बेड टच, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड राइट, चाइल्ड एजुकेशन, चाइल्ड लेबर, चाइल्ड मैरिज एंड जेंडर इक्वलिटी पर छात्र-छात्राओं को ड्राइंग, पेंटिंग, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

# समाजसेवी ग्रेवाल ने कराया 21 निर्धन जोड़ों का सामूहिक विवाह

■ घर गृहस्थी से उपयोग के सारे सामान सहित आशीर्वाद देकर नव जोड़ों को किया विदा

■ कनाडा से प्रतिवर्ष खटीमा पहुंचकर ग्रेवाल करते हैं निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सुनपहर स्थित गुरुद्वारा हरगोविंद सर सिंह सभा में मंगलवार को 21 निर्धन नव जोड़ों का सामूहिक विवाह भारतीय मूल के कनाडा निवासी संदीप ग्रेवाल उर्फ सन्नी एवं समस्त सहयोगियों द्वारा कंचनपुरी सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष जसविंदर सिंह बाजवा उर्फ पप्पू की देखरेख में कराया गया तथा घर गृहस्थी से उपयोग के सारे सामान वाशिंग मशीन, टीवी, फ्रिज, बॉक्स, टेबल, चेयर, अलमारी, रजाई व गद्दे आदि भेंट कर नवदंपतियों को ग्रेवाल परिवार तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा आशीर्वाद देकर विदा किया गया।

गौरतलब है कि भारतीय मूल खटीमा के गांव सुनपहर निवासी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता संदीप ग्रेवाल उर्फ सन्नी अपने भाई अमनद. ीप ग्रेवाल सहित वर्तमान समय में कनाडा में निवास करते हैं। संदीप ग्रेवाल लगभग 26 साल पहले कनाडा चले गए थे और वहीं के एनआरआई हैं, लेकिन फिर भी वतन की मिट्टी को नहीं भूलते हैं। अपने वतन की माटी की खुशबू उनको प्रतिवर्ष खींचकर यहां लाती है और हर वर्ष यहां पहुंच कर गरीब परिवारों की मदद करते हैं तथा निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह भी कराते रहते हैं। इसी क्रम में खटीमा के सुनपहर में पहुंचे एनआरआई संदीप ग्रेवाल ने 21 निर्धन नव जोड़ों का विवाह धूमधाम से संपन्न कराया। गुरुद्वारा ग्रंथि दिल.




बाग सिंह तथा एनआरआई संदीप ग्रेवाल ने सभी नव जोड़ों का विधि विधान और रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया। वहीं इस शुभ अवसर पर गुरुद्वारे में अखंड पाठ भोग का भी आयोजन किया गया था। सभी कार्यक्रम संपन्न होने के बाद विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने लंगर छका। इस अवसर पर जादवपुर निवासी उपासना, सीमा, खुशबू, प्रियंका, मनीषा, सिमरन, प्रियंका, भदसरा निवासी पूजा कौर, मेहरबान नगर निवासी पूनम, भिलैया निवासी संगीता, कंचनपुरी निवासी सायरा, जोया जाफरी आदि सहित 21 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ।

एनआरआई संदीप ग्रेवाल यूपी उत्तराखंड के गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले निजी स्कूलों में अध्ययन करने वाले छह बच्चों की स्कूल की फीस खर्च वहन कर रहे हैं। एनआरआई संदीप ग्रेवाल ने बताया कि भारत हमारी मातृभूमि है और यहां की माटी से मेरा आत्मीय लगाव है। यहां के लोगों का प्यार और वतन की माटी की खुशबू हमको यहां खींच कर लाती है और अपने सहयोगियों के मदद से मेरे द्वारा गरीब एवं निर्धन लोगों को मदद किया जाता रहा है। गरीब निर्धन कन्याओं के विवाह के साथ ही मेरे द्वारा गरीब विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ाने और पढ़ाने में मदद किया जाता है। इस दौरान कंचनपुरी समिति के पूर्व अध्यक्ष जसविंदर सिंह बाजवा उर्फ पप्पू ने कहा कि एनआरआई संदीप ग्रेवाल हमारे सहपाठी रहे हैं जो लगभग 26 साल पहले कनाडा चले गए थे, लेकिन फिर भी वह अपने वतन की मिट्टी को नहीं भूलते हैं और प्रतिवर्ष यहां पहुंचकर गरीब निर्धन परिवार की कन्याओं के सामूहिक विवाह सहित अन्य सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस मौके पर विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष गुरसेवक सिंह, जगजीत सिंह जग्गू, निशांत प्रताप सिंह, सरदार सेवा सिंह, राजपाल सिंह, गौरी शंकर, प्रदीप सिंह, देवेंद्र सिंह, रिंकू, सोमनाथ मौर्य, शमीम अख्तर, अरविंद कुमार तथा विजय शंकर यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रतिभागियों को किए गए पुरस्कार वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में विभागीय परिषद के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को महाविद्यालय में प्रतियोगिताओं के अंतर्गत चार्ट एवं अपशिष्ट प्रबंधन के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में विभागीय परिषद के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित प्रतियोगिता कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डा. अनुपमा तिवारी द्वारा की गई। विद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर सुल्तान सिंह यादव ने बताया कि चार्ट प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर में मोहम्मद अदनान प्रथम, स्वर्णिम शर्मा द्वितीय, रोहन गढ़कोटी ने तृतीय




स्थान प्राप्त किया। वहीं बी कॉम चतुर्थ सेमेस्टर में चार्ट प्रतियोगिताओं में रितिका प्रथम, खुशी कुमारी द्वितीय, अनमोल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बीकॉम षष्ठम सेमेस्टर में अनीशा रावत प्रथम, नेहा कनवाल द्वितीय, तथा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अपशिष्ट प्रबंधन प्रतियोगिता में बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर से रोहन गढ़कोटी प्रथम, हेमेश भट्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर में तनुजा महर ने प्रथम आस्था गुप्ता द्वितीय और खुशी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीकॉम षष्ठम सेमेस्टर में प्रेरणा जोशी प्रथम, नेहा कनवाल द्वितीय स और योगिता शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन विभाग प्रभारी डॉ. विमल जोशी द्वारा किया गया तथा सहयोग डॉक्टर रोि. हत शर्मा ने किया।

# मिनी माइंड्स एकेडमी स्कूल को मिला "स्टार काउंसलर अवार्ड"

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** बेहतरीन शिक्षा प्रणाली और मार्गदर्शन के लिए दिल्ली के क्राउन प्लाजा, रोहिणी में आयोजित 7वें माएस्ट्रो अवार्ड समारोह में मिनी माइंड्स एकैडमी स्कूल टनकपुर को प्रतिष्ठित "स्टार काउंसलर अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान महान ओलंपिक बैडमिंटन स्वर्ण पदक विजेता साइना नेहवाल के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस भव्य समारोह में देशभर के लगभग 90 स्कूलों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया, जिसमें मिनी माइंड्स अकैडमी ने अपनी बेहतरीन शिक्षण प्रणाली और मार्गदर्शन के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर मिनी माइंडस अकैडमी जो कि पहले बचपन प्ले स्कूल टनकपुर के नाम से संचालित था। एकेडमी के फाउंडर एवं डायरेक्टर सागर गुप्ता और प्रिंसिपल प्रज्ञा गुप्ता ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह उपलब्धि दर्शाती है कि मिनी माइंड्स अकैडमी शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है और छोटे शहरों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का एक मजबूत आधार बना रहा है।उल्लेखनीय है कि इससे मिनी माइंडस अकैडमी 6वें माएस्ट्रो अवार्ड में भी सम्मानित किया गया था, जहां



प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने विद्यालय को पुरस्कार प्रदान किया था। लगातार दो वर्षों तक राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त करना, मिनी माइंडस अकैडमी की समर्पित शिक्षण प्रणाली, नवाचार और उत्कृष्टता का प्रमाण है।

मिनी माइंड्स अकैडमी का यह सफर सिर्फ एक स्कूल का नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई सोच और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह उपलब्धि न केवल स्कूल बल्कि पूरे टनकपुर शहर के लिए भी गर्व का विषय है, जो यह दर्शाता है कि छोटे शहरों के स्कूल भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकते हैं और बड़े संस्थानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ सकते हैं।

## एक नजर

## एलोपैथिक चिकित्सालय टांड़ में 55 लोगों का किया गया मुफ्त इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय टांड़ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें बीपी,सुगर टीवी की जांच हुई एवम एक्स-रे,ब्लेड टेस्ट आदि नि:शुल्क जांच की गई।

शिविर में डा. गुरुप्रीत सिंह, चिकित्सा अधिकारी हरीश रावत, सुनीता,शोभा नेगी, अंजली नेगी, कमल राजन एवं प्रेक्षक उपस्थित रहे। 55 लोगों की निशुल्क जांच की गई एवम् दवा दी गई। प्रधान चन्द्र शेखर गड़कोटी सहित गांव के उप प्रधान भोला दत्त, सुनील, राकेश आदि लोगों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया।

## निर्माण कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी द्वारा आज मंगलवार को जिला चिकित्सालय परिसर अन्तर्गत डबल डोर पार्किंग निर्माण किए जाने हेतु कार्यदाई संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लेते हुए कार्ययोजना बनाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पार्किंग निर्माण एजेंसी से पार्किंग निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए नक्शे की जांच की और उसके डिजाइन में बदलाव कर पार्किंग सुविधा को बढ़ाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने जिला चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन विकास कार्यों के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने लुनठूड़ा में राजस्व विभाग की भूमि में खेल मैदान निर्माण किये जाने, पूल्ड आवास टाइप 3ख्र4 आवासीय मकान निर्माण किए जाने, बालिका आवास परिसर से सड़क के चौड़ीकरण कार्यों के लिए सर्वे करने के निर्देश कार्यदाई संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। इस दौरान अधिशाषी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग पंकज कुमार, डिप्टी एसीएमओ मदन बोनाल, सहायक अभियंता नीरज ओली, तहसीलदार विजय गोस्वामी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जिला कार्यालय महिमन जोशी आदि उपस्थित थे।

## कुमाऊं मंडल उपाध्यक्ष बने कौशल चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** उत्तराखंड में पुरानी पेंशन बहाली (NMOPS) को मजबूती प्रदान करने को कुमाऊं मंडल में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें राजकीय शिक्षक संघ जसपुर के ब्लॉक अध्यक्ष कौशल चौधरी को कुमाऊं मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है। कौशल चौधरी के उपाध्यक्ष बनने पर शिक्षक संदीप चौहान, विमल चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष अमित त्यागी कुंती यादव, हरी बाबू, निरंजन ,बीएम लाल, तजम्मुल हसन ने बधाई दी।

# दहेज में कार न मिलने पर विवाहिता से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** दो अलग-अलग मामलों में दहेज में कार न मिलने पर ससुरा. लियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया महिलाओं ने ससुरालियों पर केस दर्ज कराया है।

नगर पंचायत महुआ डाबरा निवासी सरिता ने कहा कि उसका विवाह लगभग पांच साल पहले पीपल गांव मुरादाबाद के करणपाल सिंह के बेटे अनुज से हुआ था। शादी के तीन साल तक सब कुछ ठीक रहा और उसके दो बच्चे भी हो गए। उसके बाद पति, सास मुनेश देवी, ससुर व देवर रजत चौधरी फॉर्च्यूनर कार की मांग करने लगे। ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके मना करने पर उन्होंने उसे मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया और उसके दोनों बच्चे भी जबरन अपने पास रख लिए। विवाि. हता ने पुलिस में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही जांच शुरू कर दी है।

वहीं एक अन्य मामले में ग्राम पूरनपुर निवासी जिज्ञासा चौहान ने बताया कि दो साल पहले उसका विवाह मुकुल कुमार चौहान पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम -भटपुरा रेहड ,(बिजनौर) के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने कम दहेज लाने का ताना देकर उसके साथ मारपीट और उत्पीड़न करने लगे। मांग पूरी न होने पर पति मुकुल चौहान उसे गर्भावस्था में ही मायके में छोड़ गया, जहां उसे एक बच्चा भी हुआ, लेकिन ससुराल वाले उसे नहीं लेने आए। उसने ससुराल पक्ष के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। कोतवाल जगदीश सिंह ढकरियाल ने बताया कि पति और ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि इकबाल अहमद पुत्र अलाउद्दीन निवासी ई.डब्लू. एस-बी 632 आवास विकास रुद्रपुर निवासी है। प्रार्थी के मित्र का एक भवन सुपरटेक मैट्रोपोलिस सिटी में स्थित हे। जिसकी अपाटमेंट 2/2 फ्लेट सं.- 12 है। जो प्रार्थी के मित्र शाहनवाज पुत्र इम्तियाज अली की सर्वश्री प्लास्टो मेटल कंपनी के नाम से सुपरटेक के अभिलेख में दर्ज है। प्रार्थी का मित्र शाहनवाज पुत्र इम्तियाज अली दिल्ली में निवास करते है। विगत काफी वर्षो से प्रार्थी के द्वारा ही उक्त भवन की देखरेख की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सभी दस्तावेज भी प्रार्थी के ही पास रहते हैं। विगत 21/02/2025 को प्रार्थी दस्तावेज लेकर किरायदारी के काजजात बनवाने के लिए ले गया था। जो रास्ते में कहीं गिरकर गुम हो गए हैं। किसी अन्य के द्वारा प्रयोग किए जाने पर अवैध माने जाएं।

**इकबाल अहमद पुत्र अलाउद्दीन निवासी ई.डब्लू.एस-बी 632 आवास विकास, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर**

**धरा को बचाने के लिए लगाएं पौधे**

# पूर्णागिरी मेले को लेकर कुमाऊं आयुक्त ने की समीक्षा

■ भंडारे लगाने के लिए सिंगल विंडो परमिशन सिस्टम लागू करने और प्रक्रिया को सरल बनाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को एनएचपीसी, विश्राम गृह बनबसा में आगामी उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरी मेला-2025 की विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक ली। श्री रावत ने मां पूर्णागिरी मेले के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पूर्णागिरी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम, सुरक्षित हो। श्रद्धालुओं को यात्रा एवं पैदल मार्गो पर किसी तरह की कोई दिक्कत न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि पूर्णागिरी मेले




में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अच्छा अनुभव लेकर जाए।

आयुक्त ने मेले के दौरान किराया नियंत्रण और वाहनों की फिटनेस को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आईपी आधारित सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम को शीघ्र पूरा करने के आदेश दिए। समीक्षा के दौरान प्र. जिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष मेले की सफाई व्यवस्था पहली बार सुलभ इंटरनेशनल द्वारा की जाएगी, जिससे स्वच्छता मानकों में सुधार होगा। साथ ही श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पियाऊ, वाटर कूलर, टैंकर एवं दो सोलर हैंड पंप की व्यवस्था की जाएगी।

आयुक्त ने कहा मेले में भीड़ प्रबंधन को सुचारु रखने के लिए पैदल मार्ग पर चैन डिवाइडर, अनधिकृत मार्गों पर अस्थायी बैरिकेडिंग तथा जगह-जगह साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान सुगमता होगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि फायर सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए धर्मशालाओं में अग्निशमन यंत्र एवं फर्स्ट एड किट अनिवार्य किए गए हैं। साथ ही, फायर यूनिट और फायर वॉचर की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम नितेश डांगर, तहसीलदार टनकपुर जगदीश गिरी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान पवन सिंह, जिला पंचायत से अनिल रावत, मंदिर समिति के प्रतिनिधि, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, अभियंता लोक निर्माण विभाग लक्ष्मण सिंह सामंत, वन विभाग, यूपीसीएल, पुलिस, उरेडा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्व. युवा पत्रकार के परिजनों का सहारा बनने आगे आया जिला पत्रकार संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**चंपावत।** जिला पत्रकार संगठन ने अपने युवा साथी जगदीश चंद्र तिवारी के आकस्मिक निधन से उनके परिजनों के ऊपर आई विपत्ति को साझा करने की पहल की है। चंपावत जिला पत्रकार संगठन के अध्यक्ष चन्द्र बल्लभ ओली के नेतृत्व में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कैंप कार्यालय के माध्यम से उन्हें ज्ञापन भेजा है । जिसमें दिवंगत पत्रकार के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की मांग की गई है । पत्रकारों का कहना था कि मुख्यमंत्री श्री धामी का सदा से ही पत्रकारों के साथ पारिवारिक एवं आत्मीय रिश्ता रहा है तथा वह हमेशा उनके सुख-दुख में साथ खड़े रहते आये हैं । युवा पत्रकार स्व: तिवारी के परिवार में हुए आघात को कम करने के लिए भी श्री धामी शोकाकुल परिवार के साथ रहेंगे, ऐसा उन्हें विश्वास है। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ पत्रकार सतीश जोशी, चंद्रशेखर जोशी ,सूरी पन्त दिनेश भट्ट, सुरेश गडकोटी आदि पत्रकार शामिल थे।

## मार्ग के सुधारीकरण कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं: कापडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** खटीमा-पीलीभीत रोड मझोला के सुधारीकरण कार्य की गुणवत्ता का क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता की और संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता कायम रखने संबंधी निर्देश भी दिए। विधायक कापड़ी ने जर्जर मार्ग पर पूर्व में बिछाए गए खड़ंजे को कुछ स्थानों पर उखाड़ कर उसमें पेंच कार्य करने एवं कहीं पर बिछें खंडजे के चारों ओर डामर करने का मामला पाया। उन्होंने कहा कि खड़ंजे में बिछी ईंटें टूटने लगी हैं, जो शीघ्र ही गड्ढे में तब्दील होगी। सुधारीकरण कार्य में कहीं टल्ली मारने व कहीं डामरीकरण करने तथा कहीं-कहीं पर छोड़े गए छोटे-छोटे गड्ढे फिर बड़े गड्ढे में तब्दील होने के मामले पाए। इस संबंध में विधायक कापड़ी ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता की और मौके पर ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उमेश राठौर बॉबी पीसीसी सदस्य, सुनील चन्द, प्रदीप कुमार, विजय चंद, उमेश चंद आदि मौजूद थे।

# बीकॉम के छात्र को चोरी की बाइक के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने बीकॉम के छात्र को बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। राम किशन पुत्र टीकाराम निवासी भरतपुरी रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बाइक यूके 04 आर 6067 को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली।उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल पाया।

कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। मंगलवार को एसआई राजवीर सिंह नेगी पुलिस टीम के साथ आमडण्डा में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान रोि. हत सिंह रावत पुत्र हीरा सिंह रावत निवासी डबरा सौराल भिक्यासैण जिला अल्मोड़ा को चोरी की बाइक यूके 04 आर 6067 के साथ गिरफ्तार किया गया। बताया कि आरोपी राजकीय महाविद्यालय रामनगर में बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने की कार्यवाही की गई। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

इस दौरान पुलिस टीम में एसआई राजवीर सिंह नेगी, कांस्टेबल संदीप सिंह, संजय सिंह शामिल रहे।



# काठगोदाम के दमुवाढूंगा में नर कंकाल मिलने से हड़कंप

## पहचान के नाम पर सिर्फ कपड़े, नाले के पत्थर में फंसा और दबा था कंकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के दमुवाढूंगा के जंगल में मंगलवार सुबह लकड़ी लेने गए कुछ स्थानीय लोगों की नजर एक नाले में पड़े, जिसमें नर कंकाल पर पडा हुआ था। नर कंकाल के मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। कंकाल की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के लोगों से नर कंकाल की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन कंकाल की शिनाख्त नहीं हो पाई। अब पुलिस कंकाल की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराने की योजना बना रही है। जानकारी के अनुसार काठगोदाम के दमुवाढूंगा क्षेत्र में वार्ड-37 और 36 के पीछे एक घना जंगल है, जहां से कमेटिया बरसाती नाला गुजरता है। पुलिस के

### पुलिस ने शुरू की जांच, डीएनए जांच कराई जा सकती है

मुताबिक मंगलवार सुबह क्षेत्रीय लोग अपनी रोजमर्रा की तरह जंगल में लकड़ी लेने गए थे। जब वे नाले से होते हुए जंगल के अंदर पहुंचे, तो उन्होंने नाले में पड़े नर कंकाल की खोपड़ी देखी। कंकाल की स्थिति इतनी खराब थी कि वह नाले के पत्थरों में फंसा और दबा हुआ था, जिससे उसका पहचान पाना मुश्किल हो गया। कंकाल के शरीर पर केवल लोअर, टी-शर्ट और अंडरवियर जैसे कपड़े थे। जिनसे उसकी पहचान का कोई सुराग नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों ने कंकाल के पास पड़े कपड़ों को देखा, लेकिन किसी ने भी पहच. ानने में मदद नहीं की। नर कंकाल की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से कंकाल की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन कंकाल की शिनाख्त नहीं हो पाई। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट ने बताया कि कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसके अलावा, कंकाल से मिले कपड़ों की जानकारी से शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं, और डीएनए सैंपल भेजने की तैयारी है, ताकि शव की पहचान हो सके। पुलिस ने इलाके में पूछताछ की, लेकिन किसी के गुमशुदा होने की सूचना नहीं मिली। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कंकाल की मौत हत्या के कारण हुई है या यह कोई हादसा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। काठगोदाम पुलिस ने कंकाल की पहचान के लिए अब तक सभी संभावित कदम उठाए हैं, और इलाके में अधिक पूछताछ की जा रही है।

## सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल में नियुक्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड की प्रदेश प्रभारी सीमा बत्रा की संस्तुति पर विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। नैनीताल से कविता गंगोला और हल्द्वानी से कविता हालदर को जिला महिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है, जबकि हल्द्वानी मुखानी संगठन की अध्यक्ष के रूप में कंचन रौतेला को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष लाखन निगल्टिया ने इन नियुक्तियों पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की शक्ति व्यापार मंडल उत्तराखंड को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। प्रदेश महामंत्री भुवन भट्ट ने कहा कि व्यापार में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से संगठन को मजबूती मिलेगी और उत्तराखंड में व्यापारी महिलाओं को नया आयाम मिलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव चंदन बिष्ट, जिला प्रभारी मंजू साह, मंजू भट्ट, जिला संयोजक संजय बिष्ट, राहुल जोशी और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तरूण वानखेड़े सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व सीएम निशंक की बेटी से धोखाधड़ी के आरोपियों को अग्रिम जमानत

## हाईकोर्ट ने विपक्षियों को जवाब दाखिल करने को कहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक की पुत्री व फिल्म निदेशक आरुषि निशंक को फिल्मों में अहम भूमिका दिलाने के नाम पर 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी फिल्म निर्माता मुम्बई निवासी मानसी वरुण बागला व वरुण प्रमोद बागला की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए विपक्षियों को जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की एकलपीठ में हुई। मामले की अब अगली सुनवाई 8 अप्रैल मंगलवार को होगी। मामले के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक की पुत्री आरुषि निशंक ने 7 फरवरी 2025 को देहरादून कोतवाली में एक मुकदमा दर्ज कर बताया कि मुम्बई की मानसी वरुण बागला व वरुण प्रमोद बागला जो फिल्मों का निर्माण करते हैं ने अपनी फिल्म आंखों की गुलसितां में अभिनेत्री की भूमिका निभाने का उन्हें ऑफर दिया तथा कहा कि फिल्म में होने वाले फायदे का उन्हें 20 फीसदी हिस्सा दिया जाएगा लेकिन उससे पहले 4 करोड़ रुपये फिल्म की शूटिंग के लिए देना होगा, क्योंकि फिल्म की भारत में शूटिंग पूरी हो चुकी है, शेष फिल्म की शूटिंग यूरोप में होनी है, जहां उन्हें आरुषि निशंक को अभिनेत्री के रूप में जाना होगा। बताया कि उन्होंने यह धनराशि किस्तों में समय समय उक्त लोगों को दे दी लेकिन इस फिल्म की शूटिंग नहीं हुई, जिसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ और यह मुकदमा दर्ज किया गया।

# बढ़ी ठंड ने दुखाई हड्डियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मार्च के पहले सप्ताह में भी ठंड नैनीताल में लोगों को परेशान कर रही है। इस सप्ताह हल्की बारिश के चलते ठंड बढ़ने से ऑर्थो के मरीजों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

इन दिनों उपचार के साथ हड्डी रोग विशेषज्ञ ऑर्थो के मरीजों को स्वास्थ्य सलाह भी दे रहे हैं ताकि मरीज ठंड के दिनों में दर्द से बच सकें। बता दें कि मार्च का महिला यानी गर्मी का महिला शुरू हो चुका है, जहाँ मैदानी क्षेत्रों में गर्मी शुरू हो चुकी है वहीं नैनीताल में अब भी ठंड महसूस की जा रही है। बीते दो चार दिनों में हल्की बारिश के चलते नगर में सुबह शाम को ठंड महसूस की जा रही है। जिसके चलते राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में जोड़ों, घुटनों तथा मांसपेशियों व कमर में दर्द की शिकायत लेकर ऑर्थो के मरीज पहुंच रहे हैं। उम्रदराज लोगों को मांसपेशियों व जोड़ों का दर्द होने लगा है जो उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि नैनीताल में सुबह शाम ठंड के चलते शरीर में रक्त प्रवाह ठीक से नहीं हो पाता जिससे ऑर्थो के मरीजों को जोड़ों में दर्द होने लगता है। बताया कि ठंड में यह समस्या बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए ऑर्थो के मरीजों को सुबह शाम ठंड टहलने से बचना होगा साथ ही गुनगुनी धूप सेककर व्यायाम करना चाहिए ताकि शरीर में रक्त प्रवाह अच्छा हो व मांसपेशियों को भी मजबूती मिले।

### गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। मौसम के बदले मिजाज की वजह से दोपहर बाद नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटकों को होटलों में ही दुबके रहने को मजबूर होना पड़ा। बता दें नगर में सोमवार को गुनगुनी धूप खिलने से काफी राहत मिली थी लेकिन मंगलवार को सुबह से मौसम का मिजाज बदला रहा जिसके चलते सुबह से ही आसमान बादलों से घिरा रहा देखते ही देखते अपराह्न ढाई बजे से नगर में गरज चमक के साथ तेज ओलावृष्टि के बाद बारिश शुरु हो गयी। ठीक शाम के वक्त बिगड़े मौसम की वजह से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ी वह भीगते-भीगते घर पहुंचे।

# बार काउंसिल ने दिया अधिवक्ताओं को समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड बार कौंसिल ने यूसीसी कानून में रजिस्ट्री तथा वसीयत आदि को पेपरलेस किये जाने के खिलाफ प्रदेश भर के अधिवक्ताओं द्वारा किये जा रहे आंदोलन का समर्थन किया है। बार कौंसिल अध्यक्ष डा. महेंद्र पाल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उत्तराखण्ड राज्य में राज्य सरकार द्वारा यूसीसी कानून लागू कर दिया है जिसमें रजिस्ट्री तथा वसीयत व अन्य विलेखों को आनलाइन व पेपरलेस किये जाने का प्रावधान किया है। उक्त कानून के लागू होने से प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित प्रभावित हो रहे हैं और अधिवक्ताओं की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बार कौंसिल ऑफ उत्तराखण्ड नैनीताल को विभिन्न बार एसोसियेशनों से इस आशय के प्रत्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं। उक्त कानून अधिवक्ता हितों के प्रतिक. ूल और अव्यावहारिक होने के कारण पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं द्वारा कानून के उक्त प्रावधानों का विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बार कौंसिल ऑफ उत्तराखण्ड अधिवक्ताओं की उक्त मांगों का समर्थन करती है। डा. पाल ने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि उक्त कानून में रजिस्ट्रीए वसीयत व अन्य विलेखों को आनलाइन तथा पेप. रलेश किये जाने के प्रावधानों को शीघ्र वापस लेते हुए पूर्ववत किया जाए।

# सरकारी विभागों पर ऊर्जा निगम का करोड़ों बकाया, कार्रवाई की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरकारी विभागों पर ऊर्जा निगम का पांच करोड़ 9 लाख रुपये का भारी बकाया चढ़ा हुआ है। यह बकाया बिजली उपयोग के चलते सरकारी विभागों की ओर से समय पर भुगतान न करने की वजह से बढ़ा है। खासकर नगरपालिका नैनीताल, प्राथमिक शिक्षा विभाग, लोनिवि, हॉस्पिटल, वन विभाग, पुलिस विभाग और अन्य विभागों पर यह बकाया राशि एक बड़ी समस्या बन चुकी है। नगरपा. लिका नैनीताल पर ऊर्जा निगम का बकाया सबसे ज्यादा है जो लगभग 4.12 करोड़ रुपये है। इसके बाद प्राथमिक शिक्षा विभाग पर 38 लाख रुपये, लोक निर्माण विभाग पर 14 लाख रुपये और जिला अस्पताल पर 10 लाख रुपये का बकाया है। वन विभाग, पुलिस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग और उच्च शिक्षा विभाग जैसे सरकारी विभागों पर भी बकाया राशि है जो क्रमशः 7 लाख रुपये, 5 लाख रुपये, 4 लाख रुपये और 4 लाख रुपये है। इसके अलावाए तकनीकी शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग और न्यायिक विभाग पर भी बकाया हैं। इन विभागों का बकाया 2 लाख रुपये है। पशुपालन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और समाज कल्याण विभाग भी इस सूची में शामिल हैं जिन पर ऊर्जा निगम का बकाया बाकी है। मामले में ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया कि सरकारी विभागों पर बकाया रकम दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह स्थिति गंभीर होती जा रही है और यदि इन विभागों ने शीघ्र ही बकाया राशि का भुगतान नहीं किया तो निगम को कड़ी कार्रवाई करनी पड़ेगी। सहगल ने यह स्पष्ट किया कि यदि बकाया राशि का भुगतान समय पर नहीं हुआ तो विभागों की बिजली आपूर्ति को अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय लिया जा सकता है।

# चेन्नई में चयन होने पर शुभम को बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के होनहार एनसीसी कैडेट शुभम भट्ट का ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी ओटीए चेन्नई के लिए चयन होने पर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल तथा शहर के व्यापारियों और होटल एसोसिएशन ने स्वागत किया और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि शुभम भट्ट मूल रूप से अल्मोड़ा जिले के जैंती के रहने वाले हैं। उनके पिता महेश चंद्र भट्ट किसान हैं और माता हेमा भट्ट गृहिणी हैं। शुभम ने अपनी पढ़ाई अम्बाला से पूरी की जिसके बाद नैनीताल में अपनी ताई दीपा भट्ट के वहां रहकर डीएसबी परिसर से बीएससी की पढाई पूरी की, साथ ही वह एनसीसी कैडेट भी रह चुके हैं और 2023 में वह रिपब्लिक डे परेड में वह बेस्ट केडिट ऑफ उत्तराखंड भी रहे इसके साथ ही एनसीसी के माध्यम से वियतनाम भी गए थे। उनकी इस उपलब्धि पर नगरपालिका ईओ दीपक गोस्वामी, प्रमुख राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट महासचिव वेद साह मल्लीताल व्यापार मंडल के महासि. चव त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, सभासद मनोज साह जगाती व युवा होटल व्यवसायी रुचिर साह तथा जुनैद आदि ने स्वागत किया।



# जुलूस के साथ 29वां फागोत्सव कल से

## 6 से 15 मार्च तक होली दल देंगे धमाकेदार प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा में 29वें फागोत्सव के आयोजन के लिए सभा के मंगलवार को प्रेस वार्ता की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोज साह तथा संचालन महासचिव जगदीश बवाड़ी ने किया। महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया कि 29वें फागोत्सव का आयोजन 6 मार्च से 15 मार्च 2025 तक होगा जिसमें 6 मार्च को वैष्णव देवी मंदिर से 11 बजे होली जलूस तथा उद्घाटन 2 बजे सभा भवन में होगा तथा 6 एवं 7 को महिला दलों द्वारा होली प्रस्तुत की जाएगी। 8 मार्च को महिला बैठकी होली, 9 मार्च को चीर धारण और रंग धारण, 10 मार्च को आंवला एकादशी तथा एकल होली गायन, 11 मार्च को स्कूली बच्चे होली गायेंगे तथा 12 मार्च को श्री राम सेवक सभा के बाल कलाक. ार होली प्रस्तुति देंगे। 13 मार्च को होली रंग जलूस तथा पुरुषों की होली तथा होलिका दहन रात्रि में होगा तथा छलडी 15 मार्च को होगी। बताया कि इस वर्ष 2 कुंतल हर्बल रंगों से होली खेली जाएगी और प्लास्टिक का उपयोग न करके होली के रंग रखने के लिए कपड़े के बैग का उपयोग किया जाएगा। इस वर्ष कुल 24 महिला दल कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। जिसमें से 11 टीमें बाहर की और 13 महिला दल नैनीताल के हैं। प्रत्येक दल से एक एक महिला होलियार को सम्मानित किया जाएगा। एकल बैठ होली में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 6 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पुरुष बैठकी होली में 12 लोगों को सम्मानित किया जायेगा। 10 मार्च को वृंदावन पब्लिक स्कूल और अमेरि. कन किड्स स्कूल के नन्हे बच्चों की ओर से प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान अध्यक्ष मनोज लाल साह, महासचिव जगदीश बावड़ी, पूर्व महासचिव राज. ेंद्र लाल साह, मुकेश जोशी, मिथिलेश पांडे, प्रबंधक विमल शाह, मोहित लाल शाह आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### उत्तराखंडी लोक संस्कृति पर कार्यक्रम

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जुटी संगीत संस्कृति फाउंडेशन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तराखंडी लोक संस्कृति पर आधारित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। बता दें संगीत संस्कृति फाउंडेशन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमतीनगर लखनऊ में भारतीय पर्वतीय महासभा के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन हरितीमा पंत के नेतृत्व में 36 कलाकारों के दल ने विहंगम प्रस्तुति दी, जिसमें उत्तराखंडी लोक संस्कृति के साथ ही कई कार्यक्रम पेश किए गए। नृत्य निर्देशन निशि तिवारी, पीयूष पांडे तथा तृप्ति गुप्ता का रहा। उतराखंड का पारंपरिक लोक नृत्य झोड़ा नृत्य प्रस्तुत किया गया। उत्तराखंड का लोक गीत, बसंत ;तु पर हरितीमा पंत तथा रंजना जोशी द्वारा, बेडू पाको बारा मासा की प्रस्तुति से दर्शकों को बैठने के लिए मजबूर कर दिया।

### सचिन का जेआरएफ में 45वां स्थान

**नैनीताल।** अल्मोड़ा जिले के राजकीय महाविद्यालय भतरौजखान के शोध छात्र सचिन बोरा ने यूजीसी जेआरएफ में ऑल इंडिया में 45वां स्थान प्राप्त किया है। बता दें सचिन अपना शोध कार्य राजनीति विज्ञान विषय में डा. केतकी तारा कुमाय्यां के निर्देशन कर रहे हैं, इससे पहले सचिन ने दो बार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की प्रीलिम्स एवं सीएपीएएफ (एसी) तथा एनडीए व सीडीएएस की लिखित परीक्षा पास कर चुके हैं। सचिन की माँ विमला बोरा बाजपुर तहसील में सेवारत हैं। दूसरी ओर कालेज के प्राचार्य प्रो. पुष्पेश पांडे, शोध प्रसार समिति समन्वयक डा. अजय सक्सेना समेत अन्य लोगों ने सचिन के बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ऋण जमा अनुपात लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

**अल्मोड़ा।** जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ऋण वितरण तेजी से किया जाए और ऋण जमा अनुपात का 80: लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरा किया जाए। सीडीओ ने सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और स्वरोजगारपरक योजनाओं को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं और नाबार्ड कार्यों की समीक्षा की गई।

### दिव्यांग सर्वे कार्य कराने पर जताई नाराजगी

**अल्मोड़ा।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से दिव्यांग सर्वे कार्य कराने का विरोध तेज हो गया है। मामले को लेकर मंगलवार को उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी संगठन अल्मोड़ा के बैनर तले कार्यकत्रियों ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता तिवारी ने कहा कि विभागीय कार्यो के अलावा अन्य विभागीय कार्यो को भी कार्यकत्रियों पर थोपे जा रहे हैं।

### गरिमा तिवारी ने पदभार संभाला

**अल्मोड़ा।** राजकीय उद्यान चौबटिया में स्थाई अधीक्षक की तैनाती हो गई है। चार साल बाद गरिमा तिवारी ने अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उन्होंने उद्यान क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और इसके विकास की संभावनाओं पर मंथन किया।

### आओ बृजराज खेलें होली..

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में होली कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में महिलाओं एवं युवतियों को होली गायन व नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत हर रोज सिद्धि के दाता विघ्न विनाशन..., होली खेले गिरिजापति नंदन..., आओ आओ बृजराज खेले होली..., पीपल की पटिया झलके झालर नाचत मोर..., राजा दशरथ बांस काटन को..., अंगूठा लगी फांस...तथा नदी यमुना के तीर... आदि होली गीतों व नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मोहिनी, शांति, सुमन, अंजू, भावना, जया, गंगा, शालू, प्रेमा, गीता तथा प्रियांशी, रिया, अनीता, आकांशा, रीमा तथा रजनी आदि भाग ले रही हैं। समिति की अध्यक्ष शैलजा सक्सेना ने बताया कि यह प्रशिक्षण एक सप्ताह पूर्व से दिया जा रहा है।

# पोर्टल पर 9 तक करें आवेदन

**नैनीताल।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर 9 मार्च रविवार तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी डौल्वी तेवतिया तथा कार्यक्रम अधिकारी शिवांगी चनियाल ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। बताया कि विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए 9 मार्च रविवार तक आवेदन कर सक ते हैं। विजेता राज्य विधानसभा और देश की संसद में विचार रख सकेंगे। कहा कि प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन करने के बाद एमवाई भारत पोर्टल पर 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा। जिसका विषय है आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है। इस विषय पर आने वाले वीडियो में से 150 उत्कृष्ट वीडियो का चयन किया जाएगा। इसके बाद 150 प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इन प्रतिभागियों में से 10 प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। इनको राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए विधानसभा भेजा जाएगा और राज्य स्तरीय कार्यक्रम में से तीन प्रतिभागियों का राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयन किया जाएगा। जिन्हें संसद दिल्ली में अपने विषय को प्रस्तुत करने के लिए भेजा जाएगा। कहा कि विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद 2025 के आयोजन के लिए कुमाऊँ विवि नैनीताल का डीएसबी कैम्पस के रूप में नामित किया गया है।

# पंतनगर विश्वविद्यालय में 26वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विश्वविद्यालय में स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के तहत 26वीं स्टाफ एथलेटिक प्रतियोगिता का उद्घाटन 3 मार्च 2025 को स्टीवेंसन स्टेडियम में हुआ। कुलसचिव डा. दीपा विनय ने झंडारोहण किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में बाल निलयम जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और मुख्य अतिथि ने मशीव प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय एथलीट सुदीष राय, उमा भंडारी और जया भाकुनी को सौंपा। प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर दौड़ के विजेता घोषित किए गए। महिला वर्ग में सरोज चौहान, रितिका भट्ट और नीता पांडेय ने क्रमशः 30, 35 और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। पुरुषों में पवन जोशी, नीतीष रावत, संदीप रमोला, सुदीष राय और सुरेन्द्र बिष्ट समेत कई अन्य ने विभिन्न आयु वर्गों में शीर्ष स्थान हासिल किए। सभी विजेताओं को पूर्व स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य डा. संजीव कुमार, डा. डीपी सिंह, डा. मंजू जोशी और प्रभाकर जोशी ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में क्लब के अध्यक्ष डा. एएस जीना, डा. ओम प्रकाश, डा. भाष्कर तिवारी, डा. श्वेता राय, डा. राजीव रंजन और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# घर में घुस गया गुलदार का शावक

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय में पिछले कुछ दिनों से गुलदार की दहशत बनी हुई है। गुलदार हर रोज अलग-अलग क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। रात्रि में इधर उधर घूम रहे गुलदार से लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। बता दें कि पिछले कुछ दिन पूर्व गुलदार के तीन शावक पिटकुल के बाउंड्री के आस पास दिखाई दिए थे। लोगों की सूचना के बाद एक शावक को वन विभाग ने सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। वही दो अन्य अभी भी अपने परिवार से बिछड़े होने की संभावना है। जिसके चलते गुलदार लगातार आबादी वाले क्षेत्रों में घूम रहा है। इसी क्रम में बीते सोमवार की रात गुलदार बिलौना में दिखाई दिया। यहां कफौली गांव में किचन में काम कर रही 45 वर्षीय महिला कमला देवी पत्नी त्रिलोक चंद्र पांडे अपनी बेटी के साथ खाना बना रही थी। अचानक गुलदार का शावक किचन तक आ पहुंचा। मां बेटी के चिल्लाने के बाद वह उन पर हमला करने की कोशिश करने लगा। तभी उनके कुत्ते के साथ शावक की लड़ाई हो गई। इस बीच कमला देवी दहशत से गिर कर चोटिल हो गई। घर के अन्य सदस्यों ने जब शोर किया तो शावक भगाने लगा। तभी भागते हुए वह चूल्हे में फंस गया। इसी बीच ग्रामीणों ने वन विभाग को घटना की सूचना दी गई। करीब आधे घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार के शावक को रेस्क्यू कर घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां महिला का उपचार चल रहा है। वही दूसरी ओर ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में सर्च अभियान चलाने की मांग की है। लोगों को अभी भी शक है कि गुलदार अपने परिवार को ढूंढते हुए फिर आबादी वाले क्षेत्रों में आने की को. शिश करेगा। इधर रेंजर श्याम सिंह करायत ने बताया कि चूल्हे में फंसे गुलदार के शावक को सुरक्षित रेस्क्यू कर पकड़ लिया गया है। जिसे प्राकृतिक आवास में छोड़ा दिया जाएगा। शावक लगभग नौ माह का होने की संभावना है।



# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के सात नम्बर क्षेत्र में सोमवार की देर रात में एक घर में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से घर का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार नगर के सात नंम्बर क्षेत्र में तारी राम के घर मे शॉर्ट सर्किट हो गया। जिसके चलते घर में आग फैल गई। इससे पहले की वह आग बुझा पाते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग देख क्षेत्र में हड़कंप मच गई और घर के अंदर से लोग बाहर भाग गए, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। हालांकि आगजनी से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, वहीं फायर व पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच चुकी थी। फायर ब्रिगेड की ओर से नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। फिलहाल घर के लोगों का कहना है कि उनका रखा जेवर भी आग की भेंट चढ़ गया है। उन्होंने दो से तीन लाख रुपये का नुकसान होने की बात कही है। इस दौरान हरनाम सिंह, हिमांशु, रमेश प्रसाद सभासद, राकेश पवार, आशु उपाध्याय, ईशान, सागर आर्य, अंशुल, गणेश सिंह व धर्मेंद्र बिष्ट ने आग बुझाने में मदद की।



# एक किलो से अधिक चरस के साथ एक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा के नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश पर लगातार नशा तस्करों की गिरफ्तारी की जा रही है। चेकिंग के दौरान अल्मोड़ा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने नगर के करबला के पास एक युवक को चरस के साथ दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से 1. 027 किलो चरस बरामद हुई। जबकि दूसरा आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कोतवाल योगेश उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने करबला के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान करबला के पास दो लोग स्कूटी से आते दिखाई दिए। पुलिस को देख दोनों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने कुछ दूरी पर एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि दूसरा पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहा। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम हरीश चन्द्र जोशी, निवासी ग्राम टानी धामस अल्मोड़ा बताया। तलाशी लेने पर स्कूटी से 1.027 किलो चरस बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि फरार आरोपी केमू स्टेशन के पास चाय की दुकान चलाता है। पुलिस ने पकड़ गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यहां टीम में धारानौला चौकी प्रभारी आनंद बल्लभ कश्म. ीरा, राजीव जोशी, राजेश भट्ट, इरशाद उल्लाह शामिल रहे।

## सीएम ने नेहरू स्टेडियम में किया 'विकसित भारत-विकसित उत्तराखण्ड' मेगा प्रदर्शनी का दीप जलाकर उद्घाटन

# मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ा रहा है भारत : धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को रूड़की के नेहरू स्टेडियम में ''विकसित भारत-विकसित उत्तराखण्ड'' मेगा प्रदर्शनी का दीप जलाकर व फीता काटकर उद्घाटन किया तथा मेगा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित हो रहे है भारत और उत्तराखंड की अद्भुत और जीवंत छवि को प्रस्तुत करने के लिए सुंदर और ज्ञान प्रदर्शक ये प्रदर्शनी निश्चित रूप से बहुत ही शानदार है और एक ऐसा वातावरण प्रदान कर रही है जिसमें हम सभी को एक नए भारत की झलक दिखाई दे रही है, सबको खुशी की अनुभूति हो रही है। उन्होंने राज्य सभा सांसद नरेश बंसल जी द्वारा लगाई गई मेगा प्रदर्शनी की खासियत बताते हुए कहा कि डीआरडीओ, इसरो, टीएचडीसी, और भारतीय मानक ब्यूरो के साथ ही अनेक केंद्रीय एजेंसियों द्वारा स्टॉल लगाकर विकसित भारत एवं आत्म निर्भर हो रहे भारत की उपलब्धियों के विषय में बताया जा रहा है। राज्य के विभिन्न विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यों एवं नवाचारों को प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया है, इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा भी स्टाल लगाकर स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु रखा गया है। उन्होंने कहा कि ये प्रदर्शनी न केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हमारे देश को मिल रही उपलब्धियों को उजागर कर रही है, बल्कि ये आगामी



2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की प्रतिबद्धता से जन-जन को जोड़ने का कार्य भी कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान भारत शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, विज्ञान, शोध, उत्पादन और तकनीकी विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में विश्व के बड़े-बड़े देशों को पीछे छोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है, इसी का परिणाम है कि आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। इसके साथ ही, आज भारतवर्ष विश्व के एक प्रमुख सांस्कृतिक केंद्र के रूप में भी अपनी पहचान पुर्नस्थापित कर रहा है, चाहे योग की वैश्विक स्वीकार्यता हो, अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य एवं दिव्य मंदिर का निर्माण हो, या फिर हाल ही में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर संपन्न हुआ विश्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक समागम महाकुंभ हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही उसे वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर, भारतीय सेना के आधुनिकीकरण से लेकर सामरिक क्षेत्र में मजबूती तक, भारत का कद वैश्विक स्तर पर निरंतर ऊपर उठ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जन धन योजना, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना और गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी अनेकों योजनाएँ लागू कर देश के 25 करोड़ लोगों को बहु आयामी गरीबी रेखा से बाहर लाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूर्ण करने में उत्तराखंड भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश से पलायन जैसी बड़ी समस्या के समाधान हेतु भी संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जहां एक ओर औद्योगिक नीति, लॉजिस्टिक नीति, स्टार्टअप नीति, निर्यात नीति और एमएसएमई नीति सहित अनेक नई नीतियां बनाकर उत्तराखंड को निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक अग्रणी प्रदेश के रूप में विकसित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ रुपए का एक वेंचर फण्ड भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने प्रसन्नता व्यकत करते हुए कहा कि हमने एक वर्ष के भीतर प्रदेश की बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड 4.4 प्रतिशत कमी लाकर राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ने का काम किया है और इतना ही नहीं, पिछले साढ़े तीन वर्षों में सरकार ने प्रदेश के 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित रखने के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि श्री केदारनाथ धाम एवं श्री बद्रीनाथ धाम में पुनर्निर्माण के साथ ही मानसखंड में स्थित कुमाऊँ के पौराणिक मंदिरों के पुनरुत्थान एवं सौंदर्गीकरण हेतु करोड़ों की लागत से परियोजनाएँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष से प्रदेश में शीतकालीन चारधाम यात्रा का शुभारंभ भी किया गया है, जिसके वृहद् स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए जल्द ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी स्वयं शीतकालीन यात्रा का हिस्सा बनने उत्तराखंड पधारने वाले हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का विकास सुनिश्चित करने के साथ ही प्रदेश के हित में कई कठोर एवं ऐतिहासिक निर्णय लेने का कार्य भी किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करना हो, देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू करना हो, धर्मांतरण रोधी और दंगा रोधी कानून लागू करना हो या लैंड जेहाद, लव जेहाद और थूक जेहाद के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सु:ख-शांति बनाए रखने के साथ ही प्रदेश की डेमोग्राफी संरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने भू-सुधार एवं भू-प्रबंधन कानून जिसे भू-कानून के रूप में भी जाना जाता है, को लागू कर स्पष्ट कर दिया है हम भू-माफियाओं को उत्तराखंड से भगाकर ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि इस कानून से असल निवेशकों को बिल्कुल भी परेशान होने की जरूरत नहीं है, वस्तविक निवेशकों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, कल्पना सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, विधायक प्रदीप बत्रा द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये तथा राज्य सभा सासंद नरेश बंसल द्वारा अभिनन्दन पत्र पढ़कर सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, कल्पना सैनी, नरेश बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरन चौधरी, मेयर अनिता अग्रवाल, विधायक प्रदीप बत्रा, आदेश चौहान, बीजेपी जिलाध्यक्ष शौभाराम प्रजापति, दर्जा राज्यमंत्री श्वामवीर सैनी, पूर्व कैबीनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द, पूर्व विधायक सजय गुप्ता, देश्राज कर्णवाल, सुरेश चन्द्र जैन, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष मिश्रा, अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी सहित सिद्धार्थ बंसल, तरूण, वैभव गोयल सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी तथा क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

# पुलिस ने शातिर पशु चोर दबोचा दो साथी हुए फरार, धरपकड़ जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक शातिर पशु चोर को गिरफ्तार किया है। उसके दो अन्य साथियों को तलाश जारी है मौके पर अभियुक्त के कब्जे से संबंधित नंबर की बोलेरो दो भैंस कटरा भैंसा भी बरामद हुआ है। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार अभियुक्त की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार 28 फरवरी 2025 एवं 1 मार्च की रात में विनेश कुमार पुत्र दिलेराम निवासी भोगपुर गौरव कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी फतवा के द्वारा अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि में दो भैंस एक कटरा भैंसा चोरी करने के संबंध में पत्र दिया था जिसमें संबंधित मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पशु चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण के लिए सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी लोकपाल परमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर सीसीटीवी कैमरा की जांच करते हुए 2 मार्च 2025 को चेकिंग फुलगढ शिवगढ़ तिराहे के पास दो भैंस एक कटरा भैंसा बरामद किया गया जिसमें संबंधित नंबर की बोलोरो पिकअप मुजफ्फरनगर लेकर जा रहा था वहां से एक व्यक्ति ताबीज को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम ताबिज पुत्र आशू निवासी ग्राम नूर कस्बा खालापार खाना खालापार जनपद मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बताया उसके दो साथी भूरा पुत्र जीफा निवासी नूर कस्बा खालापार थाना उपरोक्त दानिश पुत्र आशु निवासी ग्राम नूर कस्बा पता उपरोक्त बताए। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी लोकपाल परमार कांस्टेबल प्रकाश खंनेडा अरुण नेगी अमित रावत वीरेंद्र विनय थपलियाल शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। फरार अभियुक्त की तलाश जारी है।

## संदिग्धों के खिलाफ पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेश पर संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जानकारी पर लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र स्कूलों बाजारों में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की गहनता से चेकिंग कर प्रभावित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था जिसमें अलग-अलग क्षेत्र में पुलिस टीम बनाई गई पुलिस टीम के द्वारा चेकिंग करते हुए तीन मोटरसाइकिल व एक ट्रक डंपर संबंधित धाराओं में सीज किया गया। आठ चालान नगद एमवी एक्ट 4000 संयोजन शुल्क वसूला गया। 12 चालान 81 पुलिस एक्ट नकद 3000 संयोजन शुल्क वसूला गया। उन्होंने बताया आगे भी इसी तरह से चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने शायर अफजल मंगलोरी के उर्दू काव्य 'तेरे बाद' का किया विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड उर्दू अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष व अंतर्राष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी के उर्दू काव्य संग्रह ष्तेरे बादष का विमोचन उत्तराखंड के उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के द्वारा भाषा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित साहित्यिक उत्सव के अवसर पर देहरादून सभागार में किया गया।

इस अवसर पर उत्तराखंड के भाषा,वन व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक राजपुर खजान दास व भाषा संस्थान उत्तराखंड की निदेशक स्वाति भदौरिया सहित हिंदी,उर्दू,गढ़वाली, कुमांयूनी भाषा के साहित्यकार, लेखक, पत्रकार व अधिकारी मौजूद रहे। निदेशक ने बताया कि यह पुस्तक भाषा संस्थान की आंशिक आर्थिक सहायता से प्रकाशित की गई है। उन्होंने कहा कि अफजल मंगलोरी ने उत्तराखंड का नाम केवल देश ही में



नही बल्कि विदेशों में भी रौशन किया है,जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

## तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

**लक्सर।** लक्सर मे तहसील दिवस का आयोजन किया गया है एसडीम के द्वारा लोगों की जन समस्याएं सुनी गई है। आज तहसील दिवस में एसडीम आज जो कामचोर कर्मचारी है उनके खिलाफ सख्त मुड में दिखाई दिये।

लकसर उप जिला अधिकारी सौरभ अस्वाल ने कहा की आज तहसील दिवस में 40 शिकायत आई हैं उन्होंने कहा जो भी शिकायत आई हैं उनको संबंधित कर्मचारियों के पास टाइम बाउंड निपटारे के लिए भेज दिया गया है उन्होंने यह भी कहा की सभी कर्मचारियों को अपनी शिकायत पर गंभीरता से काम करना होगा जिससे फरियादी को चक्कर ना काटना पड़े क्योंकी गरीब आदमी जब भी तहसील में आता है वह अपना काम छोड़कर तहसील में आता है उन्होंने कहा ज्यादातर शिकायत राजस्व विभाग की आई है।

# पुलिस ने पांच हजार के इनामी गैंगस्टर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 5000 के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया गया है जो गिरोह बनाकर लूटपाट नशा तस्करी व अवैध असलाह रखने जैसी घटनाओं को अंजाम देता था।

जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया वर्तमान में पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड द्वारा वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद पुलिस को वाछित इनामी अभियुक्त गण की धर पकड़ के लिए निर्देशित किया गया था। जिसमें पुलिस के द्वारा बारीकी से जांच करते हुए मुखबिर की सूचना पर श्रवण पुत्र रमेश गिरी निवासी दौलतपुर थाना खानपुर हरिद्वार हाल सिंचाई विभाग कॉलोनी धनौरी थाना कलियर हरिद्वार मूल पता दुगचाडा थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। इसके खिलाफ करीब आधा दर्जन मुकदमे संबंधित पंजीकृत हैं। उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल हेड कांस्टेबल पंचम प्रकाश गंगा सिंह शामिल रहे पकड़े गए इनामी को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए इनामी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# चमनलाल महाविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता बालक वर्ग और बालिका वर्ग दोनों के लिए आयोजित की गई क्रीडा समन्वयक विपुल सिंह ने समस्त छात्राओं का खेल के प्रति उत्साह वर्धन किया और आगामी दिनों में विश्वविद्यालय के लिए प्रतिभाग करने हेतु छात्र-छात्राओं के लिए टीम के चयन का भी निर्देश दिए।

चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता के पहले दिन कैरम बोर्ड में दामिनी और ज्योति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया अनामिका ने द्वितीय तथा सना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 100 एवं 200 मीटर की रेस में हरिकेश रावत ने प्रथम अनुपम ने द्वितीय तथा अमन ने तृतीय





स्थान प्राप्त किया। लंबी और ऊंची कूद में राज ने प्रथम अमन ने द्वितीय और सुधांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेक प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में अंजिता ने प्रथम रिया ने द्वितीय और विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही भाला फेंक प्रतियोगिता में राज ने प्रथम सुधांशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चक फेक प्रतियोगिता में अंजिता ने प्रथम रिया चौधरी ने द्वितीय और विशाखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में छात्र मोबाइल लैपटॉप इत्यादि से ही अपना मनोरंजन करता है जो की अत्यंत घातक है। खेल स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे संपूर्ण मस्तिष्क को बल मिलता है। तथा समस्त मांसपेशियों का संतुलन भी बना रहता है। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर एवं वीर चंद्र सिंह गढ़वाली क्रीड़ा मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अधिकांश छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा कोषाध्यक्ष अतुल हरित एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

## बिजली का तार टूटने से लगी आग, दो बीघा गन्ने की फसल जलकर राख

**लक्सर।** क्षेत्र के नहेन्दपुर सूठारी गांव के जंगल में 11000 की लाइन खेतों के ऊपर से जा रही थी 11000 की लाइन के तार टूट जाने से गन्ने के खेत में आग लग गई जिससे दो बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। खेत स्वामी ने बताया की किसी भी अधिकारी के द्वारा हमारी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है और ना ही हमें अपनी फसल का मुआवजा मिला है उन्होंने यह भी बताया की अधिकारियों की ओर से कोई अशवासन नहीं मिला उसके बाद रात में एसडीओ ने खेत स्वामी को मदद का अशवासन दिया है अभी तक बिजली विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई हैलक्सर नेहन्दपुर सुठारी मैं मिनाक्षी पत्नी अमित कुमार की सरकारी टयूवैल 61 एलजी नहेन्दपुर सूठारी में मौजूद है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है की मेरा पुत्र कुलदीप सिंह विदेश में काम कर्ता है और पुत्रवधू हमें परेशान करती है। अपने पुत्र कुलदीप सिंह व पुत्रवधू सुरजीत कौर की हरकतों से तंग आकर मैं दोनो को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं आज के बाद दोनो के किसी भी अनैतिक कार्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

गुरमुख सिंह पुत्र शीशा सिंह नि. ग्राम बॉडी टीप थाना व तहसील हरिद्वार।

## हेरा फेरी से पैसे निकालने वालों पर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के रायसी पुलिस चौकी में कलशया निवासी महिलाओं ने एक पत्र देकर हेरा फेरी कर निकले गये पैसे निकालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जय माता दी स्वय सहायता समूह की सचिव रिंकू पत्नी सोनू निवासी कलसिया आज अपने सदस्यों के साथ भारतीय स्टेट बैंक रायसी में पहुंची वहां पर उन्होंने बताया हमारे समूह की अध्यक्ष उरमेश पत्नी अमित निवासी कलसिया के द्वारा ६ लाख मेरे बगैर दस्तक के अपने आप ही निकाल लिए हैं और उनका हमें कोई हिसाब किताब नहीं दिया जा रहा है उन्होंने कहा जिस तरह से यह पैसे निकाले गए हैं इसमें और भी कुछ व्यक्ति मिले हुए होंगे क्योंकि हमने सहायता समूह में करीब 5 साल तक पैसे जमा किए थे रमेश के द्वारा हमें बगैर बताओ ही करीब 6 लाख रुपए निकाल लिए गए वहां पर उस वक्त जय माता दी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष उमरेश का देवर आ गया और हंगामा करने लगा हंगामा बढ़ता देख सहायता समूह की सचिव अपने सदस्य महिलाओं को लेकर रायसी पुलिस चौकी में पहुंच गई और उन्होंने पुलिस में पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई और हेरा फेरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस के द्वारा बताया गया कि जो जय माता दी स्वय सहायता समूह की सचिव के द्वारा पत्र दिया गया है उसमें बारीकी से जांच की जाएगी जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

## रुड़की पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गैर जमानतीय वारण्ट/ईनामी/वाँछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पूरे जिले मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा अभियान चालाया जा रहा है, जिसके क्रम मे थाना प्रभारी के द्वारा थाना स्तर पर टीम गठीत कर गैर जमानतीय वारण्ट की तामील हेतु टीम को रवाना किया गया जिसके क्रम मे दिनाँक 04.03.2024 को मा0 न्यायालय से प्राप्त वारण्ट पर वारण्टी नफर वारण्टी अभि0 चतरपाल पुत्र शिव कुमार निवासी ग्राम रहमतपुर पोस्ट पिरान कलियर तहसील रूडकी जिला हरिद्वार को उसके मस्कन पिरान कलियर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण कोन्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार वारण्टी चतरपाल को पकडने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 विपिन कुमार कोतवाली रूडकी, का0 प्रयाग जोशी कोतवाली रूडकी आदि शामिल रहे।

# बदसलूकी पर पत्रकारों ने फूंका विधायक प्रदीप बत्रा का पुतला

## विधायक व मेयर के माफी न मांगने तक रखेंगे उनके कार्यक्रमों का बहिष्कार, काली पट्टी बांधकर करेंगे काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम बोर्ड बैठाके में कवरेज को गए पत्रकारों का अपमान करने के विरोध में मंगलवार को विधायक प्रदीप बत्रा और मेयर अनीता अग्रवाल के खिलाफ नारेबाजी कर उनका पुतला फूंका गया। इसके साथ ही तय किया गया कि दोनों जनप्रतिनिधियों के द्वारा माफी न मांगने तक सभी पत्रकार विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। वहीं सीएम के सामने मामला रखने जा रहे पत्रकारों को पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने रोक लिया।

बीते रोज नगर निगम बोर्ड की बैठक में जाने से मीडिया को रोका गया था और विधायक प्रदीप बत्रा ने उनके साथ धक्का मुक्की भी की। इसके विरोध में पत्रकारों ने बोर्ड बैठक का बहिष्कार किया और मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बहिष्कार भी बात कही थी। तय कार्यक्रम के अनुसार आज पत्रकार मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में नहीं गए और सभी ने एकत्र होकर हाथ पर काली पट्टी बांधने के साथ विधायक,मेयर की शव यात्रा निकाली और चन्द्रशेखर चौक पर उसे आग के हवाले किया।



पत्रकारों ने तय किया कि माफी न मांगे जाने तक विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर ही कार्य करेंगे। वहीं पुतला फूंकने के बाद पत्रकारों ने सीएम के कार्यक्रम की ओर जाने का रुख किया। लेकिन पुलिस ने नए पुल के समीप पत्रकारों को पुलिस ने रोक लिया इस दौरान पत्रकार सांकेतिक रूप से धरने पर भी बैठे। मौके पर पहुंचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा,एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने पत्रकारों से वार्ता की

**❖मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे पत्रकारों को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसपी देहात ने समझा बुझाकर लौटाया**

और वापस लौटने की अपील की। प्रेस क्लब महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह उर्फ बिल्लू रोड एवं प्रेस क्लब रुड़की के अध्यक्ष बबलू सैनी ने कहा कि जब तक मेयर और विधायक प्रेस क्लब में आकर माफी नहीं मांगते तब तक विरोध जारी रहेगा। जिस कार्यक्रम में मेयर और विधायक शामिल होंगे उस कार्यक्रम की कवरेज नहीं की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुभाष सैनी,रामकुमार शर्मा,महेश मिश्रा,देवेंद्र वर्मा, हरिओम गिरी,अनिल गोयल,योगराज पाल, दीपक अरोड़ा, नितिन कुमार, गौरव वत्स,टीना शर्मा, सुभाष सक्सेना, तोशेंद्र पाल,सुरेंद्र वर्मा, रियाज कुरैशी,



राहुल सक्सेना,मिक्की जैदी, ब्रह्मानंद चौधरी, अरुण सोनकर, अंकित कुमार, अश्वनी उपाध्याय, डाक्टर अरशद,संदीप चौधरी, सुनील पटेल,अमर मौर्य, प्रिंस शर्मा,जिशान मलिक, नसीम मलिक, मनोज जुयाल, संदीप पोहीवाल,विकास भाटिया, सरवर साबरी,सोनिया सैनी,सीमा कश्यप,अभिषेक शर्मा, मनवर कुरैशी, नाजिम, दिनेश सैनी,रजनीश सहगल,सोनी रोड, शानू सिंघल,दीक्षा आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

बुधवार, 5 मार्च 2025

## नाजुक दौर में दुनिया

इस समय दुनिया बेहद नाजुक दौर से गुजर रही है। चारों ओर चुनौतियां ही चुनौतियां दिखाई दे रही है विडंबना यह है कि इन समस्याओं का कोई और छोर दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरे विश्व की निगाहें लगी थी, यह जानने के लिए की 20 जनवरी 2024 को शपथ लेने के बाद वह किस तरह के फैसले लेते है, यह देखकर और भी कि ट्रम्प का कहना था कि जैसे ही वह सत्ता में आएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध व इजरायल-हमास के बीच संघर्ष उनकी प्राथमिकता में होगा। वह यहां तक कहते थे कि किसी भी कीमत पर वह शांति स्थापित करने में सफल होंगे। उनकी बातों को उस समय बल मिल गया जब शपथ एक दिन पूर्व हमास व इजरायल के बीच सीजफायर हो गया। ट्रम्प ने शपथ लेने के बाद रूस से भी बातचीत शुरू की और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने यह बातचीत सऊदी अरब की राजधानी रियाद व उसके बाद तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में की इस बीच गत शुक्रवार को सीधी बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व यूक्रेन के राष्ट्रपति वलादिमिर जेलेंस्की के बीच वार्ता वॉशिंगटन में हुई, जोकि पूरी तरह असफल रही। वह इस हद तक असफल रही कि इसने शांति प्रक्रिया की गाड़ी को सीधे पटरी से उतार दिया। सितम देखिए जो यूरोप-नाटो अमेरिका के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते आए है। एकाएक बदलते नाटकीय घटनाचक्र में एक-दूसरे के सामने खड़े दिखाई दे रहे है। वहीं अमेरिका अपने दुश्मन रूस के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। यह वहीं अमेरिका है जो तीन साल तक रूस-यूक्रेन संघर्ष में राष्ट्रपति बाइडन की छत्रछाया में यूक्रेन के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा दिखाई दिया, लेकिन ट्रम्प के सत्ता सम्भालते ही सब कुछ उलट-पुलट हो गया। लगता है डोनाल्ड ट्रम्प कुछ ज्यादा ही तेजी में है जिस तरह वह ताबड़तोड़ एक के बाद एक विवादस्पद व कठोर फैसले ले रहे है उससे लगता है तो वह अमेरिका को रातों रात अमेरिका को बुलंदी की नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते है। जहां तक बात ट्रम्प की चाहत की है इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। हर शासक चाहता है कि उसके नेतृत्व में देश नई ऊंचाई को छुए ऐसे में अगर ट्रम्प भी ऐसा सोचते है तो इसमें गलत कुछ भी नहीं, लेकिन जब कोई शासक हड़बड़ी में दिखाई देता है और वह शासक भी अमेरिकी शक्तिशाली देश का हो, तो कई सवाल खड़े हो जाते है। यहीं कारण है आज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को लेकर दुनिया काफी आश्चर्यचकित दिखाई दे रही है अमेरिकी राष्ट्रपति एक के बाद एक फैसलों से बड़ी विचित्र सी स्थिति पैदा कर रहे है। किसी की समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प वास्तव में चाहते क्या है, कोई यह भी नहीं समझ पा रहा है कि वह कब क्या फैसला ले लें। यही कारण है न तो अब तक रूस-यूक्रेन युद्ध पर कोई फर्क पड़ता दिखाई दे रहा है और हमास-इजरायल संघर्ष विराम समझौता भी टूटता दिखाई दे रहा है।

## आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं



**सुरक्षा** से संबंधित मौजूदा जटिल परिदृश्य की चुनौतियों को देखते हुए आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेन्सियों के बीच परस्पर सहयोग और तालमेल बेहद जरूरी है, आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं है, इन दोनों को अलग-अलग करके, नहीं देखा जा सकता है, ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जरूरी यह है कि आंतरिक और बाह्य चुनौतियों के बदलते स्वरूप को देखते हुए हम सुरक्षा नीतियों को भी उसी प्रकार से ढालें, यह जरूरी है कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए और संस्थाएं अकेले नहीं, बल्कि एक दूसरे के साथ सहयोग के दृष्टिकोण से काम करें, अभी हाइब्रिड वारफेयर, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों जैसे गैर पारंपरिक खतरे सामने आ रहे हैं और इनके कारण सुरक्षा संबंधी परिदृश्य इतना जटिल हो गया है कि इससे निपटने के लिए डीआरडीओ, केन्द्रीय पुलिस बलों और अन्य संस्थाओं के बीच सहयोग जरूरी बन गया है।

**राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**

# पार्टी के गिरते ग्राफ से चिंतित तो नहीं मायावती



**अशोक भाटिया**

> आकाश आनंद को हटाने के पीछे सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है, अशोक ने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है, आकाश के स्थान पर उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे, आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है

बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। इनके जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया।मायावती ने अपने बयान में कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंच. ाने के साथ ही साथ आकाश के राजनी. तिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। आकाश के स्थान पर




उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। आनंद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है। उनका पूरा सहयोग करने के लिए रामजी गौतम को भी नेशनल कोओर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। इन दोनों में से आनंद कुमार का प्रमुख कार्य दिल्ली में अधिक रहकर पार्टी का पूरा पेपर वर्क अन्य जरूरी कार्य देखेना होगा। साथ ही पूरे देश में अपना सम्पर्क बनाकर रखेंगे। वहीं रामजी गौतम पूरे देश और हर राज्यों में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को भी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराएंगे।

बसपा चीफ ने साल 2019 में आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था। वहीं, अपने ही भाई को पार्टी के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ताजा फैसले के जरिए मायावती संदेश देना चाहती हैं कि बसपा का मिशन उनके परिवार से पहले आता है।इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि दोनों को पद दिए जाने के बाद मायावती पर वंशवाद फैलाए जाने के आरोप लग रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि बसपा के वरिष्ठ नेताओं का एक वर्ग आनंद के बढ़ते कद से खास खुश नहीं था।

उत्तरप्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद दलित युवाओं में खासे लोकप्रिय हैं। साथ ही वह पार्टी के नाम के साथ ही इस बात पर दावा पेश करते नजर आ रहे हैं कि वह ही कांशीराम की राजनी. तिक विरासत के उत्तराधिकारी हैं। अब कहा जा रहा है कि आनंद को पद से हटाए जाने के जरिए मायावती यह दिखाने की कोशिश में भी हैं कि वह कांशीराम की विरासत की असली उत्तराधिकारी हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि बहुजन समाज पार्टी का किला लगातार ढहता जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी 10 सीटों से शून्य पर आ गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ, इसमें भी पार्टी का खाता तक नहीं खुला। हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी बसपा की हालत खराब ही रही। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी कुछ खास नहीं कर पाई। पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे राजनीतिक विश्लेषक सबसे बड़ा कारण पार्टी से नेताओं की विदाई मान रहे हैं। उनका मानना है कि अब पार्टी के पास पहले जैसे कद्दावर नेता बचे नहीं हैं। यही वजह है कि पार्टी को इसका लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है।साथ ही बसपा के खराब प्रदर्शन से पार्टी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में जो पहले कभी नहीं हुआ था वह पहली बार बहुजन समाज पार्टी ने साल 2007 में अकेले दम पर कर दिखाया था। बीएसपी ने 212 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश की सत्ता पर अधिकार जमाया। इससे पहले भी तीन बार बीएसपी सुप्रीमो मायावती विभिन्न पार्टियों के सहयोग से सरकार बनाती रहीं, लेकिन चौथी बार जब मायावती की सरकार बनी तो किसी भी दल की जरुरत बीएसपी को नहीं पड़ी। हालांकि 2012 आते-आते पार्टी का ग्राफ गिरने लगा।

चाहे लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा, पार्टी को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली। 2019 में बहुजन समाज पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और 10 सीट पाने में कामयाब हुई। एक समय पार्टी में नसीमुद्दीन सिद्दीकी और इंद्रजीत सरोज का जलवा था। पर 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हुआ। पार्टी ने अकेले दम पर चुनाव लड़ा। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट को छोड़ पार्टी कहीं भी नहीं जीत पाई। रसड़ा के बारे में माना जाता है कि यहां से विधायक उमाशंकर सिंह निर्दलीय भी लड़े तो भी जीतने में सक्षम हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से पार्टी ने अकेले लड़ने का फैसला किया। लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुला।




बहुजन समाज पार्टी की उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार रही। बसपा सुप्रीमो मायावती का टेरर इस कदर था कि पार्टी के नेता और सरकारी अधिकारी उनसे घबराते रहे। पार्टी में उस समय ऐसे कद्दावर नेता थे जो दूसरी पार्टियों में नहीं थे। इनमें नसीमुद्दीन सिद्दीकी को मायावती के बाद दूसरे नंबर का माना जाता था।आरके चौधरी का नाम बसपा के बड़े नेताओं नें शामिल था। पार्टी से बाहर होने के बाद सपा से सांसद हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य, रामअचल राजभर, बाबू सिंह कुशवाहा, इंद्रजीत सरोज, आरके चौधरी, लाल जी वर्मा और अशोक सिद्धार्थ जैसे बड़े नेता पार्टी में थे। सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं देशभर में पार्टी का दबदबा था। धीरे-धीरे पार्टी के नेताओं पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने एक्शन लेना शुरू किया और उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। ज्यादातर नेताओं ने समा. जवादी पार्टी का दामन थाम लिया और वर्तमान में विधायक, सांसद और राष्ट्रीय महासचिव तक बने हुए हैं, जबकि बहुजन समाज पार्टी की स्थिति यह हो गई है कि मायावती के बाद कोई ऐसा नामचीन चेहरा पार्टी में नहीं रह गया है जो जनता से सीधे तौर पर जुड़ा हो। गौर करने वाली बात यह भी है कि बसपा सुप्रीमो मायावती चुनाव में गिनी चुनी जनसभाएं ही करती हैं, जिसके चलते जनता पर उसका प्रभाव भी नहीं पड़ रहा है। यही वजह है कि देशभर में लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद भी पार्टी की एक भी सीट नहीं निकल पा रही है।बसपा सुप्रीमो मायावती अपने सख्त एक्शन के लिए हमेशा से जानी जाती हैं। बुधवार (12 फरवरी) को भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ पर कार्रवाई कर नेताओं को एक बार फिर कड़ा संदेश दिया था कि पार्टी में अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी, फिर चाहे कोई कितना भी करीबी क्यों न हो।मायावती ने पार्टी से भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बाहर कर दिया था। मायावती की कार्रवाई का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब लोकसभा चुनाव के दौरान भतीजे आकाश आनंद ने सीतापुर में रैली के दौरान कुछ ऐसा भाषण दिया जो मायावती को नागवार गुजरा। इसके बाद उन्होंने अपने भतीजे पर ही कार्रवाई कर दी। पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद उनसे यह अधिकार वापस ले लिया।

**( वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार )**

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब, वजन को कम करेंगी ये तीन चीजें



> वजन को कम करने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते? हालांकि, आप नहीं जानते हैं कि आपकी किचन में रखी ये तीन चीजें वजन को कम करने में मदद करती है, तो चलिए आप कैसे अपना वजन को कम कर सकते हैं

खराब लाइस्टाइल और गलतखान के कारण आजकल लोगों में वेट लॉस की समस्या बढ़ती जा रही है। अनहेल्दी खानपान और तनाव के कारण लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में किचन में रखी 3 चीजें आपके शरीर का फैंट तुरंत गायब कर देंगी। पानी में मिला लीजिए ये 3 चीजें देखें कैसे फैट बर्न होता है। ये घरेलू नुस्खे न सिर्फ वजन घटाने में मदद करता है। आइए जानते है कैसे इन 3 चीजों से वेट लॉस किया जा सकता है।

### 1 नींबू पानी पिएं

क्या आप जानते हैं नींबू पानी से भी वजन घटाया जा सकता है? नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं। यह शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसलिए आप सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट करता है, जिससे कैलोरी को बर्न करने में मदद करता है। नींबू पानी पीने से पाचन दुरुस्त रखता है और यह भूख को कंट्रोल करता है।

#### कैसे बनाएं

एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू को निचोड़ें और इसमें शहद मिलाए। फिर इसको खाली पेट पिएं और रोजाना नींबू पानी पिएं।

### 2 शहद पानी

शहद एक प्रकार से नेचुरल स्वीटनर है, मीठा होने के साथ ही हेल्थ के लिए काफी बढ़िया रहता है। शहद में कई पोषक तत्व पाएं जाते है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। शहद का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जोकि फैट को बर्न करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद मिलाएं और इसे सुबह खाली पेट पिएं।

### 3 हल्दी पानी

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद करक्यूमिन शरीर की चर्बी को कम करने में मदद करता है। हल्दी पानी पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और फैट सेल्स को बर्न करता है। हल्दी पाचन तंत्र को मजबूत करता है और शरीर से टॉक्सिंस को बाहर करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले आप गुनगुने पानी में आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और इसे अच्छे घोल लें। इसे सुबह खाली पेट पिएं।

#### इन बातों का रखें ध्यान

- यदि आपको कोई एलर्जी और स्वास्थ्य समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह लें।
- अधिक मात्र में नींबू पानी और शहद पानी पीने से बचें, क्योंकि इससे एसिडिटी समस्या हो सकती है।
- हल्दी को कम मात्रा में ले। अधिक हल्दी के सेवन से पेट में गर्मी हो सकती है।

***डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारतीय राजनीति में बुद्धिमान नहीं वफादार होना जरूरी



**तनवीर जाफरी**

> पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बातचीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है, तो उनके पास 'विकल्प' हैं

> थरूर ने कहाः मेरे पास मेरी किताबें भाषण और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण है, थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं

इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाज़ार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीज़ें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बात. चीत करने के लिए निमंत्रण हैं। थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। इस ख़बर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी



अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जाएंगे? ख़ासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ़ किए जाने से इन क़यासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाक़ात की प्रशंसा की।

उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफ़ी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ़-35 लड़ाकू विमान को ख़रीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ़ यह कहकर की कि ये विमान काफ़ी क़ीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को ख़रीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस एफ 35 को एलन मस्क 'कबाड़' बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी ख़रीदने पर क्यों तुले हुए हैं। इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फ़ी पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'लंबे समय से रुकी हुई एफ़टीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है।' बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुए कहा कि-मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं।

उन्होंने कहा कि हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है। अगर आप किसी दूसरी पार्टी के विश्वास को नहीं अपना सकते तो उसके साथ जुड़ना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। वैसे भी जिस तरह 50 करोड़ की गर्ल फ़्रेंड कहकर शशि थरूर को लेकर अपमान जनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सार्वजनिक भाषण में की गई थी उसे देखकर भी नहीं लगता कि थरूर जैसा बुद्धिजीवी व संवेदनशील व्यक्ति कभी भाजपा में भी शामिल होगा।

परन्तु इन्हीं ख़बरों के बीच एक बार फिर इस बात पर भी बहस छिड़ गई है कि क्या राजनैतिक दलों में बुद्धिजीवियों की कोई महत्वपूर्ण भूमिका भी है? यदि थरूर के ही राज्य केरल में पिछले चुनावों के दौरान देखें तो भारत के एक प्रख्यात सिविल इंजीनियर, दिल्ली मेट्रो के निदेशक व पद्म तथा पद्म विभूषण जैसे अति प्रतिष्ठित सम्मानों के हासिल करने वाले ई श्रीधरन जिन्हें भारत के 'मेट्रो मैन' के रूप में भी जाना जाता है, को भाजपा द्वारा केरल का मुख्यमंत्री प्रचारित किया गया था। यह और बात है कि ई श्रीधरन स्वयं अपना चुनाव भी नहीं जीत सके। परन्तु क्या कोई जानता है कि आज ई श्रीधरन भाजपा में क्या भूमिका निभा रहे हैं? एक श्रीधरन ही नहीं भाजपा में ही लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर यशवंत सिन्हा व अरुण शौरी जैसे अनेक नेताओं का जो हर्ष भाजपा में हुआ और हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। क्या उनकी क़ाबलियत के अनुसार उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल किया गया? हां यदि एस जय शंकर,अश्वनी वैष्णव और हरदीप पुरी जैसे गिने चुने लोगों को ज़िम्मेदारियां दी भी गई हैं तो वे भी कितने स्वतंत्र हैं किसी से छुपा नहीं है। हां सत्ता प्रमुख, पूर्व नौकरशाह होने के नाते उनसे किसी तरह की 'ना' की उम्मीद तो कर ही नहीं सकते क्यों उन्होंने अपनी पूरी सेवा के दौरान केवल 'यस मिनिस्टर' ही तो कहा है ?

कमोबेश अधिकांश राजनैतिक दलों में यही स्थिति है। जहां पार्टी प्रमुखों को या आला कमान को बुद्धिजीवी, सलाह देने वाला, अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष नेताओं को कोई नेक सलाह देने वाला नेता नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति चाहिए जो उनके प्रति पूरी तरह वफ़ादार हो और हर सही व ग़लत बात में आला कमान की हां में हां मिलाने की 'सलाहियत' रखता हो। हां, इन्हीं राजनैतिक दलों में कई ऐसे अवसरवादी प्रवृति के 'समझदार' नेता भी मिल जाएंगे जो केवल अपने सुखद राजनैतिक भविष्य के कारण सभी परिस्थितियों में गुज़ारा करने में भी संतुष्ट रहते हैं। क्योंकि कभी इन्हें मंत्री बनाकर ख़ामोश कर दिया जाता है तो कभी राज्यपाल का पद नवाज़ कर सक्रिय राजनीति से दर. कनार कर दिया जाता है।

# डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने में होती है परेशानी

## समय पर इलाज बेहद जरूरी

खांसी और कफ की समस्या होने पर गले में दर्द होना आम बात है। कफ होने पर गले की मांसपेशियों पर दबाव पड़ने की वजह से गले में दर्द हो सकता है। वहीं मौसम में बदलाव होने की वजह से भी गले में खराश हो जाती है, जिससे गले में दर्द हो जाता है। मेडिकल की भाषा में इस समस्या को डिस्फेजिया कहा जाता है। इसमें गले की मांसपेशियों में खिंचाव आता है। यह समस्या होने पर कुछ भी खाने पर गले में दर्द होता है।

### डिस्फेजिया क्या है

यह एक ऐसी मेडिकल कंडीशन है, जिसमें खाना निगलने में परेशानी होती है। यह समस्या ठोस और पेय दोनों को निगलने में होती है। डिस्पैगिया में हमेशा गले में दर्द नहीं रहता है, लेकिन यह समस्या पर निर्भर करता है कि व्यक्ति को परेशानी कितनी है। वहीं अगर समय रहते इस समस्या को कंट्रोल नहीं किया जाता है, तो यह डिहाइड्रेशन, मालन्यूट्रिशन और निमोनिया का कारण बन सकता है।

### कितने प्रकार के होते हैं डिस्फेजिया

#### 1 ऑरोफरीन्जियल डिस्फेजिया

यह अक्सर गले को प्रभावित करने वाली मसल्स या न्यूरोलॉजिकल से जुड़ी समस्या हो सकती है। यह समस्या तब होती है, जब व्यक्ति द्वारा कुछ भी खाने या पीने पर खाना गले की नली से नीचे नहीं आ पाता है।

#### 2 एसोफेजियल डिस्फेजिया

एसोफेजियल डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने के बाद चिपकने या ग्रासनली में फंसने जैसा एहसास होता है। इसोफेगस से जुड़ी किसी भी परेशानी की वजह से यह समस्या हो सकती है।

#### 2 डिस्फेजिया के लक्षण

- खाने पर गले या सीने में खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- खाने के दौरान खांसी आना या फिर खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- रेस्पिरेटरी इंफेक्शन होना
- सलाइवा को निगलने में भी परेशानी होना
- कुछ भी खाने या पीने पर बाहर उगल देना

# डोनाल्ड ट्रम्प पर भारी पड़ा टैरिफ वॉर




- अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट
- गुस्साए कनाडा और चीन ने भी पलटवार करते हुए अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने का किया ऐलान

**वाशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद ही शुरू किए टैरिफ वॉर में घिरते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई है। अमेरिका का एस-पी 500 इंडेक्स 2 प्रतिशत तक गिर गया है। ट्रम्प ने मंगलवार से दोनों देशों पर टैरिफ लागू करने ऐलान किया है। इसके अलावा फरवरी में चीन पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ को बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। कनाडा और चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ का ऐलान किया है। कनाडा अगले 21 दिनों में 155 अरब डॉलर की अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। इसकी शुरुआत मंगलवार से 30 अरब डॉलर के आयात पर टैरिफ से होगी। चीन 10 मार्च से अमेरिका पर 10 प्रतिशत और 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अमेरिका के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे सोया, गेहूं, मक्का, कपास पर 15 प्रतिशत और पोर्क, बीफ, समुद्री खाद्य पदार्थ, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। ट्रम्प ने कहा कि यह टैरिफ अमेरिका के दो पड़ोसी देशों पर फेंटेनाइल (ड्रग) तस्करी रोकने और अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के मकसद से लगाए जा रहे हैं। ट्रम्प ने कनाडा से आयात होने वाले तेल और बिजली पर टैरिफ में छूट दी है।

अमेरिका इन पर सिर्फ 10 प्रतिशत टैरिफ ही लगाएगा। ट्रम्प ने फरवरी में कहा था कि कनाडा से होने वाले तेल के आयात में छूट दी सकती है। एनर्जी इन्फार्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर में अमेरिका ने कनाडा से हर दिन लगभग 46 लाख बैरल आयल और मेक्सिको से 5.63 बैरल आयल इम्पोर्ट किया। जबकि उस महीने में अमेरिका का एवरेज डेली प्रोडक्शन लगभग 1.35 करोड़ बैरल प्रतिदिन था। डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। ट्रम्प अप्रैल से इसे लागू करने का प्लान बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने 1 फरवरी को कनाडा-मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के लिए आदेश जारी किए थे। इसे 4 फरवरी से लागू होना था। बाद में ट्रम्प के साथ दोनों देशों के नेताओं ने बातचीत की। इसके बाद टैरिफ को अगले 30 दिनों के लिए टाल दिया गया था। अमेरिका में ड्रग तस्करी और अवैध प्रवासियों को घुसने से रोकने के लिए मेक्सिको ने अमेरिका बार्डर पर नेशनल गार्ड के 10 हजार सैनिकों को तैनात किया है। वहीं कनाडा ने फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए फेंटेनाइल जार को नियुक्त किया है। पीटरसन इंस्टीट्यूट फार इंटरनेशनल इकोनामिक्स और एल यूनिवर्सिटी की बजट लैब की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ का उसके नागरिकों पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अमेरिकी परिवारों को सालाना 1000 डॉलर यानी करीब 90 हजार रुपये अतिरिक्त खर्च करने होंगे। फोर्ड और वालमार्ट जैसी कंपनियां पहले ही टैरिफ की वजह से अपने बिजनेस पर नकारात्मक असर पड़ने की चेतावनी दे चुकी हैं। कार्नेल यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्री ईश्वर प्रसाद के मुताबिक टैरिफ से अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी और व्यापार प्रभावित होंगे। अमेरिका का कनाडा और मेक्सिको के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके तहत इन देशों के बीच होने वाले किसी भी तरह के आयात-निर्यात पर टैरिफ (शुल्क) नहीं लगता है। ट्रम्प ने अपने पिछले कार्यकाल में मेक्सिको और कनाडा के साथ नार्थ अमेरिका फ्री ट्रेड एग्रीमेंट NAFTA किया था। इन तीनों देशों ने 2023 में अमेरिका से 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 85 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का सामान खरीदा था। वहीं, 1.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की सामग्री बेची थी। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के टैरिफ वार का सबसे ज्यादा असर आटो सेक्टर, कृषि, टेक्नोलाजी, पार्ट्स-पुर्जे पर होगा। टैरिफ लगने के बाद इन चीजों की कीमत में इजाफा हो जाएगा। वहीं चीन 10 मार्च से अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाएगा जिसमें गेहूं पर 15 प्रतिशत के साथ ही गोमांस, फल, सब्जियों और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ शामिल है।

## चीन भी 19 अमेरिकी कंपनियों को करेगा ब्लैकलिस्ट



**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप सहित 10 अमेरिकी कंपनियों को देश की अविश्वसनीय इकाई सूची में जोड़ने और उनके खिलाफ कदम उठाने का फैसला किया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मंगलवार से चीन इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात और निर्यात गतिविधियों में शामिल होने से रोकेगा और इन कंपनियों को देश के भीतर नए निवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। चीन की ओर से जिन अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप, स्टिक रूडर एंटरप्राइजेज एलएलसी, टेलीडाइन ब्राउन इंजीनियरिंग, इंक, हंटिंगटन इंगॉल्स इंडस्ट्रीज इंक, एस 3 एयरोडिफेंस, क्यूबिक कॉर्पोरेशन, टेक्स्टऑर, एसीटी 1 फेडरल, एक्सोवेरा और प्लेनेट मैनेजमेंट ग्रुप शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों को बनाए रखने के लिए प्रासंगिक कानूनों तथा नियमों के अनुसार किया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन की कड़ी आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए, इन 10 कंपनियों ने हाल के वर्षों में या तो ताइवान को हथियारों की बिक्री की है या ताइवान के साथ तथाकथित सैन्य प्रौद्योगिकी सहयोग में शामिल रही हैं। प्रवक्ता ने कहा कि जवाब में, चीन ने इन संस्थाओं को विभिन्न कानूनों और नियमों के अनुसार जवाबदेह ठहराने का फैसला किया है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने हमेशा अपनी अविश्वसनीय इकाई सूची के मुद्दे को विवेकपूर्ण तरीके से संभाला है, केवल कुछ विदेशी संस्थाओं को लक्षित किया है जो चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि कानून का पालन करने वाली विदेशी संस्थाएं जो सद्भाव से काम करती हैं, उन्हें चिंतित होने की जरूरत नही है। चीनी सरकार हमेशा की तरह सभी देशों की कंपनियों का देश में निवेश और संचालन करने के लिए स्वागत करेगी और कानूनों और नियमों के अनुसार चीन में काम करने वाले विदेशी उद्यमों के लिए एक स्थिर, निष्पक्ष और अनुमानित कारोबारी माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## इजरायल ने युद्ध विराम समझौते के अगले चरण के लिए रखी शर्तें

**यरूशलम।** इजरायल ने जनवरी में लागू हुए संघर्ष विराम समझौते के अगले चरण में आगे बढ़ने के लिए गाजा पट्टी से विसैन्यीकरण और हमास के शासन की समाप्ति की मांग की है। यह जानकारी इजरायली विदेश मंत्री गिदोन ने मंगलवार को दी। गिदोन ने एक प्रेस ब्रीफिग में कहा कि हमारे पास दूसरे चरण पर कोई समझौता नहीं है। हम गाजा से पूरी तरह से विसैन्यीकरण की मांग करते हैं और हमास और इस्लामिक जिहाद को बाहर निकाल कर अपने बंधकों की वापसी की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमास इन मांगों पर सहमत हो जाता है तो हम कल ही समझौते को लागू कर सकते हैं। रविवार सुबह से गाजा में मानवीय सहायता रोकने के इजरायल के कदम का उल्लेख करते हुए दावा किया कि हमास द्वारा इस सहायता का उपयोग अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मानवीय आपूर्ति हमास के लिए बजट की सबसे बड़ी आय बन गई है और समूह की सैन्य क्षमताओं के पुनर्निर्माण का एक साधन बन गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि सहायता रोकने का उद्देश्य हमास पर युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते के पहले चरण को बढ़ाने के नए प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को सभी सैन्य मदद पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को दी जा रही सभी सैन्य सहायता अस्थाई रूप से निलंबित कर दी है और यह सहायता तब तक बहाल नही की जाएगी, जब तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह विश्वास नहीं हो जाता कि यूक्रेन शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्धता है। फॉक्स न्यूज ने व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने सोमवार को बताया कि ट्रम्प अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और यूक्रेन के खिलाफ कई उपायों पर विचार करेंगे तथा संभवतः उन्हें लागू करेंगे, जिसमें देश को सैन्य सहायता रोकना भी शामिल है। वाशिंगटन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और ट्रम्प के बीच शुक्रवार को ओवल ऑफिस में वार्ता पत्रकारों के सामने उनकी आपसी कहासुनी के बाद विफल हो गई। इस कहासुनी के बाद जेलेंस्की की अमेरिकी मदद के प्रति कृतज्ञता की कमी और व्हाइट हाउस में अपमानजनक व्यवहार के लिए आलोचना की। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ हस्ताक्षर को रद्द कर दिया, जिसे पहले ही यूक्रेनी सरकार ने मंजूरी दे दी थी, कहा कि यूक्रेनी नेता का व्हाइट हाउस में तब तक स्वागत नहीं किया जाएगा जब तक कि वह शांति के लिए तैयार नहीं हो जाए।

## किम जोंग की बहन ने दी ट्रम्प को धमकी



### किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने को बताया सैन्य उकसावे की कार्रवाई

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग अकसर अमेरिका को धमकियां देते रहते हैं। फिर से अमेरिका को उत्तर कोरिया से ध्मकी मिली हैं, पर इस बार यह चेतावनी किम जोंग की ओर से नहीं, बल्कि उनकी बहन किम यो जोंग की ओर से दी गई है।

किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने कों सैन्य उकसावे की कार्रवाई करार दिया है। साथ ही कहा है कि इस तरह की कार्रवाइयां उत्तर कोरिया के निरंतर परमाणु विस्तार को ठीक ठहराती हैं। अमेरिका ने दक्षिण कोरियाई बंदरगाह बुसान में USS कार्ल विंसननिमित्ज् श्रेणी का एयरक्रिाफ्ट भेजा है, जिसके बाद एक बार दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है।

किम जोंग की बहन ने इस कदम को टकराव की व्यापक नीति का हिस्सा बताया है। किम यो जोंग ने एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती को अमेरिका और उसके पिट्ठुओं का टकराव उन्माद कहा। उन्होंने पहले भी इसी तरह के बयान दिए हैं, जिसमें उन्होंने दक्षिण कोरिया के लाइव-फायर अभ्यासों को आत्मघाती उन्माद कहा है।

किम यो जोंग ने यह भी कहा कि उत्तर कोरिया जंग भड़काने की इस तरह के कार्रवाइयों को रणनीतिक स्तर पर उठाएंगा और इसकी जांच करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां उत्तर कोरियां के सुरक्षा को खतरे में डालती हैं। अमेरिका लगातार उत्तर कोरिया के दुश्मन दक्षिण कोरियां की मदद कर रहा है और उसको सैन्य सहयोग दे रहा है। इस बीच दक्षिण कोरियाई नौसेना ने इस तैनाती को ताकत का रणनीतिक प्रदर्शन बताया है, जो बढ़ते क्षेत्रीय तनाव को दर्शाता है। यह देखना अभी बाकी है कि किम जोंग उन खुद इस ताजा घटनाक्रम पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

## धर्म गार्जियन में हिस्सा ले रहे भारत-जापान के सैनिक



**नई दिल्ली।** भारत और जापान के सैनिक जापान के पूर्वी फूजी में संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्जियन में पूरे जोश के साथ हिस्सा लेते हुए युद्ध और संचालन अनुभवों को साझा कर रहे हैं। सेना के अनुसार दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास का यह छठा संस्करण है। नौ मार्च तक चलने वाला यह अभ्यास भारत और जापान के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के साथ साथ परस्पर तालमेल और व्यापक प्रशिक्षण गतिविधियों को बढावा देगा। इस अभ्यास का मुख्य फ़ोकस शहरी इलाकों में आतंकवाद रोधी अभियानों पर है। दोनों देशों के सैनिक अपनी रणनीति को परिष्कृत और जटिल शहरी परिस्थितियों में संचालन क्षमता में सुधार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यास में सिम्युलेटिड संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान भी शामिल हैं जिन्हें वास्तविक स्थितियों के आधार प डिज़ाइन किया गया है। जैसे-जैसे अभ्यास आगे बढ़ रहा है दोनों पक्ष सामरिक अभ्यासों की एक श्रंखला में भाग ले रहे हैं और युद्ध के अनुभवों को साझा कर रहे हैं, परिचालन क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं और गहन सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। इन गतिविधियों को अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय और जापानी सेना भविष्य के शांति या मानवीय मिशनों में सहज रूप से सहयोग कर सकें। सामरिक प्रशिक्षण से इतर धर्म गार्जियन अभ्यास भाग लेने वाले सैनिकों के बीच सांस्कृतिक समझ बनाने और सौहार्द को बढ़ावा देने पर जोर देता है। दोनों देशों के सैनिकों को अपनी-अपनी सांस्कृतिक विरासतों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है, जिससे दोस्ती और आपसी सम्मान के बंधन को मजबूत करने में मदद मिली है। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों सेनाओं के बीच स्थाई संबंध विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभ्यास दोनों सेनाओं के लिए एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। इससे भविष्य के संयुक्त अभियानों में मदद मिलेगी। भारतीय और जापानी सशस्त्र बलों के बीच सहयोग न केवल उनकी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108